राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

HOCKEY INDIA

# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 267, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली बुधवार 10 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334


**मुख्य अपडेट**


हर कार्यकर्ता केजरीवाल बनकर उनका संदेश लेकर जा रहा घर-घर : गोपाल राय .... पेज 03

कांग्रेस तुष्टिकरण के दलदल से नहीं निकल सकती : मोदी, आज देश में जिस नारी शक्ति की .... पेज 05

अंतर्राष्टीय हॉकी खिलाड़ी देने वाली कोच प्रतिमा बरवा को खिलाड़ियों ने दिया सम्मान पूर्वक .... पेज 07


## प्रत्याशियों को हर चल संपत्ति की जानकारी देने की जरूरत नहीं

**कोर्ट ने कहा कि उम्मीदवारों की भी निजता होती है और अगर उनकी कोई संपत्ति का वोटिंग से लेना-देना नहीं है तो इसके बारे में बताना भी जरूरी नहीं है**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को उनकी हर संपत्ति की जानकारी देना जरूरी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि उम्मीदवारों की भी निजता होती है और अगर उनकी कोई संपत्ति का वोटिंग से लेना-देना नहीं है तो इसके बारे में बताना भी जरूरी नहीं है। हालांकि ध्यान रखने की जरूरत है कि वह संपत्ति विलासितापूर्ण ना हो और उसकी कीमत बहुत ज्यादा ना हो। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला 2019 में अरुणाचल प्रदेश विधानसभा में तेजी सीट से निर्दलीय विधायक कारिखो क्रि के चुनाव को बरकरार रखते हुए सुनाया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उम्मीदवारों और उनके परिवार के सदस्यों को हर चल संपत्ति का ब्यौरा देने की जरूरत नहीं है जबतक कि वह बहुत कीमती या फिर विलासितापूर्ण ना हो। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने कहा कि गौहाटी हाई कोर्ट का वह फैसला खारिज कर दिया जिसमें कारिखो क्रि के चुनाव को अमान्य करार दे दिया गया था।

याचिका में कारिखो क्रि के विरोधी ने दावा किया था कि कारिखो क्री ने चुनाव से पहले अपनी पत्नी के तीन वाहनों की जानकारी नहीं दी थी जिससे चुनाव पर अनुचित प्रभाव पड़ा। वहीं कोर्ट ने कहा कि चुनाव से पहले ही ये वाहन या तो गिफ्ट में दे दिए गए थे या फिर बेच दिए गए थे। ऐसे में ये वान अब क्रि के परिवार के स्वामित्व में नहीं हैं। बता दें कि 2019 के विधानसभा चुनाव में कारिखो क्रि तेजू सीट से निर्दलीय विधायक चुने गए थे।

चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी नुने तायांग ने क्रि के चुनाव को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका फाइल की थी। उन्होंने तेजू सीट से क्रि के चुनवा को रद्द करने की मांग की थी। हाई कोर्ट ने चुनाव को रद्द भी कर दिया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने अब फैसला सुनाया है कि वोटर को प्रत्याशी की हर संपत्ति के बारे में जानने का अधिकार नहीं है।



**गुड़ी पड़वा**



मुंबई में गुड़ी पड़वा /मराठी नव वर्ष के उपलक्ष्य में पारंपरिक पोशाक पहने महिलाएं जुलूस में भाग लेती हुई।

## छत्तीसगढ़ में बस खाई में गिरी, 6 की मौत

**15 घायल, 7 की हालत गंभीर; भिलाई की केडिया डिस्टलरी से कर्मचारी लौट रहे थे रायपुर**

रायपुर। छत्तीसगढ़ में रायपुर-दुर्ग रोड पर मंगलवार रात कर्मचारियों से भरी बस 50 फीट गहरी खाई में गिर गई।

हादसे में 6 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 14 लोग घायल हैं। इनमें 5 की हालत गंभीर है। मृतकों में 2 महिलाएं भी शामिल हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। राहत और बचाव कार्य जारी है।

जानकारी के मुताबिक, हादसा कुम्हारी में खपरी रोड पर मुरुम खदान में हुआ है। केडिया डिस्टलरी के कर्मचारी प्लांट से बस में सवार होकर लौट रहे थे। हादसे के दौरान बस में 40 लोग सवार थे। घायलों को रायपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। टॉर्च और मोबाइल के फ्लैश लाइट से रेस्क्यू का काम चल रहा है। कुम्हारी, छावनी, भिलाई 3 और सीएसपी सहित रायपुर से भी पुलिस फोर्स पहुंची ।



## सांसद हेमा मालिनी पर टिप्पणी के लिए सुरजेवाला को चुनाव आयोग का नोटिस

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने कांग्रेस के नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को चुनाव प्रचार में भाजपा सांसद हेमा मालिनी के विरुद्ध उनकी विवादास्पद टिप्पणी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आयोग ने श्री सुरजेवाला की टिप्पणी को प्रथम दृष्टया अशोभनीय, अभद्र, असभ्य और आदर्श आचार संहिता के विरुद्ध मानते हुए यह नोटिस दिया है। श्री सुरजेवाला को इस नोटिस का जवाब 11 अप्रैल, 2024 को शाम पांच बजे तक देने को कहा गया है। आयोग ने इस संबंध में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अलग से पत्र लिखा है जिसमें उनको सार्वजनिक वक्तव्य में मार्यादाओं का ध्यानरखने के बारे में आयोग द्वारा राजनीतिक दलों के नेतृत्व को भेजे गए 1 मार्च, 2024 के परामर्श पत्र की याद दिलायी गयी है। आयोग को भाजपा की लोक सभा सदस्या के विरुद्ध हरियाणा में प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता की सार्वजनिक टिप्पणी के खिलाफ पांच अप्रैल को भाजपा की ओर से शिकायत मिली थी। इसमें उनकी टिप्पणी को स्त्री सम्मान के प्रतिकूल, अभद्र , अनैतिक तथा चुनाव आयोग की आदर्श संहिता तथा राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार और सार्वजनिक टिप्पणी में शिष्टाचार बरतने के संबंध में आयोग के निर्देशों के विरुद्ध बताया गया है ।

**नैनीताल में बड़ा हादसा, गहरी खाई में गिरा वाहन**

## सात नेपालियों सहित आठ लोगो की मौत

नैनीताल। उत्तराखण्ड के नैनीताल जिले में एक बड़ा हादसा हो गया है। जिले के बेतालघाट में यात्रियों से भरा एक वाहन खाई में गिर गया। घटना में सात नेपालियों सहित आठ लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी। मृतक वाहन से यात्रा कर रहे थे। बेतालघाट पुलिस स्टेशन के एसएचओ अनीश अहमद ने बताया, सूचना मिलते ही हम मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की मदद से बचाव अभियान शुरू किया। इसमें दो घंटे लग गए क्योंकि वहां अंधेरा था और खाई गहरी थी। हादसे में सात नेपालियों और ड्राइवर की मौत हो गई।

स्टेशन हाउस ऑफिसर अहमद ने बताया कि घटनास्थल नैनीताल जिला मुख्यालय से लगभग 60 किमी दूर है। नैनीताल जिले के बेतालघाट थाने के ऊंचाकोट गांव में नेपाली मजदूर जल जीवन मिशन के तहत काम कर रहे हैं। काम खत्म होने पर नौ नेपाली मजदूर अपने घर जा रहे थे। उन्होंने इसके लिए सोमवार देर शाम रामनगर होते हुए चंपावत जिले के टनकपुर के लिए वाहन बुक किया। रात करीब 10.30 बजे जब वाहन कुछ मीटर आगे बढ़ा तो बसकोट गांव निवासी चालक राजेंद्र कुमार (38) का वाहन से नियंत्रण खो दिया और वाहन 200 मीटर खाई में जा गिरा।

एसएचओ ने बताया कि घटना का पता चलने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को इसकी सूचना दी। उन्होंने कहा, मैं एसडीआरएफ टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। अहमद ने कहा, सात नेपालियों और ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मारे गए नेपालियों की पहचान विश राम (50), धीरज (45), अनंत राम चौधरी (40), विनोद चौधरी (38), उदय राम चौधरी (55), तिलक राम चौधरी (45) और गोपाल (60) के रूप में हुई है। दो नेपाली शांति चौधरी और छोटू चौधरी को हादसे में चोटें आई हैं। सभी नेपाली मजदूर एक ठेकेदार के अधीन काम कर रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को एसडीआरएफ टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेतालघाट पहुंचाया जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया गया।



## दिल्ली हाई कोर्ट ने केजरीवाल को नहीं दी राहत, याचिका की खारिज

**एकल पीठ ने कहा कि केजरीवाल व्यक्तिगत तौर पर उस नीति को बनाने और रिश्वत मांगने में भी कथित तौर पर शामिल थे**

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति-2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उनकी हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने केजरीवाल की याचिका पर अपना फैसला सुनाते हुए ईडी द्वारा उन्हें (केजरीवाल) गिरफ्तार करने और फिर विशेष अदालत के निर्देश पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में भेजने के आदेश को वैध ठहराते हुए इस मामले में हस्तक्षेप करने से स्पष्ट तौर पर इनकार कर दिया।

उच्च न्यायालय की एक पीठ ने कहा कि ईडी की ओर से अदालत के समक्ष पेश दस्तावेजों से प्रथम दृष्ट्या पता चलता है कि आरोपी केजरीवाल उक्त आबकारी नीति तैयार करने की साजिश रचने में शामिल थे और इस रची गई साजिश से प्राप्त आय का उन्होंने इस्तेमाल किया है।

एकल पीठ ने कहा कि केजरीवाल व्यक्तिगत तौर पर उस नीति को बनाने और रिश्वत मांगने में भी कथित तौर पर शामिल थे। उच्च न्यायालय ने इससे पहले तीन अप्रैल को दोनों पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। केजरीवाल ने केंद्रीय एजेंसी द्वारा अपनी गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया था।

उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी गिरफ्तारी लोकतंत्र, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और समान अवसर सहित संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन है। इसलिए उनकी गिरफ्तारी को अवैध घोषित किया जाना चाहिए।



## ईडी ने चेन्नई में मादक पदार्थ तस्करों के कई ठिकानों पर मारे छापे, पांच गिरफ्तार

चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने मंगलवार को तमिलनाडु के चेन्नई में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के कई ठिकानों पर छापे मारे, जिसके तार द्रविड़ मुनेत्र कषगम् (द्रविड़) के पूर्व पदाधिकारी एवं तमिल फिल्म निर्माता जफर सादिक से जुड़े हुए हैं। नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने इस रैकेट के मास्टरमाइंड सादिक और चार अन्य को गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने बताया कि सादिक और उनके सहयोगियों के आवासों तथा कार्यालय परिसर सहित आसपास के करीब 25 स्थानों पर छापे मारे गये। फिल्म निर्माता एवं अभिनेता अमीर के परिसर पर भी छापे मारे गये क्योंकि तस्करी में उनका भी नाम आया है। एनसीबी ने उनसे पिछले सप्ताह पूछताछ की थी। एनसीबी ने गिरोह पर छापे में पाया कि फरवरी में मल्टी ग्रेन मिक्स और नारियल के बुरादे की आड़ में करीब दो हजार करोड़ रुपये के मादक पदार्थों की तस्करी विदेश में की गयी। एनसीबी ने बताया कि उसके तीन सहयोगियों के गिरफ्तार होने के बाद सादिक तीन सप्ताह से छिपा हुआ था, लेकिन कड़ी मेहनत के बाद पिछले महीने उसे जयपुर के एक होटल से गिरफ्तार करने में कामयाबी मिल गयी।



### दूसरे चरण में 1206 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

नयी दिल्ली । लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1206 उम्मीदवारों के साथ बाहरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र से चार उम्मीदवार अपना भाग्य आजमायेंगे। इस चरण में 88 संसदीय क्षेत्रों के लिए कुल 2633 नामांकन दाखिल किए गए थे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद 1428 नामांकन वैध पाए गए। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि आठ अप्रैल के बाद अब 1206 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। केरल में 20 संसदीय क्षेत्रों से सबसे अधिक 500 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। दूसरे नंबर पर कर्नाटक में 14 संसदीय क्षेत्रों से 491 नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

## टीएमसी सांसदों का सेंट्रल एजेंसीज के खिलाफ धरना जारी

**ईडी, सीबीआई और एनआईए के डायरेक्टर्स को हटाने की मांग पर अड़े, आप का समर्थन**

एजेंसी

नई दिल्ली । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के सांसद और विधायक 8 अप्रैल को चुनाव आयोग के ऑफिस के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। दिल्ली पुलिस इन्हें हिरासत में लेकर कल ही रिहा कर दिया था। हालांकि इनका प्रदर्शन अब मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन के बाहर ही जारी है।

कल 10 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल इलेक्शन कमिश्नर से मिलने पहुंचा था। इसके बाद सभी धरने पर बैठ गए। टीएमसी सांसदों और विधायकों की मांग है कि चुनाव आयोग ईडी, सीबीआई एनआईए और इनकम टैक्स के डायरेक्टर्स को फौरन हटाए। आम आदमी पार्टी ने टीएमसी की मांग का समर्थन किया है।

दिल्ली सरकार के मंत्री और क्नेता सौरभ भारद्वाज मंगलवार को मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन पहुंचे और टीएमसी नेताओं से बातचीत कर उनकी मांगों का समर्थन किया। उन्होंने कहा- चुनाव की घोषणा हो चुकी है और कोड ऑफ कंडक्ट भी लागू हो चुका है। लेकिन विपक्षी नेताओं के खिलाफ एजेंसियों की कार्रवाई जारी है। यह जानबूझकर किया जा रहा है।

टीएमसी नेता सागरिका घोष ने कहा- केंद्रीय जांच एजेंसियां भाजपा की एजेंसी जैसी काम कर रही हैं। हम उनके काम करने के तरीके का विरोध कर रहे हैं। हमने चुनाव आयोग से मिलकर मांग रखी है कि वे चुनाव प्रक्रिया के दौरान इस तरह की कार्रवाई पर रोक लगाए।



**एनकाउंटर**

**उत्तराखंड से यूपी आ रहा था बिट्टू; एसटीएफ ने घेरा तो फायरिंग की; मुठभेड़ में लगी गोली**

## नानकमत्ता डेरा प्रमुख हत्याकांड का शूटर एनकाउंटर में मारा गया

हरिद्वार। उत्तराखंड के नानकमत्ता डेरा के प्रमुख जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की हत्या का मुख्य आरोपी शार्प शूटर अमरजीत उर्फ बिट्टू एनकाउंटर में मारा गया। 28 मार्च की सुबह डेरे में तरसेम सिंह की हत्या कर दी गई थी।

डीजीपी उत्तराखंड अभिनव कुमार ने बताया कि सोमवार देर रात उत्तराखंड पुलिस और एसटीफ को सूचना मिली थी कि बिट्टू अपने साथी के साथ उत्तराखंड से क्भागने की फिराक में है। वह सहारनपुर की तरफ जा रहा है। इस इनपुट पर एसटीएफ-पुलिस ने भगवानपुर क्षेत्र में उसकी घेराबंदी की। मगर, आरोपी ने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में बिट्टू को गोली लगी। पुलिस उसे सिविल अस्पताल रुड़की ले गई। वहां उसकी मौत हो गई। बिट्टू का एक साथी मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है।

रविवार को एसएसपी उधमसिंह नगर मंजूनाथ टीसी ने तरसेम सिंह हत्याकांड के दोनों आरोपी बिट्टू और सरबजीत सिंह पर इनाम की राशि 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख कर दी थी। इससे पहले पुलिस ने हत्याकांड की साजिश में शामिल 3 आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार किया था।

आरोपियों की पहचान यूपी के पीलीभीत निवासी परगट सिंह और उत्तराखंड के बाजपुर निवासी जसपाल सिंह भट्टी और सुखदेव सिंह गिल उर्फ सोनू के रूप में हुई थी। हत्याकांड में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा जा चुका है। हालांकि, आरोपियों ने तरसेम सिंह की हत्या क्यों की थी ? इसकी वजह अब तक सामने नहीं आ पाई है।

### डेरे के अंदर घुसकर मारी थी गोली

28 मार्च की सुबह तरसेम सिंह डेरे के अंदर मेन गेट के सामने कुर्सी पर बैठे थे। वे मोबाइल देख रहे थे। तभी अचानक बाइक से 2 पगड़ीधारी पहुंचे। 3 सेकेंड के अंदर बाबा को 2 गोली मारकर फरार हो गए। डेरे के लोग तरसेम सिंह को खटीमा अस्पताल लेकर गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हत्याकांड की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया गया था। इस घटना का सीसीटीवी भी सामने आया था। इसमें तरसेम सिंह कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे थे, तभी बाइक पर 2 बदमाश आए। उन्होंने तरसेम सिंह के पास पहुंचते ही बाइक रोकी और उन्हें राइफल से सीने में गोली मार दी।



## ग्यारह लाख रुपए के तीन इनामी सहित नौ नक्सली गिरफ्तार

सुकमा। छत्तीसगढ़ की सुकमा पुलिस ने ग्यारह लाख रुपए के तीन इनामी सहित नौ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने आज बताया कि नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर ऑपरेशन पर निकले सीआरपीएफ 208, कोबरा 212, 217 बटालियन सहित डीआरजी के जवानों ने घेराबंदी कर कल इन नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार 8 लाख का इनामी नक्सली सुखराम उर्फ माड़वी आयत, सीएनएम सदस्य एकलमु देवे पर एक लाख का इनामी, सोढ़ी आयत दो लाख का इनामी सुकमा जिले कई बड़े नक्सली हमले में शामिल रहे हैं। नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में जवानों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। जवानों ने नक्सलियों के हथियारों और विस्फोटक सामग्री का जखीरा बरामद किया है। तोंड़ारमाक कैम्प से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित पहाड़ी की गुफा में नक्सलियों द्वारा भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामान छुपा रखा था और आगामी लोकसभा चुनाव में नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से कुछ तैयारी चल रही थी, लेकिन इसकी भनक सुरक्षा बलों को लगी और ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में हथियारों और विस्फोटक सामग्रियों का जखीरा बरामद किया, जिसकी पुष्टि एसपी किरण चव्हाण ने करते हुए कहा कि नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाब कर दी गई और आगामी दिनों में ऑपरेशन और तेज कर दिए जाएंगे।



गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
बुधवार 10 अप्रैल 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### कांग्रेस ने झूठे वादे कर तेलंगाना की जनता को धोखा दिया : किशन रेड्डी

हैदराबाद। केंद्रीय मंत्री एवं तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने कांग्रेस पर झूठी गारंटी के साथ तेलंगाना की जनता को धोखा देने का आरोप लगाया है। रेड्डी ने मंगलवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में नलगोंडा और जहीराबाद के दिग्गज नेताओं को शामिल करने के दौरान संवाददताओं से कहा कि तेलंगाना को बड़े संघर्षों के माध्यम से राज्य का दर्जा मिला है, जबकि पिछले एक दशक में केसीआर परिवार द्वारा निहित स्वार्थ और लाभ के लिए इसका भरपूर शोषण किया गया है। उन्होंने अफसोस जताया, कांग्रेस पार्टी अब सत्ता में आ गई है, क्योंकि चोर चले गए हैं। हालांकि राज्य की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। रेड्डी ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के नौ दिसंबर को दो लाख रुपये तक के फसली ऋण माफ करने के वादे का जिक्र करते हुए कहा कि इस वादे को पूरा करने में कोई प्रगति नहीं हुई है। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पिछली गारंटियों के कार्यान्वयन के लिए कोई समयसीमा प्रदान किए बिना थुक्कुगुडा में नए वादे किए हैं। श्री रेड्डी ने कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) दोनों पार्टियों पर एक जैसे डीएनए होने का आरोप लगाया और दावा किया कि जहां कांग्रेस नेहरू परिवार की एक शाखा है, वहीं बीआरएस केसीआर परिवार की एक शाखा है।

### मणिपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 'साजिबू नोंगमा पनबा चेइराओबा'

इम्फाल। मणिपुर में मंगलवार को नववर्ष 'साजिबू नोंगमा पनबा चेइराओबा' पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह दिवस पुराने साल के अंत और नये साल के आरंभ का प्रतीक है। मणिपुरी साजिबू महीने के पहले दिन, लोगों ने शांतिपूर्ण नये साल की कामना करते हुए भगवान को भोजन सामग्री और सब्जियों का प्रसाद चढ़ाया। मणिपुर में चल रहे संकट के कारण इस अवसर पर आयोजित सभी समारोह और मनोरंजन के कार्यक्रम रद्द कर दिए गये हालाँकि, लोग प्रार्थना करने के लिए निकटतम पहाड़ी मंदिर तक गये। राज्यपाल अनुसुइया उइके ने अपने संदेश में लोगों से अपने मतभेदों को दूर करके एक सामान्य लक्ष्य के लिए काम करने और बेहतर मणिपुर के निर्माण की दिशा में प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने सभी से अपनी दोस्ती के बंधन को मजबूत करने के लिए खुद को फिर से समर्पित करने को कहा ताकि जाति, पंथ, भाषा और धर्म में मतभेदों के बावजूद सभी समुदाय भाई-बहन के रूप में एकजुटता के साथ रह सकें। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि यह त्योहार पिछले वर्ष के अंत और नए साल की शुरुआत का प्रतीक है, और आशा व्यक्त की कि साजिबू नोंगमा पनबा चेइराओबा का आगमन सभी को अपने सपनों को हकीकत में तथा प्रयासों को उपलब्धियों में बदलने के लिए सकारात्मकता एवं उत्साह से भर देगा।

### फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम को ईडी ने गिरफ्तार किया

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम को ईडी ने आज गिरफ्तार किया है। ईडी कोर्ट के आदेश के बाद फिर से ईडी मंगलवार को सद्दाम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। दरअसल ईडी ने सद्दाम को पहले ही एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पेशी के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट से आग्रह किया कि आरोपित से सात दिनों तक पूछताछके लिए रिमांड की अनुमति दी जाये। इसका आरोपित की अधिवक्ता स्नेह सिंह ने विरोध किया।इसके बाद अदालत ने चार दिनों की रिमांड की मंजूरी दी है।मोहम्मद सद्दाम से अब ईडी आज से 12 अप्रैल तक ईडी पूछताछ करेगी। ईडी ने मोहम्मद सद्दाम के ठिकाने पर पिछले वर्ष छापेमारी की थी, उस दौरान ईडी ने लगभग 36 जमीन के डीड बरामद किए थे। यह सभी डीड रांची के अलग-अलग इलाकों में स्थित जमीन के थे। उल्लेखनीय है कि बड़गाई अंचल के 8.5 एकड़ जमीन घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भानु प्रताप प्रसाद, आर्किटेक्ट विनोद सिंह, हिलेरियस कच्छप एवं राजकुमार पाहन के खिलाफ ईडी की टीम ने चार्जशीट दाखिल किया था।

### नौ दिनों से लापता महिला का शव बरामद

अजमेर। राजस्थान में अजमेर से एक अप्रैल को जयपुर-उदयपुर इंटरसिटी रेलगाडी से उदयपुर के लिये निकली अजमेर निवासी महिला का शव आज नौवें दिन भीलवाड़ा के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के पास पुलिया से बरामद किया गया। अजमेर में लापता महिला के परिजनों ने अजमेर जीआरपी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। उसके बाद से ही पुलिस महिला के लापता होने की गुत्थी सुलझाने में जुटी थी। अजमेर पहुंची जानकारी के मुताबिक अजमेर से उदयपुर ट्रेन से जाते समय भीलवाड़ा के बाद लापता हुई अजमेर की महिला रेखा बोहरा (42) पत्नी संजय बोहरा की बनास नदी की पुलिया के पास शव मिला है। बताया जा रहा है कि पुलिस को सुबह सूचना मिली कि एक महिला का शव पुलिया के पास पड़ा है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां पांच दिन पुराना शव होना बताया जा रहा है। पुलिस को जानकारी करने पर यह पता लगा कि यह ट्रेन से लापता हुई महिला का शव है। पुलिस ने मृत महिला के परिजनों को सूचना दी। मौके पर मृतका का आधार कार्ड, कपड़े और चप्पल भी मिले हैं, जिसके जरिये शिनाख्त हुई। उल्लेखनीय है कि मृतका रेखा बोहरा के लापता होने की प्राथमिकी उनके जेठ सुनील बोहरा ने दर्ज कराई थी। मृतका एक अप्रैल को जयपुर-उदयपुर इंटरसिटी ट्रेन के कोच संख्या सी-1 की बर्थ संख्या-9 पर सफर कर रही थी कि भीलवाड़ा के बाद से लापता हो गयी।

### एसीबी के पूर्व डीजीपी बीएल सोनी हुए भाजपा में शामिल

जयपुर। राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति एवं रीति से प्रभावित होकर लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने का सिलसिला जारी है और मंगलवार को यहां भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के पूर्व महानिदेशक बी एल सोनी भाजपा में शामिल हो गए। सोनी ने भाजपा कार्यालय में ज्वाइंनिंग कमेटी के संयोजक डा अरूण चतुर्वेदी की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने सोनी को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर डा चतुर्वेदी ने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में देश 2047 के विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। उनके दस साल के कार्यकाल में योजनाएं धरातल पर पहुंची और विकास के काम तेजी से हुए। ऐसे में विश्व की सबसे बड़ी पार्टी से जुड़ने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद सोनी ने मोदी और भाजपा की नीतियों को विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए अहम बताया और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर आरोप लगाते हुए कहा कि निजी एंव राजनैतिक स्वार्थ के चलते प्रदेश के लाखों युवाओं के साथ कुठाराघात किया गया है। प्रदेश में नाथी के बाडे और सांचौर की पाठशाला की चर्चा जोरों से चलने लगी।

### मुर्मु आज करेंगी होम्योपैथिक सम्मेलन का उद्घाटन

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बुधवार को होम्योपैथी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी जिसमें देश विदेश के विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि मुर्मु विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर नयी दिल्ली में दो दिवसीय वैज्ञानिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। सम्मेलन का विषय 'अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ाना: एक होम्योपैथिक सम्मेलन' होगा। सम्मेलन का उद्देश्य नैदानिक अभ्यास और स्वास्थ्य कार्यक्रमों में साक्ष्य-आधारित वैज्ञानिक उपचार को बढ़ावा देना, अनुसंधान-आधारित चिकित्सा विज्ञान में होम्योपैथिक को सक्षम बनाना, व्यक्तिगत, सुरक्षित तथा विश्वसनीय स्वास्थ्य देखभाल के लिए आबादी की जरूरतों को पूरा करने वाला स्वास्थ्य देखभाल केंद्र बनाना और होम्योपैथिक चिकित्सा को समृद्ध करना है। सम्मेलन में आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, आयुष मंत्रालय के सीसीआरएच के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक रऔर होम्योपैथी में पद्म पुरस्कार विजेता सम्मेलन में मौजूद रहेंगे।

# 10 हजार किलो नकली तंबाकू के साथ 6 अरेस्ट

## दिल्ली में बनाकर कर्नाटक और केरल में थी सप्लाई; आलू की बोरियों की लेते थे आड़

एजेंसी

नोएडा। स्वाट-2 टीम व थाना सेक्टर-126 पुलिस ने संयुक्त रूप से अंतरराज्यीय प्रतिबंधित राज्यों में नकली तम्बाकू की तस्करी करने वाले 06 तस्करों को जेपी कट पुश्ता रोड से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 138 बोरों में करीब 10 हजार किलो नकली तंबाकू बरामद किया गया।






ये लोग आलू की बोरियों की आड़ लेकर नकली तंबाकू की सप्लाई करते थे। जिस ट्रक को पकड़ा गया उसमें 16 बोरी आलू भी मिला जिससे इन लोगों ने तंबाकू की बोरियों को ढका था। पुलिस ने एक ट्रक और एक मारुति XL6 के साथ 61,560 रुपए बरामद किए है।

डीसीपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि ये तंबाकू प्रतिबंधित राज्यों जैसे केरल और कर्नाटक में सप्लाई किया जाता था। इसलिए इस तंबाकू को दो गुना रेट पर ब्लैक किया जाता था। पकड़े गए तंबाकू की लागत करीब 2 करोड़ रुपए है।

गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान मनोज निवासी प्रतापगढ उप्र, रमेश भट्टी निवासी बैंगलोर, सैय्यद जबी उल्ला निवासी बंगलौर राज्य कर्नाटक, परम निवासी वजीराबाद दिल्ली, शिवम जैसवाल जिला प्रतापगढ़ और जाकिर हुसैन निवासी बंगलौर (कर्नाटक) को गिरफ्तार किया गया।

### तीन गुना दाम पर बेचते थे नकली तंबाकू

पूछताछ में इन तस्करों ने बताया कि नकली तम्बाकू को विकास उर्फ चाचा निवासी जगतपुर दिल्ली से खरीदकर ऐसे राज्यों में ले जाकर बेचे है।

जहां पर तम्बाकू की बिक्री प्रतिबंधित है। इस प्रकार से तम्बाकू को लगभग 03 गुना कीमत में बेचा जाता है। डीसीपी ने बताया कि साउथ में हंस छाप तंबाकू बड़ा ब्रांड है।

इसलिए ये लोग इस ब्रांड की नकली रैपिंग का प्रयोग करते थे।

### दिल्ली के वजीराबाद में थी फैक्ट्री

डीसीपी ने बताया कि ये लोग दिल्ली के वजीराबाद के इंडस्ट्रियल एरिया में एक फैक्ट्री में नकली तंबाकू बनाते थे।

उन्होंने बताया कि असली तंबाकू में कई प्रकार के केमिकल डाले जाते है लेकिन ये चूने से तंबाकू बनाकर उसे ब्रांडेड कंपनी के नकली रैपिंग में भरकर तस्करी करते थे।

### कापी राइट एक्ट के तहत भी कार्यवाही

एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि केरल में कंपनी हंस छाप ब्रांड ने कापी राइट करवा रखा है। इसलिए तस्करों पर कॉपी राइट एक्ट के तहत भी कार्यवाही की जा रही है। खास बात ये है कि ट्रक के साथ एक कार भी चलती थी। ये कार नेविगेशन का काम करती थी। रास्ते में कोई बाधा या चेकिंग की जानकारी ट्रक ड्राइवर को बताती थी। ताकि ये सावधानी से वहां से ट्रक को पास कर सके।

### युवती से झगड़ा होने के बाद युवक ने पंखे से लटककर की आत्महत्या

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी सोसाइटी में सह सहमति में रहने वाले एक युवक ने सोमवार को पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। गौर सिटी सोसाइटी की पांचवी एवेन्यू में जे टावर के फ्लैट नंबर 581 में रहने वाले प्रशांत पांडे एक युवती के साथ सह सहमति में रहते थे। पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह प्रशांत का युवती से झगड़ा हुआ था। सोसाइटी के सुरक्षा गार्ड कहते हैं कि उनके साथ रह रही युवती यह कह कर गई थी कि प्रशांत पांडे जान देने की धमकी दे रहा है लेकिन इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। सोमवार की देर रात लोगों को जानकारी हुई की प्रशांत ने आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना बिसरख के प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि प्रशांत पांडे एक निजी फैक्ट्री में काम करते थे। दो महीने पहले ही सोसाइटी में किराए पर फ्लैट लिया था। फ्लैट का दरवाजा अंदर से बंद था।

# मेट्रो पिलर के पास खड़े डंपर में लगी आग

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार दोपहर को एक डंपर में आग लग गई। जिस समय आग लगी डंपर सलारपुर मेट्रो पिलर नंबर-76 के के सामने खड़ा था। हादसे में चालक और परिचालक दोनों सुरक्षित है। ट्रक खड़ा था इसलिए यातायात बाधित नहीं हुआ। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को बुझा दिया गया। सीएफओ ने बताया कि आग ट्रक के इंजन में लगी। इसके बाद केबिन में फैल गई। ग़नीमत रही कि केबिन खाली था। आग डीजल टैंक तक नहीं पहुंच सकी। इससे पहले ही आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। हो सकता है किसी जलती हुई चीज से आग लगी हो। बता दे गर्मी बढ़ने के साथ सड़क पर गाड़ियों में आग लगने के मामले बढ़ने लगे है। बीते तीन से चार दिनों में ट्रक से लेकर कई कारों में आग लगनी घटनाएं हो चुकी है।

# चेकिंग के दौरान 4.97 लाख कैश पकड़ा

## नोएडा में कार चालक नहीं दे पाया धनराशि का ब्योरा, आयकर विभाग को दी जानकारी

**नोएडा।** नोएडा में चुनाव सरगर्मी बढ़ने के साथ यहां कैश पकड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार रात को चेकिंग के दौरान एक कार को रोका गया। कार में रखे बैग से 4 लाख 97 हजार 500 रुपए कैश मिला। इसका बिल या हिसाब पूछने पर चालक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस और एसएसटी टीम ने आयकर विभाग को इसकी जानकारी दी। इसके बाद रकम को मालखाने में रखवा दिया गया है। दरअसल थाना सेक्टर-58 पुलिस



और एसएसटी टीम एनआईबी कट सेक्टर-62 के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान दिल्ली की ओर से नोएडा में प्रवेश कर रही गाड़ी नंबर यूपी-14 डीजी 7040 इको स्पोर्ट्स कार को चेकिंग के रोका गया। संदिग्ध होने पर कार की तलाशी ली गई। इसमें से 4 लाख 97 हजार 500 रुपए कैश मिला। ये कार माखनजीत सिंह अरोड़ा चला रहे थे। माखन जीत सिंह लैंड ग्राफ गोल्फ लिंक रोड पांडव नगर गाजियाबाद के रहने वाले है। पुलिस और एसएसटी की टीम रकम का बिल और साक्ष्य मांगे लेकिन वो बताने में असमर्थ दिखे। पुलिस ने पैसों को जब्त कर आयकर विभाग को जानकारी दी। बता दे नोएडा-ग्रेटरनोएडा के जो बार्डर दिल्ली और हरियाणा के नजदीक है उन हाइवे पर लगातार एसएसटी और पुलिस टीम के जरिए लगातार कैश पकड़ा जा रहा है। जिसको लेकर नोएडा में सक्रियता बढ़ा दी गई है। क्योंकि यहां दूसरे फेज में चुनाव है और दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब राज्यों से आने वाले वाहन यूपी में प्रवेश के लिए नोएडा बार्डर से ही होकर जाते है।

# मायावती 22 को गृह जनपद नोएडा में करेंगी रैली

बसपा सुप्रीमो मायावती के गृह क्षेत्र में भतीजे आनंद की जनसभा के बाद अब बुआ की जनसभा की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर 22 अप्रैल को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की जनसभा का कार्यक्रम तय हो गया है। हालांकि, मायावती की जनसभा स्थल को लेकर फिलहाल रस्साकशी चल रही है।



गौतमबुद्ध नगर जिला संगठन जेवर क्षेत्र में और बुलंदशहर संगठन सिकंदराबाद में जनसभा कराना चाहता है। संगठन शीघ्र ही रैली स्थल तय करने की बात कह रहा है। बसपा सुप्रीमो मायावती लंबे समय के बाद जिले में आ रही हैं। इस बार उनके लिए यह चुनाव खास है। बीते लोकसभा चुनाव में वह सपा के साथ गठबंधन कर सियासी रण में उतरी थी। इस बार वह अकेले ही मैदान में हैं और उनके कई पुराने साथी भी साथ छोड़कर अन्य दलों का दामन थाम चुके हैं। अपने गृहनगर में ही बसपा सुप्रीमो के पास पार्टी का एक भी जनप्रतिनिधि नहीं है, जबकि दस साल पहले तक यहां पर बसपा का वर्चस्व था।

बसपा के जिलाध्यक्ष नरेश गौतम ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो की 22 अप्रैल को जनसभा होनी है।

रैली स्थल जेवर या सिकंदराबाद में से एक रहेगा, इसको लेकर चर्चा जारी है और शीघ्र ही रैली स्थल तय कर दिया जाएगा।

### भतीजे आकाश की एक दिन पहले हुई जनसभा

बसपा सुप्रीमो मायावती के राजनीतिक उत्तराधिकारी और उनके भतीजे आकाश आनंद ने रविवार को अपनी गृह लोकसभा में पहली जनसभा को संबोधित किया। यह उनकी अपने गृहनगर की लोकसभा में हुई पहली जनसभा थी। आकाश के संबोधन और तेवरों को सभी ने सराहा है। बसपा के युवराज बने आकाश आनंद का जन्म नोएडा में ही हुआ है और वह यहीं पर पढ़े-लिखे हैं। अब बसपा के तीसरे राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की राह पर हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में 3 दिन बारिश की चेतावनी

पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ की दस्तक से दिल्ली एनसीआर के विभिन्न इलाकों में भी मौसम बदलने वाला है। दिल्ली एनसीआर के विभिन्न हिस्सों में हल्के बादलों की आवाजाही देखी जा रही है। मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न हिस्सों में लगातार तीन दिन मौसम खराब रहेगा। दिल्ली एनसीआर में लगातार तीन दिन छिटपुट रूप से हल्की बारिश या बूंदाबांदी देखी जाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक, इस दौरान 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग के मुताबिक, मौजूदा वक्त में एक ट्रफ उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश से दक्षिण तमिलनाडु तक देखी जा रही है। यही नहीं उत्तर पूर्वी असम पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। यही नहीं एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ 12 अप्रैल से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों पर दस्तक देने वाला हैं। इसके प्रभाव से 10 से 12 अप्रैल के दौरान जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में छिटपुट रूप से हल्की बारिश या बर्फबारी देखी जा सकती है।

# वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों के लिए की गई पर्याप्त व्यवस्था

जम्मू। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की ओर से चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर आध्यात्मिकता और भक्तिभाव के साथ श्री माता वैष्णो देवी के पवित्र गुफा मंदिर में शत चंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसके अलावा अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी किए गए। पवित्र गुफा मंदिर में किया जाने वाला यह पवित्र अनुष्ठान नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन तक चलेंगे, जो दुनिया भर में हिंदुओं के आध्यात्मिक कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ये अनुष्ठान पूरी मानवता के बीच सद्भाव, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग, इसके सदस्य के.के. शर्मा, एसडीएम भवन के विकास आनंद और श्राइन बोर्ड के अन्य अधिकारी और कर्मचारी के अलावा बड़ी संख्या में तीर्थयात्री उपस्थित रहे। पारंपरिक रूपांकनों और अलंकरणों के साथ फूलों की सुंदर व्यवस्था ने मंदिर के माहौल को और दिव्य बनाने के साथ ही आने वाले भक्तों के बीच श्रद्धा और खुशी की भावना पैदा की है। श्राइन बोर्ड ने बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए एसएमवीडीएसबी के अध्यक्ष एवं उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के निर्देशों के अनुसार विस्तृत व्यवस्था की है, जिनके नवरात्रों के दौरान गर्भगृह में दर्शन करने की उम्मीद है।

### नशे की हालत में पहुंचे मतदान अधिकारी ने किया हंगामा, मुकदमा दर्ज


चंपावत/नैनीताल। उत्तराखंड के चंपावत में मंगलवार को मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण के दौरान एक अजीबोगरीब वाकया सामने आया। नशे की हालत में पहुंचे मतदान अधिकारी ने हंगामा किया। आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। नोडल अधिकारी (प्रशिक्षण) मेहरबान सिंह के अनुसार चंपावत जनपद मुख्यालय में आज लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मतदान अधिकारियों और कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान द्वितीय मतदान अधिकारी और राजकीय इंटर कालेज धूनाकोट में वरिष्ठ सहायक के पद पर तैनात जीवननाथ महंत नशे की हालत में पहुंच गया और प्रशिक्षण हाल में हंगामा करने लगा।

# कश्मीरी पंडितों की घर वापसी के लिए राजनीतिक दलों से मदद की जरुरत नहीं : महबूबा मुफ्ती

एजेंसी

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि कश्मीरी पंडितों को कश्मीर में वापस लौटने और बसने के लिए किसी राजनीतिक दल की मदद की जरूरत नहीं है क्योंकि घाटी के लोग खुद पंडितों की वापसी को आतुर हैं और वैसे ही एक साथ रहना चाहते हैं जैसे पहले रहते थे।

मुफ्ती ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, कश्मीरी लोग कश्मीरी पंडितों की वापसी और घाटी में फिर से पहले की तरह शांति से रहना चाहते हैं, जैसे ही जैसे सभी एक खूबसूरत माहौल में एक साथ रह रहे थे।



उन्होंने कहा कि जो कश्मीरी पंडित जम्मू या अन्य स्थानों पर विषम परिस्थितियों में रह रहे हैं, उन्हें कश्मीर में बसने के लिए सरकार या महबूबा मुफ्ती या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) या किसी अन्य पार्टी से किसी तरह मदद की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा, यहां की आवाम कश्मीरी पंडितों को वापस लौटते और एक साथ रहते हुए देखना चाहते हैं, जैसे वे पहले खुशी से रहते थे। मुफ्ती ने कहा कि जब कश्मीरी पंडित, सिख, बौद्ध ईसाई और मुस्लिम एक साथ रह रहे थे तो यह समाज के वास्तविक सांस्कृतिक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता था। मुफ्ती ने कश्मीर पर बन रही उन फिल्मों की आलोचना की, जिनसे यहां के लोगों का नाम खराब होता है।

उन्होंने कहा, अप्रिय स्थिति के बावजूद, फोटो पत्रकार रोशन लाल का परिवार कश्मीर में रहा और मुसलमानों के साथ रहा, यह भाईचारे की एक मिसाल है और उन लोगों को करारा जवाब है जो कश्मीर के नाम को करने के लिए ऐसी फिल्में बना रहे हैं।

# नेचर हाइट्स इंफ्रा घोटाले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़/फाजिल्का। पंजाब में करोड़ों रुपये के नेचर हाइट्स इंफ्रा घोटाले में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुये फरीदकोट और फाजिल्का पुलिस की संयुक्त टीमों ने मुख्य आरोपी नीरज थथाई उर्फ नीरज अरोड़ा को उत्तराखंड के पौड़ी जिले से गिरफ्तार कर लिया है।

नीरज की गिरफ्तारी फाजिल्का के अमनदीप कंबोज उर्फ अमन स्कोडा की गिरफ्तारी के बाद हुई, जो आठ मामलों में फरार था और 18 मामलों में वह जमानत पर छूट गया। उसे फाजिल्का पुलिस ने 15 मार्च 2024 को वाराणसी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया था।

पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) फरीदकोट रेंज गुरशरण सिंह संधू और उपमहानिरीक्षक (डीआइजी) फिरोजपुर रेंज रणजीत सिंह ढिल्लों ने मंगलवार को एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक (एसपी) जांच फाजिल्का प्रदीप सिंह संधू और पुलिस उप अधीक्षक (डीएसपी) नारकोटिक्स फरीदकोट इकबाल सिंह संधू के नेतृत्व में दोनों जिलों की पुलिस टीमें समग्र निगरानी में हैं। एसएसपी फरीदकोट हरजीत सिंह और एसएसपी फाजिल्का डॉ. प्रज्ञा जैन ने मोस्ट वांटेड अपराधी नीरज अरोड़ा को श्री नगर गढ़वाल, जिला पौडी, उत्तराखंड से सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीमों ने आरोपी नीरज अरोड़ा के कब्जे से एक लग्जरी बीएमडब्ल्यू कार, मोबाइल फोन और फर्जी दस्तावेज भी बरामद किये हैं।

आईजीपी गुरशरण सिंह संधू ने कहा कि आरोपी पर राज्य में लोगों को पैसे या भूखंड का वादा करके धोखाधड़ी करने के लिये 21 जिलों में 108 प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गयी हैं। कुल 108 प्राथमिकी में से 47 फाजिल्का में दर्ज की गयीं, फ़िरोज़पुर में आठ, पटियाला और फतेहगढ़ साहिब में छह-छह, रूपनगर, मोहाली और एसएएस नगर में पांच-पांच, फरीदकोट, श्री मुक्तसर साहिब और जालंधर कमिश्नरी में चार-चार प्राथमिकी हैं।

फरवरी 2016 में फाजिल्का पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये आरोपी नीरज अरोड़ा की जमानत मंजूर हो गयी थी और फरवरी 2017 में उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया था।

### पत्नीहंता को आजीवन कारावास की सजा

पिथौरागढ़/नैनीताल। उत्तराखंड की एक अदालत ने अपनी पत्नी की हत्या कर शव को कलमठ में छिपाने वाले हत्यारे पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह घटना 23 अप्रैल, 2019 की है। नेपाली मूल का दिनेश बहादुर पिथौरागढ़ में डिग्री कालेज में अपने परिवार के साथ रहता था। घटना के दिन आरोपी अपनी पत्नी गोमती को घूमाने के बहाने पिथौरागढ़ के चंडाक ले गया और रास्ते में हत्या कर शव को सड़क के नीचे कलमठ में छिपा दिया। इसके बाद आरोपी ने पिथौरागढ़ कोतवाली में अपनी पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कर दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को सीसीटीवी कैमरे की मदद से कुछ तथ्य हाथ लगे। पुलिस ने घटना से पूर्व उसे अपनी पत्नी के संग जाते देखा। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। आरोपी ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया। आरोपी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में ठोस साक्ष्य और गवाह पेश किये गये। अदालत ने उसे पत्नी की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ ही 50 हजार का जुर्माना भी लगा दिया।

## शार्ट न्यूज

### पांच लाख लेकर फर्जी तरीके से कर दी जमीन आवंटित, रिपोर्ट दर्ज

ग्रेटर नोएडा। अधिवक्ता को पांच लाख रुपये लेकर फर्जी तरीके से प्लॉट आवंटन करने के मामले में अदालत के आदेश पर सर्वोत्तम मेगापोलिस टाउनशिप के सीईओ सहित छह लोगों के खिलाफ थाना नॉलेज पार्क में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज हुई है। आरोप है कि जिस जमीन पर प्लॉट का आवंटन किया गया वहां पर गेहूं की फसल उग रही है। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। बोड़ाकी निवासी बलराज सिंह जिला न्यायालय में अधिवक्ता हैं। उन्होंने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि प्रचार-प्रसार से मिली जानकारी के बाद उन्हें बोड़ाकी में अंसल प्रोजेक्ट के विषय में जानकारी हुई थी। इसके बाद वह 28 जून 2023 को इस प्रोजेक्ट के बिल्डर से थाना सेक्टर-142 क्षेत्र स्थित कार्यालय में मिले। बिल्डर पक्ष ने उन्हें सभी दस्तावेज दिखाए और तुरंत भुगतान पर बैनामा का प्रलोभन दिया। पीड़ित ने पांच लाख रुपये का भुगतान बिल्डर पक्ष को कर दिया। इसके बाद बिल्डर की ओर से भूखंड की रजिस्ट्री भी कर दी गई। दिसंबर 2023 में जब अधिवक्ता भूखंड पर गए तो देखा कि वहां पर कुछ स्थानीय किसानों ने फसल की बुवाई कर रखी थी। साथ ही स्थानीय किसानों ने बताया कि उन्होंने कोई जमीन बिल्डर को नहीं बेची है।

### दिल्ली मेट्रो की सुरक्षा में अज्ञात लोगों ने लगाई सेंध

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो की सुरक्षा में सेंध लगाने का मामला सामने आया है। कुछ लोग यमुना बैंक यार्ड की दीवार तोड़कर अंदर घुस गए और मेट्रो के कई कोच को बदरंग कर दिया। आरोपियों ने कई कोच पर स्प्रे कर एएए और डेमो लिख दिया। यमुना बैंक मेट्रो थाना पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर ही रही थी कि शाहदरा मेट्रो स्टेशन खड़ी एक मेट्रो ट्रेन के कई कोच पर नो प्रॉब्लम लिखकर आरोपियों ने पुलिस को खुली चुनौती दे दी। पुलिस ने शास्त्री पार्क मेट्रो थाने में दूसरा मामला दर्ज कर लिया है। मेट्रो के स्पेशल स्टाफ के साथ साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और अपराध शाखा की टीम भी आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। पहला मामला 31 मार्च का है। यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन यार्ड में कार्यरत मेट्रो कर्मियों ने कई कोच पर पेंट से कुछ लिखा हुआ देखा। इसकी सूचना तुरंत यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन पुलिस को दी गई। छानबीन के दौरान पुलिस ने देखा कि जिसने भी कोच पर स्प्रे किया था वह यार्ड की दीवार तोड़कर अंदर घुसा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कई कोचों पर विभिन्न रंगों के स्प्रे किया गया था। कोचों पर डेमो और एएए जैसे शब्द लिखे गए थे। पुलिस ने छानबीन कर मामला दर्ज कर लिया। पुलिस यार्ड में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कब्जे में लेकर छानबीन कर रहे थे कि चार अप्रैल को पुलिस को शाहदरा मेट्रो स्टेशन के पास पटरियों पर खड़ी एक ट्रेन में कई कोच में स्प्रे करने का मामला सामने आया।

### नहीं कर सकेंगे छात्रों का स्थानांतरण

नई दिल्ली। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान नर्सरी से नौवीं व ग्यारहवीं के प्लॉन और नॉन प्लॉन श्रेणी के तहत दाखिला पाए छात्रों के स्थानांतरण स्कूल प्रमुख नहीं कर सकेंगे। इनके द्वारा स्थानांतरण के लिए भेजे गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। वह स्थानांतरण के लिए आए सभी आवेदनों को जोनल शिकायत निवारण समिति को मैन्युअल रूप से भेजेंगे। छात्रों के स्थानांतरण के ऑनलाइन अनुरोध भेजने का लिंक जिला उप शिक्षा निदेशक स्तर पर उपलब्ध कराया जाएगा। शिक्षा निदेशालय ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान छात्रों के स्थानांतरण को लेकर एक परिपत्र जारी किया है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के दौरान छात्रों के स्थानांतरण को तीन अलग-अलग तंत्रों के तहत सुविधा प्रदान की जाएगी। जिला उप शिक्षा निदेशक (जोन) की ओर से स्थानांतरण के लिए भेजे गए मामलों को जिला उप शिक्षा निदेशक (जिला) की ओर से जांचा जाएगा। स्थानांतरण के लिए उपयुक्त पाए जाने पर ऑनलाइन स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट के अनुरोध को आगे बढ़ाया जाएगा। निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि ग्रीवांस कमेटी स्थानांतरण के लिए दिव्यांग छात्रों, गंभीर बीमारी से पीड़ित, स्कूल में भाई-बहन, दाखिले के बाद आवास बदलने वाली श्रेणी के बच्चों प्राथमिकता देगी।

### ठेकेदार की गाड़ी से बरामद किए छह लाख

साहिबाबाद। शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में दिल्ली वजीराबाद रोड से सोमवार शाम फ्लाइंग स्क्वाड टीम ने एक ठेकेदार की गाड़ी से छह लाख रुपये पकड़े। वह गोविंदपुरम से भोपुरा की तरफ जा रहे थे। टीम के अधिकारी ठेकेदार को नकदी के साथ शालीमार गार्डन थाने ले गए। वहां पुलिस ने पूछताछ के बाद नकदी को जब्त कर लिया। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि फ्लाइंग स्क्वायड ने चेकिंग के दौरान कार को रोका। शक होने पर गाड़ी की तलाशी ली तो युवक के पास काले रंग के बैग में 6 लाख रुपये की नकदी मिली। टीम ने तुरंत बैग को कब्जे में लेकर युवक से पूछताछ की लेकिन वह काफी घबरा गए। टीम उन्हें तुरंत थाने ले गई। वहां पुलिस और टीम ने नकदी के बारे में पूछताछ की जिसमें कार सवार ने अपना नाम गोविंदपुरम निवासी विपिन गर्ग बताया। विपिन ने कहा कि वह ठेकेदार हैं और भोपुरा में उनका एक साइट पर निर्माणकार्य चल रहा है। वहां मजदूरों को रुपये देने के लिए नकदी लेकर जा रहे थे। टीम ने उनसे नकदी के संबंध में कागजात मांगे जिसे वह दिखा नहीं पाए। इसके बाद पुलिस ने नकदी को जब्त कर लिया। एसीपी के मुताबिक, ठेकेदार को कागजात जमा करने के लिए कहा गया है।

### 13 से 15 अप्रैल तक इंदिरापुरम और सिद्धार्थ विहार को नहीं मिलेगा गंगाजल

साहिबाबाद। इंदिरापुरम और सिद्धार्थ विहार को 13 से 15 अप्रैल तक गंगाजल की आपूर्ति नहीं होगी। इस दौरान जीडीए अपने संसाधन से एक समय सुबह 7 बजे से 9 बजे तक पानी की आपूर्ति करेगा। 16 अप्रैल से गंगाजल की आपूर्ति सुचारु हो सकेगी। जल निगम के अधिशासी अभियंता उन्मेश शुक्ला ने बताया कि सिद्धार्थ विहार स्थित 100 क्यूसेक गंगाजल प्लांट से नोएडा, इंदिरापुरम और सिद्धार्थ विहार को आपूर्ति दी जाती है। छिजारसी के पास नोएडा की पेयजल पाइपलाइन में लीकेज की समस्या आ गई है। इसे ठीक करने के लिए 13 से 15 अप्रैल तक प्लांट बंद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले दिन पाइपलाइन से गंगाजल निकाला जाएगा। दूसरे दिन लीकेज पाइपलाइन को ठीक किया जाएगा। तीसरे दिन पाइपलाइन को जांच कर 16 अप्रैल को आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी। इस दौरान वसुंधरा एवं वैशाली के लोगों को गंगाजल मिलता रहेगा। उन्मेश शुक्ला ने बताया कि जिस लाइन में लीकेज हुआ है उस लाइन से इंदिरापुरम, सिद्धार्थ विहार और नोएडा को गंगाजल सप्लाई की जाती थी।

### युवक का शव पेड़ के फंदे से लटका मिला

लोनी। ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के बदरपुर गांव में मंगलवार सुबह पूजा कॉलोनी निवासी सर्वेश चंद्र वर्मा का शव फंदे से लटका मिला। शनिवार रात मृतक ने अपनी पत्नी को फोन कर आत्महत्या करने जाने की बात कही थी। परिजन रात भर मृतक की तलाश करते रहे लेकिन वह नहीं मिला। मूलरूप से फर्रुखाबाद में रहने वाले सर्वेश चंद्र वर्मा(40) परिवार के साथ लोनी के पूजा कॉलोनी मंगल बाजार में रहते थे। वह बाजारों में कचौरी बेचने का काम करते थे। रविवार रात सर्वेश चंद्र वर्मा ने अपने घर फोन किया। उसने परिजनों को बताया कि वह आत्महत्या करने जा रहा है। फोन करने के दौरान वह नशे में था। यह कहकर सर्वेश चंद्र वर्मा ने फोन काट दिया। फोन आने पर परिजन पास की पुलिस चौकी पहुंचे। यहां परिजन सर्वेश के फोन की लोकेशन लेकर उसे तलाश करने लगे। लेकिन सर्वेश लोकेशन पर नहीं मिला। परिजन रात भर सर्वेश को तलाश करते रहे। सोमवार सुबह बदरपुर गांव के एक पेड़ पर एक युवक का शव मिला। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे ऊतारा। मृतक की पहचान सर्वेश चंद्र वर्मा के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि सर्वेश शराब पीने का आदी थी। परिजन उसे शराब पीने से रोकते थे। इसको लेकर परिवार में कलेश रहता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हर कार्यकर्ता केजरीवाल बनकर उनका संदेश लेकर जा रहा घर-घर : गोपाल राय

**जेल का जवाब वोट से दें, झाड़ू की चोट से दें**

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चुनाव प्रचार नहीं कर सकते इसलिए उनका संदेश लेकर पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जा रहे हैं।

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से चुनावी अभियान की शुरुआत कर आज कहा कि दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री को मोदी सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया। दिल्ली के मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार नहीं कर सकते इसलिए अरविंद केजरीवाल की तरफ से संदेश लेकर मंगलवार से आम



आदमी पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जा रहे हैं। राय ने कहा कि हर कार्यकर्ता लोगों को संदेश दे रहा है कि जबसे दिल्ली के लोगों ने अपनी वोट की ताकत से अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाया है, तब से उन्होंने दिल्ली के लोगों को 24 घंटे मुफ्त बिजली दी, मुफ्त पानी दिया। स्कूल और अस्पतालों को बेहतर किया। महिलाओं के लिए बसों में मुफ्त यात्रा की व्यवस्था की। बुजुर्गों के लिए तीर्थयात्रा की व्यवस्था की। इस बार के बजट में दिल्ली की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देने की व्यवस्था की।

उन्होने कहा कि अगर दिल्ली के लोग चाहते हैं कि काम करने वाला मुख्यमंत्री जेल से बाहर आएं तो लोगों के पास एक ही रास्ता है कि जेल का जवाब वोट से दें, झाड़ू की चोट से दें। दिल्ली में हर जगह यह नारा गूंजेगा कि झाड़ू की चोट से, जेल का जवाब वोट से। आप नेता ने कहा कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल के जेल जाने को लेकर जिन भी लोगों से बातचीत की, वह सभी लोग दुखी हैं। उनका कहना है कि हमने जिसको मुख्यमंत्री बनाया, उनको चुनाव के मौके पर जेल में क्यों डाल दिया?

सभी ने यह वादा किया है कि चुनाव में इसका जवाब देंगे। वोट ही जनता की ताकत है और हमको लगता है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद लोगों का उनके प्रति भावनात्मक जुड़ाव और अधिक बढ़ा है। इस बार सभी लोग मिलकर इस तानाशाही को हराएंगे और अरविंद केजरीवाल को जेल से बाहर लाएंगे।

# गाजियाबाद में रिटायर्ड नायक सूबेदार गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद में क्राइम ब्रांच ने बुलंदशहर के रहने वाले रिटायर्ड आर्मी से नायक सूबेदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक यह अपने गिरोह के साथ जम्मू कश्मीर से शस्त्र लाइसेंस बनाया करता था। साथ ही उनका रेनयूबेल भी करवाता था पुलिस ने इसके कब्जे से 8 असलाह बरामद किए है। गाजियाबाद में एडीसीपी क्राइम ब्रांच सच्चिदानंद राय ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने बुलंदशहर निवासी प्रवेंद्र को गिरफ्तार किया। प्रवेंद्र सेना से रिटायर नायक सूबेदार है। क्राइम ब्रांच की जांच में सामने आया है की प्रवेंद्र अपने गिरोह के साथ मिलकर लोगों के जम्मू कश्मीर से शस्त्र लाइसेंस बनवाया करता था। साथ ही जब उनका समय पूरा हो जाता था तो उनके रिन्यू भी करवाया करता था। ऐसे ही आठ हथियार उसके पास




रिन्यू के लिए थे जिनको पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया है की 2012 में हिमाचल प्रदेश में पोस्टिंग के दौरान प्रवेंद्र अमित और किशन के संपर्क में आया था और तभी से उसने इस काम को शुरू कर दिया था। यह लोग पिस्तौल का लाइसेंस बनवाने के लिए 80000 तो राइफल का लाइसेंस बनवाने के लिए 90000 रुपए लिया करते थे। साथ ही रिन्यू करने के लिए 5 हजार रुपए लिया करते थे। इनके कब्जे से फर्जी कागजात और मोहर भी मिली है।

# रेड लाइट एरिया में लगी भीषण आग, कोठा नंबर 49 की दो मंजिलें खाक

नई दिल्ली। मध्य दिल्ली के कमला मार्केट स्थित रेड लाइट एरिया जीबी रोड पर सोमवार देर रात भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने इमारत की दो मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया। शोर-शराबा हुआ तो वहां मौजूद लोगों ने समय रहते इमारत से महिलाओं व लड़कियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल की 14 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। आग से इमारत के नौ कमरे जल गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इमारत का फर्नीचर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। शुरुआती जांच के बाद आशंका व्यक्त की जा रही कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी।

पुलिस के मुताबिक, सोमवार रात करीब 10.51 बजे खबर मिली कि जीबी रोड के कोठा नंबर-50 में भीषण आग लग गई है। सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल की 14 गाड़ियां मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि आग 50 नहीं 49 नंबर कोठे में लगी है। एहतियात के तौर पर आसपास की इमारतों को खाली करवा लिया गया।

बाद में किसी तरह 11: 55 बजे आग पर काबू पाया गया। कूलिंग का काम लगभग पूरी रात चला। वहां मौजूद लोगों का कहना था कि इससे पूर्व भी इसी कोठे पर पहले आग लग चुकी है।

सोमवार को जब आग लगी तो लगातार पुलिस व दमकल को कॉल की जाती रही, लेकिन दमकल की गड़ियां 40 मिनट लेट पहुंची। इसी वजह से इमारत को खासा नुकसान हुआ।

# बीआरएस नेता कविता की न्यायिक हिरासत 23 तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब नीति- 2021-2022 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान पार्षद के. कविता की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी।

राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आरोपी के वकीलों की दलीलें सुनने बाद यह आदेश पारित किया।

ईडी ने कविता की न्यायिक हिरासत बढ़ाने की गुहार लगाई, जिसे स्वीकार कर लिया गया। दो सप्ताह की न्याय हिरासत पूरी होने के बाद मंगलवार को उन्हें विशेष अदालत पेश किया गया। विशेष अदालत ने इससे पहले सोमवार को भारत राष्ट्र समिति के नेता कविता अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर




दी थी ।विशेष अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी और याचिकार्ता कविता की दलीलें ने विस्तार से सुनने के बाद 4 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी 46 वर्षीया कविता को ईडी ने 15 मार्च को हैदराबाद स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 2022 को वर्ष 2021-22 के लिए दिल्ली की उत्पाद शुल्क नीति (शराब नीति ) बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमिताओं का आरोप लगाते हुए आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था ।इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को धनशोध का मुकदमा दर्ज किया था।

ईडी का दावा है कि कविता और कुछ अन्य लोगों ने शराब नीति में गलत तरीके से लाभ पाने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया सहित आम आदमी पार्टी के कुछ शीर्ष नेताओं के साथ साजिश में शामिल थी।

मुख्यमंत्री केजरीवाल और पूर्व मुख्यमंत्री सिसोदिया दोनों न्याय हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। के. कविता को भी इसी कारागार रखा गया हैं।

इस मामले के अन्य आरोपियों में शामिल %आप% सांसद संजय सिंह को पिछले दिनों शीर्ष अदालत ने जमानत दे दी थी। इसके बाद उन्हें विशेष अदालत ने सशर्त जमानत पर रिहा करने का तिहाड़ जेल प्रशासन को आदेश दिया था। इस आधार पर सांसद श्री सिंह को जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

# केजरीवाल ने दिल्ली को लूटा, पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं : दिल्ली भाजपा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली प्रदेश इकाई ने कहा कि आबकारी नीति के कथित घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मुद्दे पर मंगलवार को उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद मुख्यमंत्री को कुर्सी पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पार्टी के मुख्यालय पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा, केजरीवाल ने दिल्ली को लूटने का काम किया है। उनके कारनामों ने दिल्ली को शर्मसार किया है। क्या अब भी केजरीवाल के पास कुर्सी पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार है?

सचदेवा ने कहा, दिल्ली पूरे विश्व में आकर्षण का केंद्र है, वह दिल्ली आज इसलिए कलंकित है क्योंकि उसके कलंक की गाथा अरविंद केजरीवाल ने लिखी है।

केजरीवाल सरकार की विवादास्पद आबकारी नीति में अवैध कमाई के शोधन के पहलुओं का धन `शोधन निवारक अधिनियम 2002 के तहत जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केजरीवाल को 21 मार्च को उनके घर से गिरफ्तार किया था। वह इस समय न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने केजरीवाल की याचिका पर निर्णय सुनाते हुए कहा कि ईडी की ओर से अदालत के समक्ष पेश दस्तावेजों से प्रथम दृष्ट्या पता चलता है कि आरोपी केजरीवाल उक्त आबकारी नीति तैयार करने की साजिश रचने में शामिल थे और इस रची गई साजिश से प्राप्त आय का उन्होंने इस्तेमाल किया है।

### कोर्ट ने आप एमएलए अमानतुल्ला को भेजा समन

नई दिल्ली। राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को जारी नोटिस में उपस्थित न होने पर समन जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें 20 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत ने धारा 50, पीएमएलए व अन्य धाराओं के तहत दायर ईडी की हालिया शिकायत पर संज्ञान लिया। आरोप है कि अमानतुल्ला खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में काम करते हुए मानदंडों और सरकारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से विभिन्न लोगों की भर्ती की।

# गाजियाबाद में ट्रक-ऑटो की टक्कर, दो महिलाओं की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना लोनी क्षेत्र में ऑटो और ट्रक की भिड़ंत हो गई। इस दौरान थ्री व्हीलर में सवार दो महिलाओं की मौत हो गई। वहीं थ्री व्हीलर का चालक और एक अन्य महिला घायल हुई है। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक चालक ट्रक को लेकर मौके से फरार हो गया। गाजियाबाद में एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया की थाना ट्रोनिका सिटी के डूंगरावली गांव की रहने वाली महिलाएं रजनी, बबीता और रीता थ्री व्हीलर से लोनी जा रही थी। मोहम्मद अजीज नाम के टेंपो चालक के टेंपो में यह तीनों महिलाएं जा रही थीं। रीता पीलिया से पीड़ित है और वैध के पास दवाई पिलाने के लिए उसको ले जाया जा रहा था। इसी दौरान ऑटो जैसे ही गांव गढ़ी के सामने पहुंचा तो एक ट्रक चालक जो ट्रक को तेजी और लापरवाही से चला रहा था उसने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बबीता 45 और रजनी 60 की मौत हो गई। वहीं रीता 23 और टेंपो चालक मोहम्मद अजीज को दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया है। ट्रक चालक ट्रक को लेकर फरार हो गया है।

### गाजियाबाद में पिटबुल ने किया बच्चे पर हमला

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना कौशांबी क्षेत्र के वैशाली सेक्टर 3 में 32 मीटर रोड पर बने फ्लैटों में रहने एक 15 साल के बच्चे पर पिटबुल ने हमला कर दिया। इसका सीसीटीवी भी सामने आया है। जिसमें दिख रहा है कि बच्चा किस तरीके से अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि पड़ोसी भी डर की वजह से बच्चे की मदद नहीं कर पा रहे हैं। इसकी सूचना जब नगर निगम को दी गई तो नगर निगम इस डॉग को अपने साथ ले गया है। वहीं बच्चों की हालत गंभीर देखते हुए उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया है। गाजियाबाद के थाना कौशांबी के वैशाली सेक्टर 3 में 32 मीटर रोड पर फ्लैट में रहने वाले कमलेश सिंह बताते हैं कि जिस बच्चे पर डॉग ने हमला किया है उसका नाम अल्ताफ है। उसकी उम्र करीब 15 साल है। जिस फैमिली का यह पेट् डॉग है वह कुछ दिन पहले ही यहां किराए पर आया है। हालांकि कमलेश सिंह का दावा है कि समिति के कोषाध्यक्ष ने इस परिवार को चेतावनी दी थी कि इस तरह की प्रजाति का कुत्ता रखना यहां मान्य नहीं है। आज समिति के लोग इस डॉग का रजिस्ट्रेशन देखने वाले थे लेकिन उससे पहले ही यह हादसा हो गया बच्चों की हालत गंभीर है। वहीं स्थानीय पुलिस के मुताबिक अब तक इस मामले में कोई शिकायत नहीं आई है। सोसाइटी निवासी बताते हैं कि पहले घायल बच्चे को डॉक्टर नवीन के यहां ले जाया गया जहां से मैक्स वैशाली और फिर मैक्स वैशाली से उसे गुरु तेग बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# बीजेपी प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा ने जेवर के गांव में वोट मांगे

गौतमबुद्धनगर। गौतमबुद्धनगर के जेवर विधानसभा स्थित दनकौर ब्लाक के कासना, पतलाखेडा, बांजरपुर, बुलंदखेडा, चचूला, धनौरी खुर्द, अमरपुर एवं दनकौर नगर में पहुचें, वहां के निवासियों ने फुलों की माला पहनाकर उनका स्वागत किया। आयोजित जन संपर्क एवं संगोष्ठी में भाजपा प्रत्याषी डा. महेष शर्मा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया जिसमें वहां के स्थानीय निवासियों का भरपूर समर्थन भाजपा प्रत्याषी डा. महेष शर्मा को मिल रहा है।

अपने चुनावी संबोधन के दौरान लोकसभा गौतमबुद्धनगर के प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी जी के नेतृत्व में कष्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक विकास के



माध्यम से पूरे देष को जोड़ने का कार्य कर कर है। देष के उत्थान के लिए कई कठोर निर्णय लिए गये जिसमें समान नागरिक संहिता को लागू करना, कश्मीर में धारा 370 हटाना तीन तलाक की कुप्रथा को समाप्त कर मुस्लिम परिवार को बचाना जिससे उन पर लटकी तलवार के डर से मुक्त किया। कार्यक्रम कें अंत में उन्होनें कहा कि इस बार का चुनाव किसी सांसद या विधायक का चुनाव नही है ये चुनाव देष के प्रधानमंत्री का चुनाव है, आप सभी से दोनों हाथ जोडकर विनती है कि धर्म एवं जाति बिरादरी से हटकर आने वाली 26 अप्रैल को कमल का बटन दबाकर भाजपा को अधिक से अधिक मतों से विजय दिलाए। इस मौके पर दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर, नरेन्द्र सिंह भाटी, एमएलसी, जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय भाटी, हरीषचन्द भाटी, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, मण्डल अध्यक्ष हरीदत्त शर्मा, मौजीराम नागर, लोकमन प्रधान, अनिल पंडित, राहुल पंडित, सांसद प्रतिनिधि सोनू वर्मा अजय फौजी, जितेन्द्र नागर, वीरेन्द्र डाढा, नरेन्द्र डाढा, सुबोध चौधरी, दीपक सिंह चेयरमैन, राकेष गर्ग, महीपाल भाटी, राजू बिधूडी, विजेन्द्र नेता जी, मोनिन्दर प्रधान, ओमकार भाटी, नितिन शर्मा, अमित नागर, सुमित पंडित, राजू एवं काफी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# 33वीं पुण्यतिथि पर हिंदी पत्रकारिता जगत के दैदिप्यमान नक्षत्र स्वर्गीय श्री राजेंद्र माथुर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ एवं राजधानी स्वतंत्र पत्र लेखक मंच दिल्ली के राष्ट्रीय महामंत्री दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में हिंदी पत्रकारिता के सशक्त हस्ताक्षर, दूरदर्शी और यशस्वी संपादक स्वर्गीय श्री राजेंद्र माथुर की 33वीं पूण्यतिथि पर स्वर्गीय श्री राजेंद्र माथुर को उनके करोड़ों चाहने वालों की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि स्वर्गीय श्री राजेंद्र माथुर हिंदी पत्रकारिता जगत के



दैदिप्यमान नक्षत्र थे। एक दूरदर्शी ईमानदार और यशस्वी संपादक के रुप में उनकी छवि हिंदी पत्रकारिता जगत में सदैव अमर रहेगी। नई दुनिया और नवभारत टाइम्स के संपादक रहते हिंदी पत्रकारिता को जिन बुलंदियों पर राजेंद्र माथुर ने पहुंचाया वह अनुकरणीय है। एक व्यस्त संपादक होने के बावजूद वह संपादक के नाम आए पाठकों के पत्र स्वयं पढते थे और उन्हें संपादित भी करते थे तथा उन पत्र लेखकों को उनके नामों से जानते भी थे। संपादक के नाम पत्र लिखने वाले पत्र लेखकों का राजेंद्र माथुर बहुत सम्मान करते थे। उन दिनों एक पत्र लेखक के रुप में ही मेरा परिचय राजेंद्र माथुर साहब से हुआ था जो आजीवन रहा। कोई भी पाठक उनसे सीधे मिल लेता था। उनका मृदु और सौम्य स्वभाव, मिलनसारिता सबका मन मोह लेते थे। पत्रकारिता के छात्र स्वर्गीय श्री राजेंद्र माथुर के विराट व्यक्तित्व एवं कर्मयोगी कृतित्व से प्रेरणा ले सकते हैं। हिंदी पत्रकारिता जगत में संपादक के पद का जो सम्मान स्वर्गीय श्री राजेंद्र माथुर को मिला वह विरलों को ही नसीब होता है। उन्होंने पत्रकारों की नई पीढ़ी तैयार की। वत्स ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता जगत में स्वर्गीय श्री राजेंद्र माथुर का नाम सदैव अमर रहेगा।

# स्ट्रीट लाइट व फॉगिंग पर 5.50 करोड़ रुपये खर्च करेगा यीडा

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण सेक्टरों के विकास के साथ-साथ अधिसूचित क्षेत्र के गांवों को भी चमकाने व जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने पर जोर दे रहा है। अर्बन सर्विसेज के तहत क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों में स्ट्रीट लाइट, फॉगिंग व सैनिटाइजेशन का काम शुरू कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में इसके लिए अलग से प्रावधान किया गया है। गर्मी व बारिश के मौसम में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए फॉगिंग व सैनिटाइजेशन की तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है। यीडा सिटी के सेक्टरों में धीरे- धीरे बसावट शुरू हो गई है। ऐसे में सेक्टरों के विकास के साथ प्राधिकरण क्षेत्र के गांवों के विकास पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। अधिसूचित क्षेत्र के गांव भट्टा, पारसौल, अच्छेजा बुजुर्ग, फतेहपुर अट्टा, ऊंची दनकौर, गुनपुरा, सलारपुर, कादरपुर, रौनीजा, ढाक, जहानाबाद, डेरी गुजरान समेत गांवों में स्ट्रीट लाइट, फॉगिंग व सैनिटाइजेशन पर 5.50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

गौरवशाली भारत
4
संपादकीय
नई दिल्ली
बुधवार 10 अप्रैल 2024
Www.gauravshalibharat.com

## संपादकीय

# महिलाओं को लेकर संकुचित और आपत्तिजनक टिप्पणी अशोभनीय

महिलाओं को लेकर राजनेताओं की संकुचित और आपत्तिजनक टिप्पणियों का विषय आजकल सार्वजनिक चर्चा का केंद्र बन चुका है। भारतीय राजनीतिक मंच पर महिलाओं के प्रति विशेष रूप से संकुचित और अशोभनीय टिप्पणियों के विषय में चर्चा न करना असंविदानिक होगा।

समाज में महिलाओं के प्रति असमानता और संकुचितता की वजह से, राजनीतिज्ञों की भाषा में भी वे आक्रोशजनक टिप्पणियाँ आम होती हैं। यह आधुनिक समय में एक मानवाधिकार का मुद्दा है और इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

पहले हमें यह समझने की जरूरत है कि राजनेताओं क्यों ऐसे टिप्पणियाँ करते हैं। क्या ये सिर्फ उनकी व्यक्तिगत मतभेदों का परिणाम हैं, या फिर इसमें कुछ और गहराई है? बड़े पैमाने पर, ये टिप्पणियाँ महिलाओं की सामाजिक स्थिति और सतत उत्थान के खिलाफ एक प्रतिबंधक तंत्र का हिस्सा बनती हैं। ये आमतौर पर अविवेकी, अज्ञानी और धार्मिक परंपराओं के प्रति आधारित होती हैं।

भारतीय समाज में महिलाओं की सामाजिक स्थिति के संक्षेप में स्थितियों की भिन्नता, पुरानी सोच, और जेंडर स्टीरियोटाइप्स जैसे कारक हो सकते हैं। ये फैली हुई जातिवाद, जातिगत भेदभाव, और शोषण की प्रथाओं से प्रेरित होते हैं। राजनेताओं की टिप्पणियाँ इस सोच को प्रतिबिम्बित करती हैं और इसे स्थायी करती हैं।

### इस तरह की टिप्पणियों के पीछे के कुछ मुख्य कारण हैं:

**पारंपरिक सोच :** भारतीय समाज में लंबे समय तक महिलाओं को घरेलू कामों और परिवार की देखभाल का दायित्व समझा गया है। इस सोच के अनुसार, महिलाओं का स्थान केवल घर की चौपाल में है, और राजनीति या व्यापार में उनकी भागीदारी को ठुकरा दिया जाता है। ऐसे मान्यताओं के कारण, राजनेताओं में भी इस तरह की सोच प्रबल होती है, और वे महिलाओं को अपनी विचारधारा और क्षमताओं के संदर्भ में समझते हैं।

**शक्ति का भय :** कई राजनेताओं को लड़कियों और महिलाओं के शक्ति के विकास से डर लगता है। वे यह धरते हैं कि महिलाओं की आधिकारिक स्थिति में बदलाव उनकी राजनीतिक शक्ति को कम कर सकता है। इस भय के कारण, वे महिलाओं के उत्थान के विरोध में टिप्पणियाँ करते हैं और उन्हें अपने नियंत्रण में रखने की कोशिश करते हैं।

**विभाजन की राजनीति :** कई राजनेताओं को जेंडर विभाजन की राजनीति को बढ़ावा देने का लाभ होता है। वे इस बात का उपयोग करते हैं कि महिलाओं के प्रति असमानता और संकुचितता का आधार बनाकर वे अपने वोटर बेस को परिभाषित कर सकें। इस तरह के राजनीतिक नेताओं के लिए, महिलाओं के उत्थान का सीधा असर उनके सत्ता और अधिकार पर हो सकता है, इसलिए वे इसे रोकने के लिए नकारात्मक टिप्पणियाँ करते हैं।

**सामाजिक दबाव :** कई बार, राजनेताओं को अपने चुनावी जनसमर्थन के लिए महिलाओं के खिलाफ जातिगत और सामाजिक दबाव का सामना करना पड़ता है। वे ऐसे समाजिक दबाव के तहत आम लोगों के विचारों को ध्यान में रखते हुए बयान करते हैं, जिससे उन्हें उनके साथी या दल के वोटर की समर्थन मिल सके।

# अंगों के कारोबार की काली दुनिया

मानव ऊतक प्रत्यारोपण का इतिहास कम से कम 140 वर्ष या संभवत: इससे भी पुराना है। दुनिया का पहला सफल मानव अंग (किडनी) प्रत्यारोपण 70 साल पहले हुआ था। तब से मानव यकृत, हृदय, फेफड़े, अग्न्याशय और आंत का सफल प्रत्यारोपण किया गया है। किडनी प्रत्यारोपण सहित इन छह को जीवन रक्षक माना जाता है। आज चिकित्सा विज्ञान की प्रगति के कारण एक व्यक्ति से करीब 37 अंगों और ऊतकों को निकालकर दूसरे मनुष्य में प्रत्यारोपित किया जा सकता है।

भारत में पहला सफल मानव किडनी प्रत्यारोपण दिसंबर, 1971 में क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर में किया गया था। सबसे पहले किडनी का ही प्रत्यारोपण हुआ था और आज भी सबसे ज्यादा इसी का प्रत्यारोपण होता है। इसके बाद यकृत और हृदय का स्थान है। हालांकि, जरूरत से काफी कम अंग प्रत्यारोपण होते हैं। अंग प्रत्यारोपण चिकित्सा क्षेत्र की उन्नति का प्रमाण है। दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में भारत में अंग प्रत्यारोपण विदेशियों के लिए अपेक्षाकृत सस्ता है। दक्षिण एशिया, मध्य एशिया और अफ्रीका के कई देश प्रत्यारोपण सुविधा विकसित करने में सक्षम नहीं हैं।

इसलिए भारत में इलाज कराने के साथ अंग प्रत्यारोपण के लिए बड़ी संख्या में मरीज आते हैं। चिकित्सा पर्यटन एवं अंग प्रत्यारोपण का दूसरा पहलू अंग व्यापार का समृद्ध कारोबार है। एक ओर जहां जीवन बचाने के लिए परोपकारी अंग दाताओं के सामने आने की खबरें आती हैं, वहीं दूसरी ओर गरीब लोगों से अंग खरीदने की बातें भी सामने आती हैं। अभी हाल ही में पुलिस ने गुरुग्राम में एक गिरोह का भंडाफोड़ किया, जिसमें बांग्लादेश के लोगों को कथित तौर पर अवैध किडनी प्रत्यारोपण के लिए गिरफ्तार किया गया, जो जयपुर के एक अस्पताल में करवाया गया था।

मानव अंगों की खरीद-बिक्री एक पुरानी और वैश्विक परिघटना है। 1970 के दशक से ही इस पर अंकुश लगाने की जरूरत सभी देशों में महसूस की जा रही है। 1980 और 1990 के दशक के मध्य में ज्यादातर देशों ने अंग प्रत्यारोपण के लिए कानूनी ढांचा तैयार कर लिया। भारत सहित ज्यादातर देशों में इसे गैर-कानूनी बनाया गया है। पैसे लेकर अंगदान करने को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैर-कानूनी माने जाने के बावजूद अवैध अंग व्यापार जारी है। नेपाल, भूटान, इंडोनेशिया और भारत सहित दक्षिण एशिया के कई देशों में अवैध किडनी बिक्री का लंबा इतिहास है। पीड़ितों को अक्सर विदेश में उच्च वेतन के वादे कर काम का लालच दिया जाता है, जिसके बाद वे खुद को कर्ज में फंसा पाते और अंग बेचने के लिए मजबूर हो जाते हैं।

अंग तस्करी के मुद्दे से निपटने और अंगों के उचित आवंटन को सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने मानव अंगों और ऊतकों का प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 बनाया। यह कानून चिकित्सीय उद्देश्यों के लिए मानव अंगों और ऊतकों को हटाने, भंडारण और प्रत्यारोपण को नियंत्रित करता है और उनके व्यावसायिक लेन-देन पर भी रोक लगाता है। इस अधिनियम की धारा 19 के अनुसार, वाणिज्यिक लेन-देन में शामिल कोई भी व्यक्ति यदि-अंगों के लिए पैसे देने या पैसे के लिए अंगों की आपूर्ति करने की पेशकश करता है, इसके लिए पहल/बातचीत/विज्ञापन करता है, अंगों की आपूर्ति करने वाले व्यक्ति की तलाश करता, और झूठे दस्तावेज तैयार करने में सहयोग करता है, तो उसे 10 साल तक की जेल और एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

हालांकि, इसमें चुनौतियां हैं। जब अंगदाता और प्राप्तकर्ता की जोड़ी देशों की सीमा पार करती है, तो सबसे बड़ी चुनौती उनके बीच संबंध स्थापित करने और भुगतान तथा स्वैच्छिक दान में अंतर करने में आती है। दूतावासों से अपेक्षा की जाती है कि वे जबर्दस्ती और भुगतान से इन्कार का प्रमाणपत्र जारी करें, लेकिन अनुभव बताते हैं कि वे हमेशा उचित प्रक्रिया का पालन नहीं करते। भारत में इसकी जांच की अगली जिम्मेदारी अस्पतालों की विशेष समितियों पर होती हैं, जिनके पास इस प्रकार के संदेहास्पद प्रत्यारोपण को रद्द करने का अधिकार है। जब भारत में किडनी की मांग बढ़ती है, तो गरीब व्यक्ति या पड़ोसी देश तस्करों के लिए शिकारगाह बन जाता है। अंग तस्करी की अंतरराष्ट्रीय प्रकृति अभियोजन को चुनौतीपूर्ण बनाती है, अपर्याप्त कानून प्रवर्तन के कारण कानूनी दान और अवैध बिक्री के बीच बारीक अंतर को स्पष्ट करना और भी जटिल हो जाता है।

# यूपी में सपा की 'पीठ' पर बैठ कर कांग्रेस पार करना चाहती है चुनावी वैतणनी

अजय कुमार



यूपी की 80 की 80 सीट जीतने का लक्ष्य बीजेपी ने रखा है। हालांकि ऐसा होना असंभव नहीं तो मुश्किल जरूर है। खासकर इंडी गठबंधन के बाद यूपी में क्लीन स्वीप कर पाना इतना आसान नहीं होगा। इस बार बीजेपी को अपनी जीती हुई सीट बचाने में भी मुश्किल होगी।

उत्तर प्रदेश में इंडी गठबंधन का प्रचार अभियान तेज नहीं पकड़ पा रहा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सामने समस्या यह है कि वह अपनी चुनावी लाईन ही नहीं तय कर पा रही है। वहीं कांग्रेस आलाकमान ने यूपी को तो मानो भूला ही दिया है। संभवता कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार यह मान बैठा है कि यूपी में उसका सियासी सफरनामा सपा के कंधे पर बैठकर पूरा हो जायेगा। इंडी गठबंधन के तहत यूपी में कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 20219 के लोकसभा चुनाव में यूपी में कांग्रेस का वोट प्रतिशत 2.33 प्रतिशत और सीट मात्र रायबरेली की एक थी। जहां से सोनिया गांधी सांसद थीं, अब वह राज्यसभा की सदस्य हैं। रायबरेली से कांग्रेस सोनिया गांधी की जगह नया प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। इंडी गठबंधन के कमजोर प्रचार अभियान और बीजेपी के युद्ध स्तर पर चुनाव प्रचार करने से फिलहाल ऐसा लग रहा है कि बीजेपी ने प्रचार के माध्यम से काफी बढ़त बना ली है। 04 जून को मतगणना वाले दिन पता चलेगा बीजेपी की मेहनत कितनी रंग लाई, लेकिन कई सीटों पर मुकाबला कांटे का दिखाई दे रहा है। बीजेपी भी हर कदम फूंक-फूंक कर रख रही है। वहीं सपा-कांग्रेस भी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं। हालांकि अमेठी, रायबरेली, बदायूं, घोषी, आजमगढ़, रामपुर समेत करीब दो दर्जन सीटों पर मुकाबला रोमाचंक होने वाला है। जीत-हार का आंकलन कर पाना किसी भी राजनीतिक पंडित के लिए आसान नहीं होगा। कुल मिलाकर कांग्रेस की सुस्ती से समाजवादी पार्टी का प्रचार अभियान भी तेजी नहीं पकड़ पा रहा है जबकि पहले चरण के मतदान में अब मात्र दस दिनों का ही समय बचा है। कांग्रेस के रवैये के चलते सपा के कई दिग्गज नेता कांग्रेस आलाकमान से नाराज भी चल रहे हैं,इन नेताओं का कहना है कि कांग्रेस, सपा की पीठ पर सवार होकर पार करना चाहती है चुनावी वैतणनी।

यूपी की 80 की 80 सीट जीतने का लक्ष्य बीजेपी ने रखा है। हालांकि ऐसा होना असंभव नहीं तो मुश्किल जरूर है। खासकर इंडी गठबंधन के बाद यूपी में क्लीन स्वीप कर पाना इतना आसान नहीं होगा। इस बार बीजेपी को अपनी जीती हुई सीट बचाने में भी मुश्किल होगी। वहीं 2019 में हारी सीटें जीतना एक बड़ी चुनौती रहने वाली है। हालांकि बीजेपी भी अपने काम और मोदी-योगी के नाम पर पूरी दमखम से जुटी हुई है। वहीं इस चुनाव में यूपी की कई अन्य सीटों पर क्रिकेट मैच के फाइनल की तरह करो या मरो जैसी स्थिति रहने वाली है। इस बार जो चुनावी रण में लड़ेंगा वही जीतेगा। लहर के भरोसे चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। बात अगर यूपी की सबसे कांटे की टक्कर वाली सीट की करें तो पहला और दूसरा नाम अमेठी एवं रायबेरली सीट का आता है। अमेठी लोकसभा सीट पर उसी स्थिति में मुकाबला कांटे का होने की संभावना है, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़े। अमेठी कांग्रेस का गढ़ रहा है और 2019 के चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी चुनाव हार गए थे। उधर, बीजेपी ने मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को पुन: उम्मीदवार बनाया है। हाल ये है कि कांग्रेस अभी तक उम्मीदवार की घोषणा तक नहीं कर पाई है। चर्चा है कि सोनिया गांधी के दामाद और प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा अमेठी से चुनाव लड़ सकते हैं। रॉबर्ट वाड्रा के चुनाव लड़ने पर भी मुकाबला करो या मरो वाला हो जाएगा। इस सीट पर कांग्रेस का उम्मीदवार घोषित होने के बाद ही मुकाबला कैसा होगा, ये कह पाना संभव होगा। इसी प्रकार से रायबरेली सीट कांग्रेस का अभेद्य किला रहा है। मोदी लहर के बावजूद बीजेपी 2014 और 2019 के चुनाव में कांग्रेस के इस किले को भेद नहीं पाई थी। इस बार सोनिया गांधी चुनाव नहीं लड़ रही है। कांग्रेस से चुनाव कौन लड़ेंगा, अभी संशय बना हुआ है। अगर गांधी परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव लड़ता है तो ये सीट कांग्रेस आसानी से जीत सकती है। अगर किसी अन्य को टिकट मिलता है तो कांग्रेस के लिए रायबरेली बचाना मुश्किल हो जाएगा। चुनाव इतना कांटे का हो जाएगा, जिस पर नतीजे आने से पहले कुछ भी कह पाना किसी के लिए मुश्किल होगा। यहां से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की चर्चा है। अगर प्रियंका चुनाव लड़ी तो कांग्रेस का रास्ता साफ हो जाएगा। बीजेपी के मिशन 80 पर प्रियंका पानी फेर सकती है।

तीसरे नंबर पर मैनपुरी लोकसभा सीट है। सपा का गढ़ मानी जाने वाली मैनपुरी सीट पर अगर बीजेपी नेताजी मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव को टिकट देती है तो उस स्थिति में चुनाव कांटे का होने की संभावना है। वरना इस सीट पर हुए उप-चुनाव के नतीजों से साफ-साफ संकेत है कि इस बार भी नतीजे सपा के पक्ष में आएंगे। डिंपल यादव आसानी से चुनाव जीत जाएंगी। अपर्णा चुनाव लड़ी तो लड़ाई बेहद रोमाचंक होगी, उस स्थिति में जीत हार का आंकलन कर पाना बहुत मुश्किल होगा। ऐसे ही कन्नौज सीट से सपा मुखिया अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने पर ही मुकाबला जैसी स्थिति होगी। वरना बीजेपी के सुब्रत पाठक कमल खिला देंगे। अखिलेश के लड़ने पर सुब्रत पाठक के लिए चुनाव जीतना लोहे के चने चबाने जैसा होगा। बदायूं सीट पर भी इस बार कड़ा मुकाबला होने के आसार है। सपा ने कद्दावर नेता शिवपाल यादव को टिकट दिया था, लेकिन अब बदायूं से उनकी जगह उनके पुत्र आदित्य के चुनाव लड़ने की चर्चा है। जबकि बीजेपी ने मौजूदा सांसद संघमित्रा मौर्य का टिकट काट दिया है। इस बार बीजेपी के दुर्विजय शाक्य की टक्कर यादव कुनबे से होगी। अगर आदित्य चुनाव लड़े तो उस स्थिति में बदायूं सीट पर रोमांचक मुकाबला होगा। आखिरी समय तक कुछ भी कह पाना संभव नहीं होगा। उधर घोषी सीट पर भी मुकाबला करो या मरो वाला होने वाला है। वहीं आजमगढ़ सीट पर भी सपा ने धर्मेंद्र यादव को उतार कर दिनेश लाल निरहुआ को कड़ी टक्कर दे दी है। सपा का गढ़ रही इस सीट पर भी कांटे की टक्कर हो सकती है।

# मानवीय शक्ति और प्राकृतिक संसाधन, विकास और प्रगती के पहिये

जब भी हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीती बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए ।महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।




# भाषाओं की मिठास-सिंधी भाषा दिवस 10 अप्रैल 2024 पर विशेष



सिंधी भाषा को 1967 के 21 वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा,आठवीं अनुसूची में 10 अप्रैल 1967 को जोड़ा गया था

हर समाज की मातृभाषा अपनी संस्कृति अभिव्यक्ति समाज और व्यक्तित्व का प्रतिनिधित्व करती है-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में भारत ही एक ऐसा अकेला देश है, जहां बहुत भारी तादाद में हर समाज भाषाओं उपभाषाओं,बोलियां में अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त करता है। यह भाषाएं वह बोलियां इतनी मीठी होती है कि हर भाषा को बोलने के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न हो जाती है कि काश मैं यह भाषा बोल पाता। तमिल तेलुगू सिंधी संस्कृति बंगाली मराठी असमिया मारवाड़ी पंजाबी गुजराती सहित पूरे भारत में हजारों लाखों बोलियां है, जिनकी मिठास का अद्भुत आगाज़ होता है, परंतु हमारे संविधान निर्माता और बाद में संशोधन द्वारा भारत में संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को दर्ज किया गया है,इसमें से एक बहुत ही प्यारी मीठी बोली और भाषा सिंधी है, जिसे 10 अप्रैल 1967 से लागू की याद गया था और इसी दिन को सिंधी समाज हर वर्ष सिंधी भाषा दिवस के रूप में मनाता है बहुत कार्यक्रम किए जाते हैं, खुशियां मनाई जाती है परंतु आज 10 अप्रैल 2024 को यह खुशियां दोगुनी हो गई है क्योंकि सिंधी समाज के इष्टदेव झूलेलाल की जयंती महोत्सव भी विक्रम संवत के अनुसार आज के दिन ही 10 अप्रैल 2024 को ही आया है। चूंकि सिंधी भाषा को 1967 में 21 में संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा आठवीं अनुसूची में 10 अप्रैल को ही लागू हुआ था इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,हर समाज की मातृभाषा उसकी संस्कृति अभिव्यक्ति समाज और व्यक्तित्व का प्रतिनिधित्व करती है इसलिए आओ भाषा की मिठास को पहचाने।

साथियों बात अगर हम सिंधी भाषा के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल होने की करें तो, सिंधी भाषा को 1967 के 21 वें संशोधन अधिनियम द्वारा 8वीं अनुसूची में जोड़ा गया थाआठवीं अनुसूची उन भाषाओं को सूचीबद्ध करती है जिन्हें विकसित करने की जिम्मेदारी भारत सरकार के पास है।संविधान की आठवीं अनुसूची में मूल रूप से 14 भाषाओं को शामिल किया गया था।1992 में अधिनियमित 71वें संशोधन में तीन औरभाषाएं जैसे कोंकणी, मैतेई (मणिपुरी) और नेपाली शामिल की गई थीं।92वें संशोधन ने 2003 में बोडो, डोगरी, संथाली और मैथली को जोड़ा, जिससे भाषाओं की कुल संख्या 22 हो गई।भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को मान्यता दी गई है।भारतीय संविधान का भाग ङ्कङ्कढ्ढ अनुच्छेद 343 से 351 तक भारत की आधिकारिक भाषाओं से संबंधित है।मूल रूप से, केवल 14 भाषाओं का उल्लेख किया गया था और बाद में, कई संशोधनों के बाद, अन्य भाषाओं कोजोड़ा गया था। भारत के संविधान में और संशोधन करने के लिए एक अधिनियम।उद्धरण,21वाँ संशोधन,प्रादेशिक सीमा भारत द्वारा पारित,राज्य सभा उत्तीर्ण 4 अप्रैल 1967 द्वारा पारित लोकसभा उत्तीर्ण,7 अप्रैल 1967 को सहमति दी गई 10 अप्रैल 1967 शुरू किया। साथियों बात अगर हम सिंधी भाषा को संविधान के आठवीं अनुसूची में जोड़ने के कारणों की करें तो,संविधान (इक ?कीसवां संशोधन) अधिनियम, 1967 संविधान (इक्कीसवां संशोधन) विधेयक, 1966 (1966 का विधेयक संख्या ङ्गङ्गढ्ढङ्क) से जुड़े उद्देश्यों और कारणों का विवरण, जिसे संविधान (इक्कीसवां संशोधन) अधिनियम, 1967 के रूप में अधिनियमित किया गया था।वस्तुओं और कारणों का विवरण सिंधी भाषी लोगों की ओर से सिंधी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की लगातार मांग की जाती रही थी। हालाँकि वर्तमान में सिंधी एक सुपरिभाषित क्षेत्र की क्षेत्रीय भाषा नहीं है, यह अविभाजित भारत के एक प्रांत की भाषा हुआ करती थी और, विभाजन के बिना, वैसे ही बनी रहती। भाषाई अल्पसंख्यक आयुक्त ने सिंधी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की भी सिफारिश की थी। 4 नवंबर, 1966 को यह घोषणा की गई कि सरकार ने सिंधी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का निर्णय लिया है। विधेयक इस निर्णय को प्रभावी बनाने का प्रयास करता है।

साथियों बात अगर हम सिंधी भाषा को संविधान की आठवीं सूची में जोड़ने की प्रक्रिया पूरी करने की करें तो, संविधान (इक्कीसवाँ संशोधन) विधेयक, 1967 (1967 का विधेयक संख्या 1) 20 मार्च 1967 को राज्यसभा में पेश किया गया था। इसे तत्कालीन गृह मंत्रीयशवंतराव चव्हाण ने पेश किया था और आठवीं अनुसूची में संशोधन करने की मांग की थी। संविधान में सिंधी को अनुसूची में सूचीबद्ध भाषाओं में से एक के रूप में शामिल करने के लिए। बिल के साथ संलग्न उद्देश्यों और कारणों के विवरण का पूरा पाठ नीचे दिया गया है।भाषाई अल्पसंख्यक आयुक्त ने सिंधी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की भी सिफारिश की है। विधेयक इस निर्णय को प्रभावी बनाने का प्रयास करता है।- ?वाईबी चव्हाण संविधान (बाईसवां संशोधन) विधेयक, 1966। विधेयक पर 4 अप्रैल 1967 को राज्य सभा द्वारा विचार किया गया और उसी दिन मूल रूप में पारित कर दिया गया। विधेयक, जैसा कि राज्य सभा द्वारा पारित किया गया था, पर 7 अप्रैल 1967 कोलोकसभा द्वारा विचार किया गया और पारित किया गया ।विधेयक को 10 अप्रैल 1967 को तत्कालीन राष्ट्रपति जाकिर हुसैन से सहमति मिली। इसे भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया गया और पारित किया गया। उसी तिथि से लागू हुआ।

साथियों बात अगर हम सिंधी भाषा के 10 रोचक तथ्यों की करें तो,सिंधी भाषा अखंड भारत की प्राचीन भाषा है। यह मूलत-सिंध प्रांत की भाषा है। इस भाषा का प्राचीन इतिहास रहा है। भारत औरअब पड़ोसी मुल्क में इस भाषा को बोलने वालों की संख्या अधिक है। सिन्धी भाषा के संबंध में 10 रोचक तथ्य।(1)सिंधी भाषा द्रविड़ भाषाओं की ग्रुप की भाषा है। सिंधी भाषा भारतीय आर्य भाषाओं के पश्चिमोत्तर समूह की भाषा है।(2) सिंधी भाषा की उत्पत्ति वेदों के लेखन या सम्भवत-उससे भी पहले सिन्ध क्षेत्र में बोली जाने वाली भारतीय-आर्य बोली या प्राकृत भाषा से हुई है। प्राचीन सिंधी भाषा में संस्कृत और प्राचीक ने शब्द बहुतायत होते थे।(3)प्राकृत परिवार की अन्य भाषाओं की तरह सिंधी भी विकास के प्राचीन भारतीय-आर्य (संस्कृत) व मध्य भारतीय-आर्य (पालि, द्वितीयक प्राकृत तथा अपभ्रंश) के दौर से गुजरक एक परिपक्व भाषा बनी। संस्कृत और प्राकृत सिन्धी ज़बान की बुनियाद रही हैं।

(5) भाषा का विक्रतिकरण तब प्रारंभ हुआ जब बाहरी लोगों का आक्रमण बढ़ा। लगातार, तुर्क, ईरान और अरब के आक्रमणों के चलते इस भाषा की लिपि भी बदली और इसमें अरबी एवं फारसी शब्दों की संख्या भी बढ़ती गई।

## शार्ट न्यूज

### कारोबारी से पुलिस ने 50 लाख लूटे

**गोरखपुर।** गोरखपुर पुलिस का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। चेकिंग के दौरान 3 अप्रैल को कोतवाली थाना की बेनीगंज पुलिस ने एक व्यक्ति के पास 50 लाख रुपए बरामद किए। चौकी इंचार्ज आलोक सिंह ने 50 लाख रुपए अपने पास रख लिए। रुपए लेकर नौतनवा जा रहे युवक ने अपने पैसे मांगे तो पुलिस वालों ने उसे एनकाउंटर करने की धमकी देकर भगा दिया। मामला स्स्कडॉ. गौरव ग्रोवर के संज्ञान में आया तो उन्होंने बेनीगंज चौकी प्रभारी आलोक सिंह को सस्पेंड कर दिया। पहले सूचना आई थी कि पुलिस ने 85 लाख रुपए पकड़े और 35 लाख रुपए लौटाकर 50 लाख अपने पास रख लिए। हालांकि बाद में पीड़ित युवक ने तहरीर में 50 लाख रुपए ही खुद के पास होने का जिक्र किया। स्स्कडॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि पीड़ित नवीन श्रीवास्तव की तहरीर पर कोतवाली थाने में चौकी इंचार्ज आलोक सिंह और उसके साथी प्रिंस श्रीवास्तव समेत 3 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया। मामला संज्ञान में आने के बाद जब जांच कराई गई तो घटना सही निकली। चौकी इंचार्ज के पास से आज यानी मंगलवार सुबह 44 लाख रुपए भी बरामद हुए हैं। आरोपी चौकी इंचार्ज आलोक सिंह और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। बेनीगंज चौकी प्रभारी को पहले ही सस्पेंड किया गया था। हवाला कारोबार से जुड़े मामले की भी जांच कराई जा रही है।

### जालौन में महिला ने किया सुसाइड

**जालौन।** जालौन में संदिग्ध हालत में एक महिला ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से घर में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्होंने मामले की जांच करने के बाद मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिचौली की है। यहां के रहने वाली गुड्डी देवी (50) पत्नी समरथ ने सोमवार देर शाम को संदिग्ध परिस्थिति में घर पर अपने कमरे में छत पर पंखे के हुक पर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बारे में तब जानकारी मिली, जब बहुत देर तक गुड्डी अपने कमरे से बाहर नहीं आई तो उसका बेटा छोटू मां को बुलाने गया। कोई आवाज अंदर से नहीं आई, तो दरवाजे की जाली से झांककर उसने कमरे के अंदर देखा तो उसने अपनी मां को फांसी में लटका देख शोर मचाया, जिसे सुनकर पति समरथ व अन्य परिजन आए। घटना की सूचना कुठौंद पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जहां घटना की जांच करने के बाद शव को फंदे से उतारकर कब्जे में कार्रवाई शुरू की। वहीं, महिला ने किन कारणों से आत्महत्या की परिवार के लोग कुछ भी नहीं बता पा रहे हैं। महिला के दो पुत्र महेंद्र और छोटू हैं, जिसमें बड़े पुत्र महेंद्र की शादी हो गई है और बाहर रहकर काम करता है।

### गाजियाबाद में रिटायर्ड नायक सूबेदार गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद में क्राइम ब्रांच ने बुलंदशहर के रहने वाले रिटायर्ड आर्मी से नायक सूबेदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक यह अपने गिरोह के साथ जम्मू कश्मीर से शस्त्र लाइसेंस बनाया करता था। साथ ही उनका रेनयूबेल भी करवाता था पुलिस ने इसके कब्जे से 8 असलाह बरामद किए है। गाजियाबाद में एडीसीपी क्राइम ब्रांच सच्चिदानंद राय ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने बुलंदशहर निवासी प्रवेंद्र को गिरफ्तार किया। प्रवेंद्र सेना से रिटायर नायक सूबेदार है। क्राइम ब्रांच की जांच में सामने आया है की प्रवेंद्र अपने गिरोह के साथ मिलकर लोगों के जम्मू कश्मीर से शस्त्र लाइसेंस बनवाया करता था। साथ ही जब उनका समय पूरा हो जाता था तो उनके रिन्यू भी करवाया करता था। ऐसे ही आठ हथियार उसके पास रिन्यू के लिए थे जिनको पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया है की 2012 में हिमाचल प्रदेश में पोस्टिंग के दौरान प्रवेंद्र अमित और किशन के संपर्क में आया था और तभी से उसने इस काम को शुरू कर दिया था। यह लोग पिस्तौल का लाइसेंस बनवाने के लिए 80000 तो राइफल का लाइसेंस बनवाने के लिए 90000 रुपए लिया करते थे। साथ ही रिन्यू करने के लिए 5 हजार रुपए लिया करते थे। इनके कब्जे से फर्जी कागजात और मोहर भी मिली है।

### उन्नाव में कई जगह फसलों में लगी आग

**उन्नाव।** गर्मी में आगजनी की घटनाएं तेजी से शुरू हो गई हैं। पिछले दो दिनों से जिले में अलग-अलग क्षेत्रों के अचलगंज हड़हा, हसनगंज के रसूलपुर बकिया, सदर कोतवाली के तारगांव, सकरन और बीघापुर तहसील क्षेत्र के बिहार में आग से 50 बीघा से ज्यादा गेहूं की फसल राख हो गई। कहीं-कहीं सूचना पर भी दमकल गाड़ी न पहुंचने पर ग्रामीणों ने अपने संसाधन से आग पर काबू पाया। अचलगंज नगर पंचायत स्थित जीआईसी के सामने हड़हा में एचटी लाइन की चिंगारी से आग लग गई। इसमें आनन्द शंकर, सर्वेश कुमार, लल्लू, सुशील बाजपेई व रामेश्वरी की 10 बीघा गेहूं और और पांच पेड़ जलकर राख हो गए। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। हसनगंज क्षेत्र के रसूलपुर बकिया गांव के लल्लन व रामरानी की गेहूं की फसल आग लग गई। ग्रामीणों ने पंपिंग सेट चला कर आग पर काबू पाया। आग से तीन बीघा फसल राख हो गई। एसडीएम हिमांशु गुप्ता ने बताया कि जानकारी हुई है, लेखपाल को मौके पर भेज कर नुकसान का आंकलन कराया जा रहा है। बीघापुर तहसील के बिहार गांव में आग से जितेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, शिवेन्द्र बहादुर, समरजीत, अमरजीत व शिवलाल आदि एक दर्जन से अधिक किसानों की कई बीघा गेहूं की फसल राख हो गई।

### कमरे में लटकता मिला विवाहिता का शव

सोनभद्र। सोनभद्र के शाहगंज थानाक्षेत्र के रैपुरा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का साड़ी के फंदे से लटकता हुआ शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। महिला ने चार महीने पहले प्रेम विवाह किया था। मौके पर पहुंची विवाहिता के पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। शाहगंज थाना क्षेत्र के राजपुर गांव की रहने वाली गुंजा पुत्री विवेक वर्मा का रैपुरा गांव के रहने वाले रवि वर्मा के साथ चार महीने पहले प्रेम विवाह हुआ था। गुंजा के घर वालों ने आरोप लगाया कि उसे शादी के बाद से ही ससुरालियों द्वारा प्रताड़ित किया जाता था। देर रात्रि मे संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर ही गुंजा का शव लटकता हुआ मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसे जिला अस्पताल मोर्चरी के लिए भेज दिया। मृतका के पिता बृजेश वर्मा ने बताया कि उसका पति अक्सर मेरी बेटी को मारता है उसी ने ही मेरी बेटी को मारा है। शाहगंज पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। मृतका की बड़ी बहन रूपा वर्मा ने बताया कि आए दिन मेरी बहन से मारपीट किया करते थे। बीते सोमवार को सुबह 10: 00 बजे उससे बातचीत हुई थी।

### पेट्रोल पंप से चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** पेट्रोल पंप में चोरी कर पुलिस को चुनौती देने वाले तीन शातिर चोरों को स्वाट टीम व सोनहा पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन कर 12 बोर का कट्टा कारतूस व नगदी सहित गिरफ्तार किया है। तीनों चोरों के पास से हेक्सा ब्लेड, जैक राड, पेचकस, चार पहिया वाहन भी बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक गोपाल सिंह चौधरी ने बताया कि पकड़े गए तीनों अभियुक्त 10 मार्च की रात्रि को ग्राम मलपुरवा भारत पेट्रोल पंप के ऑफिस में रखी अलमारी को तोड़कर 1,04,518 रुपए चोरी कर लिए थे। पंप मालिक ने चोरी के संबंध में मुकदमा भी दर्ज कराया था, जिसके तरत चोरों की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई थी। इधर मुखबिर से मिले इनपुट के आधार पर पुलिस टीम ने तीनों चोरों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए तीनों अभियुक्तों में कृष्ण मोहन साहनी निवासी मथुरानगर थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर, विजय चौहान निवासी बेलसड़ थाना ब्रिजमनगंज जनपद महराजगंज, साजन गौड़ निवासी खेजुरिया थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के रहने वाले हैं। इनका आपराधिक इतिहास चेक कराया जा रहा है। आसपास के जिलों से भी पुलिस टीम आई हुई है। जानकारी मिला है कि इन्होंने अन्य जगह भी चोरियां की हैं। इसके लिए वेरिफाई कराया जा रहा है। इनके पास से चोरी के 14 हजार पांच सौ रुपए भी बरामद हुए हैं। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 10 हजार रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

# कांग्रेस तुष्टिकरण के दलदल से नहीं निकल सकती : मोदी

## आज देश में जिस नारी शक्ति की पूजा हो रही है, उस शक्ति का कांग्रेस ने घोर अपमान किया है

**पीलीभीत।** कांग्रेस समेत समूचे इंडिया समूह पर महिलाओं और सिखों के अपमान का आरोप लगाते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि तुष्टिकरण के दलदल में कांग्रेस इतना डूब गई है कि उससे कभी बाहर नहीं निकल सकती।

मोदी ने यहां आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा आज नवरात्रि के पहले दिन मैं देश को ये याद दिला रहा हूं कि कैसे इंडी गठबंधन ने नारी शक्ति को खत्म करने की सौगंध खाई है। आज देश में जिस नारी शक्ति की पूजा हो रही है, उस शक्ति का कांग्रेस ने घोर अपमान किया है। जिस शक्ति के आगे हम शीश झुकाते हैं, उस शक्ति को उखाड़ फेंकने की बात ये कांग्रेस के नेता कर रहे हैं।

उन्होने कहा समाजवादी पार्टी आज जिस कांग्रेस के साथ खड़ी है, उस कांग्रेस ने 1984 में हमारे सिख साथियों के साथ क्या किया था, वो कोई भूल नहीं सकता। ये भाजपा है, जो सिखों के साथ पूरी शक्ति से खड़ी है, उनकी भावनाओं को समझते हुए काम करती है। हम अफगानिस्तान से गुरु ग्रंथ साहिब को पूरी श्रद्धा से भारत लाए। भाजपा सरकार के प्रयास से करतारपुर कारिडोर के जरिये लाखों श्रद्धालु आज करतारपुर साहिब जाकर मत्था टेक कर गुरु साहिब का आशीर्वाद ले रहे है। भाजपा सरकार ने लंगर की वस्तुओं में से जीएसटी हटाया। वीरबाल दिवस मना कर साहिबजादों के शौर्य को सम्मान दिया। भाजपा गुरुनानक देव जी,




गुरुगोविंद सिंह के प्रकाश पर्व को दुनिया भर में धूमधाम से मनाती है।

मोदी ने कहा मेरे जीवन का हर पल, हर क्षण जनसेवा और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित है। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि आपके जीवन को आसान बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। जब नीयत सही होती है, हौसले बुलंद होते हैं तो नतीजे भी सही मिलते हैं। इसी का नतीजा है कि आज हम चारों तरफ विकसित भारत का निर्माण होते हुए देख रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को चैत्र नवरात्रि, हिन्दू नव वर्ष, उगादी, गुड़ी-पड़वा, चेटी-चंद, नवरेह और साजिबु-चेरोबा की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होंने बैसाखी की भी शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि पहले जहां कांग्रेस सरकारें दुनिया से मदद मांगती थी तो वहीं कोरोना के महासंकट में भारत ने पूरी दुनिया में दवाएं और वैक्सीन भेजी। इतना ही नहीं दुनिया में युद्ध के संकट के दौरान हम एक-एक भारतीय को सुरक्षित वापस लाएं हैं। यह मजबूत और सशक्त सरकार की गारंटी को दर्शाता है। यह सुनकर आपको भी गर्व जरूर होता होगा। ये आपके वोट की ताकत है। आपके एक वोट से मजबूत, निर्णायक और सशक्त सरकार बनी। भाजपा सरकार ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत किसी से भी कम नहीं है। आज देश विकास के नये कीर्तिमान गढ़ रहा है। यही वजह है कि दुनिया में भारत का डंका बज रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गन्ना किसानों की परेशानी को कम करने के लिए पूरी ताकत से काम किया है। कई चीनी मिलें खुली हैं, कई का विस्तार हुआ है और ये काम लगातार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले दिन से ही गन्ना किसानों की मुसीबतें दूर करने के लिए अनेक कदम उठाएं हैं। सपा, बसपा और कांग्रेस के 14 साल में जितने रुपये गन्ना किसानों को मिले थे, उससे ज्यादा रुपये योगी सरकार सात साल में गन्ना किसानों को दे चुकी है। देश में एथेनॉल बलेंडिंग को लेकर जो बड़ा अभियान चल रहा है, उससे पीलीभीत के किसानों को बड़ा फायदा होने वाला है।

# प्रतापगढ़ में ट्रक ने बस को मारी टक्कर, तीन की मौत

## 24 गंभीर रूप से घायल, 12 प्रयागराज रेफर

**प्रतापगढ़ ।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के हथिगंवा क्षेत्र में बीती रात निजी बस और ट्रक की भिड़ंतमें तीन श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गयी जबकि 24 अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। सभी हताहत विंध्याचल धाम में मां विंध्यवासिनी के दर्शन के लिये उन्नाव जिले से जा रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुये हादसे पर गहरा दुख जताया है और मृतक आश्रितों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होने अधिकारियों से घायलों के समुचित इलाज के इंतजाम करने के निर्देश दिये है। पुलिस सूत्रों ने



मंगलवार को बताया कि लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर सोमवार और मंगलवार की रात यह हादसा उस समय हुआ जब फूलमती गांव के पास ट्रक का टायर तेज आवाज के साथ पंचर हो गया और अनियंत्रित ट्रक ने विपरीत दिशा से जा रही निजी बस में टक्कर मार दी। बस पर करीब 50 यात्री सवार थे। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने घायलों को निकाला और इलाज के लिए सीएचसी कुंडा भेजवाया गया जहां से गंभीर रूप से घायल 10 श्रद्धालुओ को प्रयागराज के स्वरुपरानी अस्पताल रेफर कर दिया गया।

क्षेत्राधिकारी कुंडा अजीत कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों में कृष्ण कुमार (50), संध्या देवी (12) और बासू लोधी शामिल है।

सभी उन्नाव के निवासी है। ट्रक व बस को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। ट्रक का चालक फरार हो गया है।

### लेबर-हेड की ईंट से पीट-पीट कर हत्या

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना लिंक रोड क्षेत्र में निर्माणाधीन फैक्ट्री में एक मजदूर ने लेबर हेड की ईंटों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है पुलिस जांच में अभी तक सामने आया है कि खर्चे के पैसे को लेकर दोनों में विवाद हुआ और फिर आरोपी ने लेबर हेड पर ईंटों से हमला बोल दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गाजियाबाद में एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि मंगलवार सुबह पुलिस को जानकारी मिली की थाना लिंक रोड के साइट-4 इलाके में एक निर्माणाधीन फैक्ट्री की छत पर एक शव पड़ा है। मौके पर स्थानीय पुलिस और फील्ड यूनिट पहुंची। पता चला कि शव 25 साल के तनवीर का है जो उत्तर प्रदेश के शामली का रहने वाला है।

# चित्रकूट में हत्या का दोषी पति गिरफ्तार

चित्रकूट । उत्तर प्रदेश में चित्रकूट जिले की अदालत ने 11 माह पूर्व कुल्हाड़ी से गला काटकर पत्नी की हत्या करने वाले शख्स को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है।

सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने कहा कि दोष सिद्ध होने के बाद हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास की सजा 10 हजार रुपये जुर्माने के अर्थदंड से भी दंडित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि मऊ थाना क्षेत्र के शेषा सुबकरा गांव में लगभग 11 माह पूर्व हुई इस घटना के मामले में मृतका के पिता राजापुर थाने के रगौली गांव के निवासी विफई निषाद ने मऊ थाने में पांच मई 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में वादी ने कहा था कि उसकी बेटी श्यामवती को दामाद शेषा सुबकरा निवासी लालचंद्र ने जान से मार दिया। वादी के अनुसार हत्यारोपी ने श्यामपति की गर्दन में कुल्हाड़ी से कई वार किए और उसे मौत के घाट उतारने के बाद फरार हो गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था और न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को सत्र न्यायाधीश ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर हत्यारोपी पति लालचंद्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# नाबालिग मॉडल से गैंगरेप करने वाले अरेस्ट

मुरादाबाद। नाबालिग मॉडल से चलती कार में गैंगरेप करने वाले तीनों आरोपियों को मुरादाबाद पुलिस ने अरेस्ट किया है। तीनों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराने के साथ कोर्ट में उसके बयान दर्ज कराए हैं।

संभल जिले में चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली पीड़िता ने मुरादाबाद सिटी कोतवाली में मंगलवार को घटना की एफआईआर दर्ज कराई थी।

पीड़िता ने अपनी एफआईआर में कहा था कि वो मॉडलिंग इवेंट के सिलसिले में 5 अप्रैल को जयपुर गई थी।

6 अप्रैल को वापस दिल्ली आई और मुरादाबाद के लिए वाहन का वेट कर रही थी। तभी आरोपी उसे मिले और लिफ्ट देने के बहाने कार में बैठा लिया। रास्ते में कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ देने के बाद तीनों ने उसके साथ गैंगरेप किया। इसके बाद मुरादाबाद में स्टेशन रोड के एक होटल में उसे छोड़कर भाग गए।

मुरादाबाद के एसएसपी हेमराज मीणा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया था। मामले में नामजद तीनों आरोपियों को अरेस्ट कर लिया गया है।

जिन तीन आरोपियों को पुलिस ने अरेस्ट किया है उनमें भरत सिंह पुत्र मान सिंह निवासी लाल कुआं वेव सिटी ग्रामीण गाजियाबाद, अनिल पुत्र अग्गन निवासी लाल क्वार्टर सिहानी गेट गाजियाबाद और सोनू पुत्र बसीर निवासी पुराना बस अड्डा सिहानी गेट गाजियाबाद शामिल है। इन तीनों को जेल भेज दिया गया है।

# रामपुर में तीन साल की बच्ची की हत्या

## दोनों पैर कटे थे, हाथ रस्सी से बंधे थे, कट्टे में मिला शव, गांव के 5 लोग हिरासत में

बिलासपुर। रामपुर में तीन साल की बच्ची की निर्मम हत्या कर दी गई। बच्ची रविवार सुबह से गायब थी। मंगलवार सुबह 9 बजे बच्ची का शव गांव के ही एक खाली प्लाट में कट्टे में मिला है। बच्ची के दोनों पैर कटे थे। वहीं दोनों हाथ एक रस्सी से बंधे थे। चेहरे पर पालिथीन ढकी थी। परिवार ने बच्ची की निर्मम हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने मामले में गांव के पांच लोगों को हिरासत में लिया है।

मामला बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के धावनी हसनपुर गांव का है। गांव के दानिश की 3 वर्षीय बेटी अनायजा रविवार सुबह 10 बजे घर के बाहर से खेलते हुए लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन बच्ची



का पता नहीं लगा इसके बाद परिजनों ने बिलासपुर कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बिलासपुर पुलिस ने काफी तलाश की, लेकिन बच्ची की कोई पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह सवा नौ बजे गांव की कुछ महिलाएं खाली पड़े प्लाट में कूड़ा डालने गई तो, वहां एक बंद कट्टे में कुछ पड़ा दिखा। पास जाकर देखा तो उसमें किसी की लाश थी। लाश को देखकर उनके होश उड़ गए।

### दोनों पैर कटे थे, दोनों हाथ रस्सी से बंधे थे

इसके बाद पुलिस को सुचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कट्टे को खोलकर देखा तो उसमें एक बच्ची की लाश थी।

जिसके दोनों पैर कटे थे। वहीं दोनों हाथ एक रस्सी से बंधे थे। चेहरे पर पालिथीन ढकी थी। पुलिस ने शव की शिनाख्त अनायजा नूर के रूप में की। सूचना पूरे गांव में आग की तरह फैल गई और परिजन भी रोते-बिलखते हुए घटनास्थल पर पहुंच गए।

### एक ही परिवार के पांच लोगों को लिया हिरासत में

थोड़ी ही देर बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर व प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और कट्टे में बंद पड़े शव को निकाला और अपने कब्जे में कर लिया। वहीं पुलिस ने मासूम के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा दिया। उधर पुलिस ने गांव के ही रहने वाले एक ही परिवार के पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### प्रेम प्रसंग सहित कई पहलू को लेकर की जा रही जांच

मृतका के घर के पास ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा थी। घटना के बाद डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम तथा एसपी राजेश द्विवेदी ने घटनास्थल स्थल पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली। वहीं प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि पुलिस ने एक ही परिवार के पांच लोगों को हिरासत में लिया है।

# 5 हजार रुपए के लिए हुई थी आदित्य की हत्या

## हत्यारोपियों ने कॉल करके बुलाया, रुपए मांगने पर झगड़ा हुआ, फिर मार दी गोली



**सहारनपुर।** सहारनपुर में 12वीं के छात्र की 5 हजार रुपए के लिए गोली मारकर हत्या की गई थी। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। जबकि एक अभी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। छात्र के दो गोलियां मारी गई है। पुलिस जल्द ही हत्याकांड का खुलासा करेगी। मामला थाना नकुड़ के गांव सहसपुर जट्ट का है।

### उधार के 5 हजार रुपए के कारण हुई हत्या

पुलिस की जांच में अभी तक सामने आया है कि हत्यारोपी खंडहल के पास शराब पी रहे थे। एक युवक के आदित्य पर 5 हजार रुपए थे। शराब पीने के बाद तीनों ने उसे कॉल करके बुलाया। एक युवक उसे बाइक पर लेने के लिए पहुंचा था। शराब के नशे में हत्यारोपी ने अपने 5 हजार रुपए मांगे। इसके बाद दोनों में विवाद हो गया। विवाद होने पर हत्यारोपियों ने पहले उसके साथ मारपीट की। उसके बाद उसके सीने में एक के बाद एक गोली मारी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। हत्यारोपी शव को छोड़कर फरार हो गए थे। एसपी देहात सागर जैन ने बताया, जिस जगह युवक का शव मिला है। वहां पर उसका मोबाइल नहीं मिला है। कॉल डिटेल में जिन नंबरों की कॉल डिटेल निकाली गई। उसके बाद उनकी लोकशन को ट्रेस किया गया। हत्यारोपी के मोबाइल की लोकेशन घटना स्थल पर पाई गई। जिसके बाद उसे हिरासत में लिया गया। अभी तक दो युवकों को हिरासत में ले रखा है। एक युवक फरार है। जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी। हत्याकांड का खुलासा भी कर दिया जाएगा।

### घर से एक किलोमीटर दूर मिला शव

थाना नकुड़ के गांव सहसपुर जट्ट के रहने वाले आदित्य पुत्र जोगिंदर का शव घर से एक किलोमीटर दूर एक खंडहर के पास पड़ा मिला था। युवक के सीने पर दो गोलियां लगी हुई थी। युवक छह अप्रैल की देर शाम को घर से निकला था। मोबाइल पर किसी के कॉल आई थी। तभी एक बाइक पर बैठकर आदित्य निकल गया था।

### कॉल डिटेल से संदिग्धों को हिरासत में लिया

शाम तक उसका पता नहीं चला। लेकिन अगले दिन शव एक खंडहर के पास पड़ा मिला था। पुलिस ने कॉल डिटेल के आधार पर एक युवक को उसी दिन हिरासत में ले लिया था। उसने पूछताछ में दो युवकों के ओर नाम बताए।

पुलिस अभी तक दो युवकों को हिरासत में ले रखा है। अभी एक हत्यारोपी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है पुलिस जल्द ही हत्याकांड का खुलासा करेगी।

### अज्ञात कारणों से गांव में लगी भीषण आग

**बहराइच।** मिहिपुरवा इलाके के मझरा गांव में मंगलवार दोपहर में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। तेज हवाओं के चलते आग ने विकराल रूप ले लिए अग्निकांड के तीस ग्रामीणों के मकान राख के ढेर में तब्दील हो गए। आग से लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। एसडीएम और तहसीलदार ने मौके पर पहुंच जायजा लिया है। तहसील मिहींपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत मंझरा के मिर्जवनपुरवा में मंगलवार दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे 30 ग्रामीणों के मकान पूरी तरह जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गए। आग लगने से नकदी, कपड़ा, बर्तन और जेवरात पूरी तरह जल गए। ग्राम प्रधान की सूचना पर उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार व नायब तहसीलदार अर्सलान रसीद एव राजस्व कर्मी पहुंचे। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम आग बुझाने में लगी हुई है। नायब तहसीलदार ने बताया कि सर्वे कराया जा रहा है कितना नुकसान हुआ इसका आकलन कर पीड़ितों को सरकारी अनुदान दिलवाने की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पीड़ित घर स्वामियों को राशन एवं तिरपाल की व्यवस्था कराई जा रही है।

# अलीगढ़ में पकड़ी गई तमंचा फैक्ट्री

## क्वार्सी पुलिस और एसओजी ने की कार्रवाई



**अलीगढ़।** अलीगढ़ की क्वार्सी थाना क्षेत्र में अवैध हथियारों की एक फैक्ट्री का खुलासा हुआ है। आरोपी चोरी छुपे अवैध हथियार तैयार कर रहे थे, जिसके बाद इसकी सप्लाई अलीगढ़ और आसपास के क्षेत्र में की जाती थी। पुलिस को मुखबिर के जरिए अवैध हथियार फैक्ट्री की सूचना मिली थी।

सूचना मिलने के बाद पुलिस ने रामघाट रोड में दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने नव निर्मित कालोनी में छापेमारी की। जिसके बाद मौके से 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार और हथियार बनाने का सामान भी बरामद हुआ है। अब आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### खंडहर में चल रही थी फैक्ट्री

सीओ थर्ड एएसपी अमृत जैन ने बताया कि लोकसभा चुनावों के चलते पुलिस इन दिनों पूरी तरह से चौकन्ना है। जब उन्हें अवैध हथियार फैक्ट्री की सूचना मिली तो स्वत्न और क्षेत्रिय पुलिस की टीम तत्काल गठित की गई। रामघाट रोड पर नवनिर्मित कालोनी में इसकी लोकेशन मिली थी। पुलिस टीम देर रात लगभग 11: 30 बजे मौके पर पहुंची और आरोपियों को चारो ओर से घेर लिया। यहां खंडहर नुमा भवन के अंदर यह सारा सिस्टम चल रहा था और अंदर आरोपी हथियार बनाने का काम कर रहे थे। दोनों आरोपियों को रंगे हाथों पकड़कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है।

## शार्ट न्यूज

### पेटीएम बैंक के एमडी और सीईओ ने दिया इस्तीफा

नयी दिल्ली। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुरिंदर चावला ने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक की प्रवर्तक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने शेयर बाजारों को एक नियामक फाइलिंग में यह जानकारी दी है। कंपनी ने कहा कि उसे उसकी सहयोगी इकाई पीपीबीएल द्वारा सोमवार को सूचित किया गया है कि उसके प्रबंध निदेशक और सीईओ सुरिंदर चावला ने व्यक्तिगत कारणों से 8 अप्रैल, 2024 को अपना इस्तीफा दे दिया है। उन्हें 26 जून, 2024 को पीपीबीएल से पद मुक्त कर दिया जाएगा। उनका इस्तीफा पीपीबीएल को केंद्रीय बैंक आरबीआई की निषेधात्मक कार्रवाई का सामना करने के बीच आया है। इस साल जनवरी में आरबीआई ने पीपीबीएल को 29 फरवरी के बाद ग्राहक खातों, वॉलेट, फास्टैग और अन्य उपकरणों में जमा या टॉप-अप स्वीकार करना बंद करने का निर्देश दिया था। कंपनी और पीपीबीएल के बीच लगभग सभी समझौते एक मार्च 2024 से समाप्त कर दिए गए हैं और पीपीबीएल के बोर्ड को एक स्वतंत्र अध्यक्ष सहित पांच स्वतंत्र निदेशकों के साथ पुनर्गठित किया गया है तथा कंपनी से कोई नामांकित व्यक्ति उसमें नहीं है।

### बाबा रामदेव-आचार्य बालकृष्ण ने फिर मांगी माफी

नई दिल्ली। योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने अपने उत्पादों को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाली कंपनी द्वारा जारी विज्ञापनों पर सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी है। अदालत में दायर दो अलग-अलग हलफनामों में, रामदेव और बालकृष्ण ने शीर्ष अदालत के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए भी माफी मांगी है। गौरतलब है कि 21 नवंबर, 2023 के आदेश में शीर्ष अदालत ने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उसे आश्वासन दिया था कि अब से किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा, विशेष रूप से पतंजलि द्वारा निर्मित किए गए उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग से संबंधित और इसके अलावा, औषधीय को लेकर दावा करने वाला या चिकित्सा की किसी भी प्रणाली के खिलाफ कोई भी बयान किसी भी रूप में मीडिया में जारी नहीं किया जाएगा। आश्वासन का पालन न करने और उसके बाद के मीडिया बयानों ने शीर्ष अदालत को नाराज कर दिया, जिसने बाद में उन्हें कारण बताने के लिए नोटिस जारी किया कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की जाए। शीर्ष अदालत में दायर अपने हलफनामे में, रामदेव ने कहा कि मैं विज्ञापनों के मुद्दे के संबंध में बिना शर्त माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा, मुझे इस गलती पर अफसोस है और मैं अदालत को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इसे दोहराया नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि आदेश का अनुपालन किया जाएगा और इस तरह का कोई भी विज्ञापन जारी नहीं किया जाएगा।

### 5000 करोड़ रुपये की कथित ठगी से जुड़े धनशोधन मामले में एक और गिरफ्तार

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को बताया कि उसने साइबर अपराधों और ऑनलाइन गेम के जरिए करीब 5,000 करोड़ रुपये की कथित ठगी से जुड़े धनशोधन मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पुनीत कुमार उर्फ पुनीत माहेश्वरी को तीन अप्रैल को नेपाल से लौटने के तुरंत बाद इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन से गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसी ने बताया कि दिल्ली के मोती नगर इलाके के निवासी कुमार पर साइबर फ्रॉड के अलग-अलग तरीकों से आम जनता से धोखाधड़ी करने, अपराध से अर्जित धन का शोधन करने करने और उन पैसों को भारत से बाहर भेजने का आरोप है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने आरोप लगाया, आरोपियों ने लोगों को धोखा देने का एक अलग तरीका तैयार किया और यूएई में स्थित सर्वरों का उपयोग घोटालों को अंजाम देने के लिए किया। इसके साथ ही यूएई में सिंडिकेट के संचालन का समर्थन करने के लिए भारत में स्थापित एक समानांतर प्रणाली का इस्तेमाल किया गया। एजेंसी ने आरोप लगाया कि यह व्यक्ति एक सिंडिकेट के भीतर महत्वपूर्ण सरगनाओं में से एक है।

### सोने, चांदी के भाव लगातार दूसरे दिन रिकॉर्ड स्तर पर, विदेशी बाजार में भी मजबूती जारी

नई दिल्ली। मजबूत वैश्विक रुख बीच देश की राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को भी लगातार दूसरे दिन रिकॉर्ड बनने का सिलसिला जारी रहा और दोनों बहुमूल्य धातुओं की कीमतें नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 140 रुपये की तेजी के साथ 71,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की नयी ऊंचाई पर पहुंच गई। सोमवार को सोना 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 500 रुपये के उछाल के साथ 84,500 रुपये प्रति किलोग्राम की नयी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई, जबकि सोमवार को पहली बार चांदी ने 84,000 रुपये के स्तर को लांघा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 71,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की नयी रिकॉर्ड ऊंचाई पर कारोबार कर रही थीं, जो पिछले बंद भाव से 140 रुपये की बढ़त है।''

### पेन के पीएम ने गोल्डन वीजा स्कीम को रद्द करने की बात कही

नई दिल्ली। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने सोमवार को कहा कि स्पेन अपनी तथाकथित गोल्डन वीजा योजना को रद्द कर रहा है, जिसके तहत विदेशी निवेशकों को संपत्ति में 500,000 यूरो के निवेश के लिए निवास की सुविधा मिलती है। सांचेज ने दक्षिणी शहर सेविले के पास एक इलाके का दौरा करते हुए कहा कि सरकार तथाकथित गोल्डन वीजा योजना को खत्म करने जा रही है जो संपत्ति में 500,000 यूरो के निवेश के बदले स्पेन में पहुंच की अनुमति देती है। उन्होंने कहा कि मंगलवार की कैबिनेट बैठक में अनुमोदित किए जाने वाले इस कदम से सरकार को संपत्ति के क्षेत्र में सट्टा निवेश के खिलाफ लड़ाई में सहूलियत होगी। जिसके कारण कई युवा लोगों और परिवारों को आवास की सुविधा नहीं मिल पा रही है। यह योजना 2013 में शुरू की गई थी जब अर्थव्यवस्था संघर्ष कर रही थी और स्पेन विदेशी पूंजी आकर्षित करना चाहता था। इसके तहत गैर-यूरोपीय संघ के निवेशकों को संपत्ति या एक स्पेनिश कंपनी में कम से कम 500,000 यूरो (542,000) के निवेश करने के बदले में तीन साल का काम और रहने का परमिट दिया जाता है।

### गवर्नर शक्तिकांत दास की अपील- देश-विदेश में रुपया डेरिवेटिव में भागीदारी बढ़ाएं बैंक



मुंबई। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने भारतीय बैंकों से घरेलू व विदेशी दोनों स्तरों पर रुपया डेरिवेटिव बाजार में भागीदारी बढ़ाने की अपील की है। डेरिवेटिव बाजारों में घरेलू बैंकों की भागीदारी सिर्फ सक्रिय बाजार निर्माताओं के एक छोटे समूह के साथ सीमित है। साथ ही, वैश्विक बाजारों में भारतीय बैंकों की भागीदारी बढ़ रही है, लेकिन यह काफी कम है। दास ने सोमवार को बार्सिलोना में एक कार्यक्रम में कहा, घरेलू बैंक निचले स्तर के ग्राहकों के बजाय वैश्विक स्तर पर बाजार-निर्माताओं के साथ काम कर रहे हैं। बेशक, बैंकों को उचित परिश्रम करने, जोखिम उठाने की क्षमता का आकलन करने और फिर इस दिशा में सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है। हमारा ध्यान विवेकपूर्ण रहते हुए घरेलू और विदेशी दोनों बाजारों में रुपया डेरिवेटिव्स के लिए भारतीय कंपनियों की भागीदारी को बढ़ाने पर होना चाहिए।

# 75 हजारी होकर फिसला शेयर बाजार



मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत महज चौबीस सत्रों में 75 हजारी हुआ सेंसेक्स आज दोपहर बाद टाइटन, रिलायंस, टीसीएस, एलटी, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी और एसबीआई समेत अठारह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली के दबाव में शिखर से फिसल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स मंगलवार को खुलते ही महज चौबीस सत्रों में 74 हजार अंक से 75 हजार अंक के पार पहुंच गया। लेकिन, ऊंचे भाव पर बिकवाली होने से यह 58.80 अंक फिसलकर 74,683.70 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 23.55 अंक उतरकर 22,642.75 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.47 प्रतिशत गिरकर 40,746.60 अंक और स्मॉलकैप 0.15 प्रतिशत उतरकर 45,935.21 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3951 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2229 में गिरावट जबकि 1612 में तेजी रही वहीं 110 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी 34 कंपनियां लाल जबकि शेष 16 लाल निशान पर बंद हुई।

बीएसई के 10 समूहों में बिकवाली हुई। इससे सीडी 0.31, ऊर्जा 0.71, एफएमसीजी 0.57, इंडस्ट्रियल्स 0.55, दूरसंचार 0.29, ऑटो 0.32, कैपिटल गुड्स 0.32, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.10, तेल एवं गैस 0.47 और पावर समूह के शेयर 0.18 प्रतिशत टूट गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.13, जापान का निक्केई 1.08, हांगकांग का हैंगसेंग 0.57 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.05 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.61 और दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 0.46 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 382 अंक की तेजी लेकर 75,124.28 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 74,603.37 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 74,742.50 अंक के मुकाबले 0.08 प्रतिशत फिसलकर 74,683.70 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 99 अंक की बढ़त के साथ 22,765.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,768.40 अंक के उच्चतम जबकि 22,612.25 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,666.30 अंक की तुलना में 0.10 प्रतिशत गिरकर 22,642.75 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में टाइटन 1.81, रिलायंस 1.48, एशियन पेंट 1.26, टेक महिंद्रा 1.15, इंडसइंड बैंक 1.12, विप्रो 0.85, टीसीएस 0.64, आईटीसी 0.63, एसबीआई 0.55, एलटी 0.53, टाटा मोटर्स 0.47, पावरग्रिड 0.32, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.27, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.21, एनटीपीसी 0.18 और भारती एयरटेल 0.15 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, आईसीआईसीआई बैंक 1.87, इंफोसिस 1.19, बजाज फिनसर्व 1.18, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.57, टाटा स्टील 0.48, एक्सिस बैंक 0.38, बजाज फाइनेंस 0.30, नेस्ले इंडिया 0.25, एचसीएल टेक 0.21, एचडीएफसी बैंक 0.16, मारुति 0.11 और सन फार्मा के शेयर 0.06 प्रतिशत मजबूत रहे।

## एसर का 200 वां स्टोर शुरू

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। टेक्नोलॉजी ब्रांड एसर ने दिल्ली एनसीआर में अपना विस्तार करते हुये नोएडा में अपने 200वें स्टोर का आज शुभारंभ किया।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह नया स्टोर एक ऐसा वातावरण प्रदान करता है जहां ग्राहक एसर के उत्पादों की अत्याधुनिक रेंज को पूरी तरह से एक ही जगह देख सकते हैं। स्लीक लैपटॉप से लेकर पावरफुल डेस्कटॉप और मॉनिटर से लेकर शानदार गेमिंग डिवाइस और ढेर सारी एक्सेसरीज़ तक एसर के तमाम उत्पाद यहां एक ही स्टोर में मिल सकेंगे।

उसने कहा कि अभिनेत्री मौनी रॉय ने इस स्टोर का शुभारंभ किया और इस दौरान दो एआई लैपटॉप – स्विफ्ट गो और प्रीडेटर हेलिओस 16 सीरीज भी लॉन्च किए गये।

कंपनी ने कहा कि नोएडा के डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में 200वें स्टोर का शुभारंभ ब्रांड के लिए एक महत्वपूर्ण मौका है। यह स्टोर ग्राहकों को एक शानदार खरीदारी अनुभव देने के नजरिए से स्थापित किया गया है जो रिटेल खरीदारों की खरीदारी को सुविधाजनक बनाने के एसर के नजरिए के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। यह उपलब्धि पूरे भारत में ग्राहकों के लिए नई टेक्नोलॉजी को सुलभ बनाने के प्रति एसर के अटूट समर्पण को दिखाती है और उत्पादों और सेवाओं में उत्कृष्टता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

एसर इंडिया के मुख्य विक्रय अधिकारी संजीव मेहतानी ने कहा, हम अपने 200 वें स्टोर के शुभारंभ के साथ इस बड़ी उपलब्धि तक पहुंचकर उत्साहित हैं।

यह उपलब्धि कड़ी मेहनत का प्रमाण है। इसको संपूर्ण एसर टीम का समर्पण और हमारे ग्राहकों और पार्टनर्स का अटूट समर्थन हासिल है। हम अपने रिटेल कारोबार का विस्तार कर रहे हैं। हम नए प्रोडक्ट, अच्छी सर्विस और यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे ग्राहकों के जीवन को समृद्ध बनाते हैं।

इस लॉन्च के साथ, एसर 2025 की शुरुआत तक 300 से ज्यादा एक्सक्लूसिव स्टोर खोलने की अपनी योजना के एक कदम और करीब आ गया है।

## टिकटों की मांग बढ़ने से हवाई किराये 20 से 25 प्रतिशत तक बढ़े

नई दिल्ली। हवाई यात्रियों को गर्मियों में घरेलू उड़ानों के लिए अधिकद किराये भुगतान करना होगा। विस्तारा एयरलाइन की उड़ानें रद्द होने और यात्री मांग में मजबूती बने रहने से हवाई किराये में 20-25 प्रतिशत की बढ़ोतरी पहले ही हो चुकी है। उद्योग विशेषज्ञों के मुताबिक, गर्मी के मौसम में हर साल हवाई यात्रा की मांग अधिक रहती है। लेकिन इस साल विमानन उद्योग मांग के अनुरूप क्षमता बढ़ाने में कई चुनौतियों से जूझ रहा है। यहां तक कि घरेलू मार्गों पर बड़े विमानों का उपयोग भी कर रहा है। इस दौरान टाटा समूह की विस्तारा एयरलाइन की सौ से अधिक उड़ानें रद्द होने से हवाई किराया पहले ही बढ़ चुका है। पायलटों की नाराजगी का सामना कर रही एयरलाइन ने प्रतिदिन 25-30 उड़ानों यानी अपनी कुल क्षमता में 10 प्रतिशत की कटौती कर दी है। यात्रा वेबसाइट इक्सिगो के एक विश्लेषण से पता चला है कि एक से सात मार्च की अवधि की तुलना में एक से सात अप्रैल की अवधि में कुछ हवाई मार्गों पर किराया 39 प्रतिशत तक चढ़ गया। इस अवधि में दिल्ली-बेंगलुरु उड़ानों के लिए एकतरफ का किराया 39 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि दिल्ली-श्रीनगर उड़ानों के लिए इसमें 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। विश्लेषण के मुताबिक, दिल्ली-मुंबई उड़ान सेवाओं के मामले में किराया वृद्धि 12 प्रतिशत और मुंबई-दिल्ली सेवाओं के मामले में आठ प्रतिशत थी। ट्रैवल पोर्टल यात्रा ऑनलाइन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत मलिक ने कहा कि मौजूदा ग्रीष्मकालीन उड़ान कार्यक्रम में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों मार्गों को शामिल करते हुए अनुमानित औसत हवाई किराया 20-25 प्रतिशत के बीच बढ़ने का अनुमान है। मलिक ने कहा, विस्तारा की उड़ानों में 10 प्रतिशत कटौती के फैसले ने प्रमुख घरेलू मार्गों पर टिकट की कीमतों को प्रभावित किया है। हमने किराये में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। दिल्ली-गोवा, दिल्ली-कोच्चि, दिल्ली-जम्मू और दिल्ली-श्रीनगर जैसे प्रमुख मार्गों पर कीमतें लगभग 20-25 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि बढ़े हुए हवाई किराये का एक प्रमुख कारण विस्तारा की ओर से उड़ान संचालन में कटौती है। इसके अलावा ईंधन की बढ़ती लागत के साथ ग्रीष्मकालीन यात्रा की बढ़ती मांग ने भी किराया बढ़ाने में भूमिका निभाई है। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स में वरिष्ठ निदेशक और वैश्विक प्रमुख जगन नारायण पद्मनाभन ने कहा, ''व्यस्त मौसम आते ही किराया पांच-सात प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अधिकांश यात्राएं निजी कारणों से और परिवार के साथ की जाने वाली हैं।

## ब्लू स्टार ने लॉन्च की रूम एसी की नई रेंज

नयी दिल्ली। ब्लू स्टार लिमिटेड ने मंगलवार को रूम एसी की अपनी नई रेंज का अनावरण किया, जिसमें किफायती और फ्लैगशिप प्रीमियम रेंज शामिल हैं। कंपनी ने कुल मिलाकर, हर उपभोक्ता वर्ग की ज़रूरत को पूरा करने के लिए इन्वर्टर, फिक्स्ड स्पीड और विंडो एसी के स्पेक्ट्रम और अलग-अलग कीमत वाले 100 से अधिक मॉडल लॉन्च किए।

कंपनी के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने नयी रेंज को लॉँच के मौके पर यहां संवाददाताओं से कहा, रूम एसी का बाजार अपने ऐतिहासिक मोड़ पर है और अगले कुछ साल में तेजी से विकास करने के लिए तैयार है। उद्योग का अनुमान है कि 2030 तक बाजार बढ़ कर दोगुने से भी अधिक हो जाएगा। 80 साल से अधिक की एसी विशेषज्ञता और बाज़ार में स्थापित होने के मद्देनज़र यह हमारे लिए उल्लेखनीय अवसर है। ब्लू स्टार ने बढ़ती मांग का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने के लिए दक्षताओं और क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अनुसंधान एवं विकास, विनिर्माण के साथ-साथ आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण निवेश करना जारी रखा है। हमें उम्मीद है कि आगामी गर्मी का मौसम अच्छा रहेगा और रूम एयर कंडीशनर की मांग भी मज़बूत रहने की उम्मीद है। हमें विश्वास है कि विभिन्न किस्म के रूम एसी की उल्लेखनीय पेशकशों के साथ, सभी उपभोक्ता वर्गों और मूल्य दायरे में हम शेष बाज़ार के मुकाबले तेज़ी से वृद्धि दर्ज करेंगे।

उन्होंने कहा कि उच्च आय वाले मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या के कारण रूम एसी के बाजार में महत्वपूर्ण मांग देखी जा रही है और यह श्रेणी विलासिता से अधिक एक आवश्यकता बन गई है। कंपनी को पहली बार एसी खरीदने वालों की ओर से मांग दिख रही है, खासकर टियर 2, 3 और 4 बाजारों के साथ-साथ रिप्लेसमेंट बाजार में भी। ब्लू स्टार ने इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने विनिर्माण, अनुसंधान एवं विकास और नवोन्मेष क्षमताओं का लाभ उठाते हुए कई नए, विशिष्ट लॉन्च किए हैं। 2024 के लिए एयर कंडीशनर की नई रेंज कंपनी ने इन्वर्टर स्प्लिट एसी सेगमेंट में तीन श्रेणियां लॉन्च की हैं। इनमें 2-स्टार, 3-स्टार और 5-स्टार वेरिएंट में फ्लैगशिप, प्रीमियम और किफायती रेंज शामिल हैं, जो 29,990 रुपये से शुरू होने वाली कीमत पर 0.8 टन से 2.2 टन तक विभिन्न कूलिंग क्षमताओं में उपलब्ध हैं।

उन्होंने कहा कि लॉन्च किए गए नए एसी विभिन्न ग्राहक-अनुकूल फीचर से लैस हैं। इनमें एआई प्रो नामक एक नया नवोन्मेषी फीचर शामिल है। यह एक जटिल और इंट्यूइटिव एल्गोरिदम है, जो विभिन्न मापदंडों को महसूस करता है, समायोजित करता है और अधिकतम आराम सुनिश्चित करता है। इसके अलावा, इनमें तेज़ कूलिंग के लिए टर्बो कूल जैसी सुविधाएं शामिल हैं; कन्वर्टिबल 6-इन-1 कूलिंग जहां ग्राहक कूलिंग क्षमता को बढ़ा या घटा सकते हैं; और नैनो ब्लूप्रोटेक्ट टेक्नोलॉजी और हाइड्रोफिलिक ब्लू फिन कोटिंग, आईडीयू और ओडीयू दोनों के लिए, क्रमश: कॉयल जंग और रिसाव को रोकने और लंबे समय तक चलने से जुड़ी है। कुछ अन्य अनूठी विशेषताओं में डिजीक्यू पेंटा सेंसर शामिल हैं जो अद्वितीय सटीकता और विश्वसनीयता प्रदान करते हैं और साथ ही यूनिफॉर्म कूलिंग के लिए चौतरफा स्विंग तेज़ तथा प्रभावी कूलिंग के लिए उच्च कूलिंग प्रदर्शन, हर 0.5 डिग्री सेल्सियस पर तापमान सेट करने के लिए सटीक कूलिंग तकनीक और स्वच्छ हवा के लिए सक्रिय कार्बन के साथ एक पीएम 2.5 फिल्टर है।

त्यागराजन ने कहा कि सभी ब्लू स्टार इन्वर्टर एसी स्मार्ट रेडी हैं और एक अलग स्मार्ट मॉड्यूल के साथ इन्हें स्मार्ट एसी में अपग्रेड किया जा सकता है। ब्लू स्टार के इन्वर्टर एसी का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह है कि उनके पास एक विस्तृत ऑपरेटिंग वोल्टेज रेंज है, जिससे बाहरी वोल्टेज स्टेबलाइजर की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। फ्लैगशिप रेंजकंपनी ने फ्लैगशिप मॉडलों की एक शानदार रेंज लॉन्च की है, जिसमें %सुपर एनर्जी-एफिशिएंट एसी, हैवी-ड्यूटी एसी, स्मार्ट वाई-फाई एसी, हॉट एंड कोल्ड एसी और एंटी-वायरस टेक्नोलॉजी वाले एसी शामिल हैं।

ब्लू स्टार ने एक मॉडल विकसित किया है जो शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस नीचे तक के परिवेश के तापमान पर काम कर सकता है, विशेष रूप से श्रीनगर जैसे बाज़ारों के लिए डिज़ाइन किया गया है, और एक अन्य रेंज जो देश के बाकी हिस्सों के लिए शून्य से 2 डिग्री सेल्सियस तक नीचे के परिवेश के तापमान पर काम कर सकती है, जहां काफी सर्दी होती है।

## ईयू और भारत के ईवी बैटरी रीसाइक्लिंग टेक्नोलॉजीज स्टार्टअप से ईओआई आमंत्रित

नयी दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के वास्ते बैटरी रीसाइक्लिंग टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में काम करने वाले स्टार्टअप के लिए 30 अप्रैल 2024 तक अपनी रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जमा करने के लिए आमंत्रित किया।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार ईयू भारत व्यापार एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने मैचमेकिंग कार्यक्रम के तहत यह ईओआई आमंत्रित किया है। इसका उद्देश्य यूरोपीय और भारतीय लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमई) तथा स्वच्छ और हरित प्रौद्योगिकी क्षेत्र में स्टार्टअप के बीच सहयोग को बढ़ाना है। ज्ञान और विशेषज्ञता का अपेक्षित आदान-प्रदान दुर्लभ सामग्रियों की व्यापकता को आगे बढ़ाने और भारत और यूरोपीय संघ दोनों में कार्बन तटस्थता की ओर बढ़ने में सहायक होगा। यह पहल 25 अप्रैल 2022 को नई दिल्ली में भारत और यूरोपीय आयोग द्वारा घोषित भारत-ईयू व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) के तहत होती है।

यह एक स्थायी एजेंडे को बढ़ावा देने, नवाचार को बढ़ावा देने और यूरोपीय संघ और भारत के बीच मजबूत आर्थिक संबंध बनाने के व्यापक प्रयास का भी हिस्सा है।

मंगलवार को लॉन्च किए गए मैचमेकिंग कार्यक्रम के लिए ईओआई, ईवी बैटरी रीसाइक्लिंग टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में भारतीय और यूरोपीय संघ के स्टार्टअप/एसएमई को अपने अभिनव समाधान पेश करने और भारतीय/यूरोपीय उद्यम पूंजीपतियों और समाधान अपनाने वालों के साथ जुड़ने के लिए एक मंच प्रदान करता है। बारह इनोवेटरों, भारत और ईयू से छह-छह का चयन किया जाएगा और उन्हें जून 2024 में होने वाले मैचमेकिंग कार्यक्रम के दौरान पिचिंग का अवसर मिलेगा। छह फाइनलिस्ट (ईयू से तीन और भारत से तीन) को उनकी पिचिंग प्रस्तुतियों के बाद चुना जाएगा और सम्मानित किया जाएगा।

### आईआईएचएल लेगी आईएएमआई में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी

नयी दिल्ली। इंडसइंडइंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड और इनवेस्को लिमिटेड ने एक संयुक्त उद्यम बनाने का करार किया है जिसमें आईआईएचएल इनवेस्को एस्सेट मैंनेजमेंट इंडिया लिमिटेड में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी लेगी। इनवेस्को एस्सेट मैंनेजमेंट इंडिया अभी इनवेस्को लिमिटेड की भारतीय शाखा है, जो एक स्वतंत्र वैश्विक निवेश प्रबंधन फर्म है, जिसकी प्रबंधनाधीन संपत्ति 1.6 लाख करोड़ डॉलर से अधिक है। आईआईएचएल इंडसइंड बैंक की प्रवर्तक इकाई है, जो बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध भारत का 5वां सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का बैंक है और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा विनियमित है।

## जयपुर रग्स ने आयोजित की स्टोर डिज़ाइन पुरस्कार प्रतियोगिता



नयी दिल्ली। हस्तनिर्मित गलीचों के बाजार के नामी ब्रांड जयपुर रग्स ने आर्कडाइस के साथ मिल कर स्टोर के डिजाइन और निर्माण की एक अभिनव पुरस्कार प्रतियोगिता की घोषणा की है।

पिछले 40 साल के काम से वैश्विक लक्जरी ब्रांडों की सूची में स्थान बनाने वाले जयपुर रग्स की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस प्रतियोगिता में वास्तुशिल्पी और इंटीरियर डिजाइनर अपनी सृजनशीलता का परिचय दे सकते हैं। कंपनी ने कहा है, 'यह प्रतियोगिता आर्किटेक्ट्स और इंटीरियर डिजाइनरों को भारत में जयपुर रग्स के लिस बड़े स्टोर के लिए ऐसे विशेष इंटीरियर तैयार करके अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए आमंत्रित करती है जो जयपुर रग्स की विरासत, शिल्प कौशल और विशिष्टता को उजागर करते हों।

इस आयोजन में उसने इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन की विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी आर्कडाइस का सहयोग लिया है।

इसके लिए कंपनी की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण 15 अप्रैल तक चलेगा और प्रस्तुतियां जमा करने की अंतिम तिथि 18 अप्रैल होगी। पुरस्कार समारोह मई 2024 के तीसरे सप्ताह के लिए निर्धारित है।

जयपुर रग्स के निदेशक योगेश चौधरी कहा, हम यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि कैसे डिजाइनर हमारे ब्रांड के सार को समाहित करेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विजेता को पचास हजार रुपये का नकद पुरस्कार, साथ ही इतनी ही राशि के उपहार वाउचर, ट्रॉफी और प्रमाणपत्र। उपविजेता को पच्चीस हजार रुपये नकद और पैंतीस हजार रुपये के उपहार वाउचर , दूसरे उपविजेता को पंद्रह हजार रुपये नकद और पच्चीस हजार रुपये के उपहार वाउचर दिए जाएंगे। आर्कडाइस के प्रवक्ता रुशिकेश कोठारी ने कहा कि पुरस्कारों का निर्णय प्रतिष्ठित निर्णायकों का एक मंडल करेगा। इसमें जयपुर रग्स की निदेशक रुतवी चौधरी और कंपनी के कलात्मकता निदेशक ग्रेग फोस्टर के अलावा अबिन डिज़ाइन स्टूडियो के अबिन चौधरी, एले डेकोर इंडिया के संपादक मृदुल पाठक कुंडू, कॉन्सेप्ट बुटीक बंगलॉ येट की मैथिली अहलुवालिया और केसगुड्स के सलीम भट्ट जैसे नाम शामिल हैं।

जयपुर रग्स दुनिया भर के 85 से अधिक देशों में भारत की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करता है और इसके साथ 40,000 से अधिक कारीगर जुड़े हैं।

## मूंगफली और वनस्पति तेल महंगा; दालों में मिलाजुला रुख

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में आई तेजी के प्रभाव से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में मूंगफली तेल और वनस्पति तेल महंगे हो गए जबकि दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 17 रिंगिट की बढ़त लेकर 4531 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.19 सेंट की तेजी के साथ 48.09 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में मूंगफली तेल में 73 रुपये और वनस्पति तेल में 133 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मूसर दाल 100 रुपये और उड़द दाल 150 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई जबकि अरहर दाल में 500 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, चना, दाल चना और मूंग दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे –

दाल-दलहन : चना 5650-5750, दाल चना 6650-6750, मसूर काली 7450-7550, मूंग दाल 9800-9900, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 11500-11600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल ~ 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4000-4100, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 12234 रुपये, मूंगफली तेल 20073 रुपये, सूरजमुखी तेल 12234 रुपये, सोया रिफाइंड 10622 रुपये, पाम ऑयल 8400 रुपये और वनस्पति तेल 10133 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# शार्ट न्यूज

## श्याम लाल कॉलेज तीसरे पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

नयी दिल्ली। श्याम लाल कॉलेज ने किरोड़ीमल कॉलेज को 9-1 से हराकर तीसरे पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट में हॉकी के पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यहां खेले गये मुकाबले में श्याम लाल कॉलेज की ओर से ललित और आशीष शेरावत ने तीन तीन गोल दागे। वहीं आशीष गुप्ता मोहित और प्रवीण ने एक-एक गोल किए। करोड़ीमल कॉलेज की ओर से ध्रुव ने एकमात्र गोल किया। श्यामलाल कॉलेज के आशीष शेरावत को मैन ऑफ द अवार्ड नवाजा गया। एक अन्य मुकाबले में गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज एलुमनाई टीम ने श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स को 6-1 से हारकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज एलुमनाई टीम की ओर से मनीष ने तीन, विपिन ने दो और सूरज ने एक गोल दागे। जबकि श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स की ओर से एकमात्र गोल आयुष ने किया। इस मैच श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज एलुमनाई विपिन नंदलाल को बेहतरीन खेल के लिए मैन ऑफ द मैच का अवार्ड से नवाजा गया। महिला वर्ग में दिल्ली यूनिवर्सिटी और इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट आफ फिजिकल एजुकेशन के बीच में मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा।

## सिंधू और लक्ष्य के सामने कठिन चुनौती

नई दिल्ली। एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और इस वर्ष ऑल इंग्लैंड के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य सेन के सामने कठिन चुनौती है। सिंधू दूसरे दौर में पहुंचीं तो उनके सामने छठी वरीय चीन की हान यू होंगी, जबकि लक्ष्य के सामने पहले ही दौर में शीर्ष वरीय चीन के शी यूकी होंगे। एचएस प्रणय का पहले दौर में चीन के लू गुआंग जू से मुकाबला होगा। पेरिस ओलंपिक के क्वालिफिकेशन का यह अंतिम टूर्नामेंट हैं। इसके बाद ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाले शीर्ष 16 शटलरों की रैंकिंग जारी होनी है। इस टूर्नामेंट से सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष डबल्स जोड़ी पहले ही नाम वापस ले चुकी है। बावजूद इसके टूर्नामेंट में एशिया के सभी शीर्ष शटलर शिरकत कर रहे हैं। इनमें शीर्ष वरीय कोरिया की एन से यंग, ओलंपिक विजेता चीन की चेन यू फेई, ताईवान की ताई जू यिंग, जापान की अकाने यामागुची के अलावा पुरुष वर्ग में शी यूकी, सिंगापुर के लोह कीन यू, इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी, जापान के केंता निशिमोतो, कोडाई नरोका जैसे शटलर शामिल हैं। सात्विक और चिराग की जोड़ी इस वर्ष शानदार फॉर्म में चल रही है और उनसे पुरुष डबल्स वर्ग में इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने की उम्मीद है।

## मयंक यादव अगले दो मैचों से बाहर हो सकते हैं

लखनऊ सुपर जाइंट्स के CEO विनोद बिष्ट ने टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव के हेल्थ को लेकर बयान जारी किया है। सोमवार को ऑफिशियल बयान में बिष्ट ने कहा, मयंक को पेट के निचले हिस्से में हल्का दर्द है। ऐसे में उन पर कोई दबाव ना रहे, इसको लेकर बतौर एहतियातन अगले एक हफ्ते तक उनका वर्कलोड मैनेज किया जाएगा। उम्मीद है कि हम उन्हें जल्द ही मैदान पर देख देखेंगे। LSG को इस सप्ताह 12 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ लखनऊ में ही अपना अगला मैच खेलना है, जबकि 14 अप्रैल को वे कोलकाता नाइट राइडर्स से कोलकाता में भिड़ेंगे। ऐसे में संभावना है की मयंक इन दोनों मैच से बाहर रह सकते हैं। टीम के पिछले मैच में 7 अप्रैल को गुजरात के खिलाफ मयंक एक ओवर की फेंक सके। बाद में वे चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए और फिर गेंदबाजी या फील्डिंग के लिए मैदान में नहीं आए। इस मैच में मयंक ने 140किमी/घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी की, जबकि पिछले दो मैचों में उन्होंने 150+ की स्पीड के साथ लगातार बॉलिंग की थी। गुजरात के खिलाफ मैच के बाद स्त्र के ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या ने कहा, मैंने मयंक के साथ बातचीत की और वह ठीक लग रहे थे, जो एक टीम के लिए पॉजिटिव बात है।

## हैदराबाद ने हसरंगा की जगह विजयकांत वियाष्कांत को टीम में शामिल किया

मुल्लांपुर। सनराइजर्स हैदराबाद ने चोटिल वनिंदु हसरंगा के स्थान पर हमवतन स्पिनर विजयकांत वियाष्कांत को टीम में शामिल किया है। 22वर्षीय के वियाष्कांत ने अभी तक एक अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच 2023 में एशियन गेम्स में खेला था। आईएलटी-20 में माय एमिरेट्स के लिए खेलते हुए उन्होंने चार मैचों में आठ विकेट लिये थे। वह बीपीएल में चटगांव चैलेंजर्स और एलपीएल में जाफना किंग्स के लिए खेलते हैं। 33 टी-20 में वियाष्कांत की 18.78 की औसत, 6.76 की इकॉनमी और 16.6 का स्ट्राइक रेट है। राजस्थान रॉयल्स के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट कुमार संगकारा उनको पिछले आईपीएल सत्र नेट गेंदबाज के तौर पर लेकर आए थे। अब वह श्रीलंका के एक और खिलाड़ी मुथैया मुरलीधरन के साथ काम करेंगे जो सनराइज़र्स में गेंदबाजी कोच हैं। उल्लेखनीय है कि रविवार को श्रीलंका क्रिकेट ने बीसीसीआई से संपर्क किया और कहा कि हसरंगा जून-जुलाई में होने वाले टी-20 विश ?वकप को देखते हुए आईपीएल से बाहर हो गए हैं।

## मोज़ाम्बिक में जहाज दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 97 हुई



मापुटो। मोजाम्बिक के उत्तरी प्रांत नामपुला में मोजाम्बिक द्वीप के पास रविवार को हुई जहाज दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 97 हो गई। हादसे में अब तक 12 लोग जीवित बचे हैं। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। मोज़ाम्बिक द्वीप के प्रशासक सिल्वरियो नौएटो ने द्वीप पर स्थानीय मीडिया को बताया कि सोमवार सुबह तीन पीड़ितों का पता चला। उन्होंने बताया कि 17 बच्चों समेत 30 लोगों को पहले ही दफनाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त जहाज एक अस्थायी नौका थी जिसमें 130 लोग सवार थे। ये लोग हैजा के प्रकोप के बारे में गलत सूचना के कारण फैली दहशत के कारण मोसुरिल छोड़ रहे थे। नौएटो ने कहा कि अधिकारी लापता लोगों का पता लगाने के लिए मोजाम्बिक द्वीप और मोसुरिल जिले में लुंगो प्रशासनिक चौकी के बीच पानी में तलाश जारी रखे हुए हैं।

## ईरान ने दशिमक में इजरायली हमले के बाद नया वाणिज्य दूतावास खोला

दमिश्क। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने सीरिया की राजधानी दमिश्क में पिछले हफ्ते इजरायली हमले के बाद सोमवार को नये वाणिज्य दूतावास भवन का उद्घाटन किया। अब्दुल्लाहियन, सीरिया के विदेश मंत्री फैसल मेकदाद के साथ नए वाणिज्य दूतावास के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। यह भवन पिछली इमारत के बगल में स्थित है जिसे कुछ दिन पहले इजरायली मिसाइल हमले द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। अब्दुल्लाहियन एक अप्रैल को ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायली हमले के बाद देश की अपनी पहली यात्रा के लिए सोमवार दोपहर दमिश्क पहुंचे। हमले में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के वरिष्ठ नेता मारे गए, जिनमें एक अनुभवी कमांडर मोहम्मद रज़ा ज़ाहेदी भी शामिल थे। जिन्होंने सीरिया और लेबनान में आईआरजीसी विदेशी ऑपरेशन विंग, कुद्स फोर्स का नेतृत्व किया। उन्होंने दमिश्क की अपनी यात्रा के दौरान सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद, विदेश मंत्री फैसल मेकदाद और सीरियाई राष्ट्रीय सुरक्षा के अधिकारियों के साथ बैठकें कीं।

# राजस्थान अजय रथ को आगे बढ़ाने, गुजरात हार के सिलसिले को तोड़ने उतरेगा

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 24वें मुकाबले में अपनी पांचवीं जीत दर्ज करने तथा गुजरात जायंट्स पिछले दो मुकाबलों में मिली हार के क्रम को तोड़ने के लिए उतरेगा।

राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग और कप्तान संजू सैमसन बल्लेबाजी मे और यजुवेन्द्र चहल गेंदबाजी में बेहतरीन फार्म में चल रहे है और टीम को पिछले चार मैचों में जीत मिली है। राजस्थान इन जीतों से उत्साहित है और वह इसे कायम रखना चाहेगा। वहीं खराब फार्म से जुझ रही गुजरात की टीम अपने पिछले दो मैचों में मिली हार को भुलाकर नये जोश के साथ मैदान में उतरेगी।

प्रदर्शन के मामले में अगर देखा जाये तो राजस्थान रॉयल्स ने कप्तान संजु सैमसन नाबाद 82रन और रियान पराग 43 रनों पारियों के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स को 20 रन से हरा कर अपनी पहली जीत दर्ज की थी। इसके बाद राजस्थान ने दिल्ली कैपिटल्स पर रियान पराग के नाबाद 84 रनों और चहल और नांद्रे बर्गर के दो-दो विकेटों के दम पर 12 रन जीत दर्ज की थी। तीसरे मुकाबले में रियाग पराग की 54 रनों की नाबाद पारी और ट्रेंट बोल्ड और यजुवेन्द्र चहल के तीन-तीन विकेटों की बदौलत मुम्बई इंडियंस को छह विकेट से किया था पराजित। चौथे मुकाबले में जॉस बटलर के नाबाद 100 रन और संजू सैमसन की 69 रनों की कप्तानी पारी के दम पर पांच गेंदे शेष रहते लक्ष्य हासिल कर रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु को भी छह विकेट से हराया है और पिछले मैचों में मिली जीत वह उत्साहित है। पिछले मैचों के अनुसार राजस्थान के कप्तान संजु सैमसन और रियान पराग बेहतरीन बल्लेबाजी कर दर्शकों को रोमांचित कर रहे। वहीं यजुवेन्द्र चहल का भी जलवा बरकरार है। राजस्थान के चार मैचों में लगातार चार जीत के साथ आठ अंक है और वह अंक तालिका में सबसे ऊपर है।

वहीं अगर गुजरात जायंट्स की बात की जाये तो उसे बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों स्तर पर संघर्ष करना पड़ रहा है। हालांकि उसने अपने पहले मुकाबले में सांई सुदर्शन की 45 रनों की पारी और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर मुम्बई इंडियंस को छह रन से हराया था। उसके बाद वह टीम प्रयास के मामले में पिछड़ गई और उसे दूसरे मैच में उसे चेन्नई सुपर किंग्स ने 63 रनों से हरा दिया।

तीसरे मुकाबले में पहले मोहित शर्मा की तीन विकेट की शानदार गेंदबाजी उसके बाद सांई सुदर्शन के 45 रन और डेविड मिलर के 44 रन के दम पर गुजरात ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया था। चौथे मैच में उसने कप्तान शुभमन गिल के नाबाद 89 रनों की पारी के बावजूद तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। पांचवें मुकाबले में उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की धार कुंद नजर आई और उसे लखनऊ सुपर जायंट्स के हाथों 33 रनों से हार मिली। गुजरात को उसके पांच मैचों में से तीन में हार का सामना करना पड़ा और उसके पांच मैचों में चार अंक है तथा वह तालिका में सातवें नंबर पर है। अगर उसे हार के क्रम को तोड़ना है तो उसे टीम प्रयास के साथ बल्ले और गेंद दोनों स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा।

## हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 का किया अनावरण

नयी दिल्ली। देश में उभरती हुई महिला हॉकी खिलाड़ियों के विकास को ध्यान रखते हुए हॉकी इंडिया ने मंगलवार को राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 का अनावरण किया।

लीग पहला चरण 30 अप्रैल से 9 मई तक रांची में आयोजित किया जायेगा। इस चरण के दौरान सभी मैच मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के उद्घाटन सत्र में अपनी जगह बनाने वाली हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के बीच प्रतिस्पर्धा होगी।

यह लीग युवा प्रतिभाओं के लिए भी अपने दरवाजे खोलेगी। इसमें 21 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे।

राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग न केवल महिला हॉकी के स्तर को ऊपर उठाने में बल्कि देश भर में एथलीटों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करेगी। इस पहल के जरिए हॉकी इंडिया खेलों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और महिलाओं के लिए हॉकी में उत्कृष्टता हासिल करने के रास्ते बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

लीग को लेकर उत्साहित हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग भारतीय हॉकी के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है,विशेषकर हमारी महिला एथलीटों के लिए। यह लीग महिलाओं के खेल और इच्छाशक्ति के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## भारतीय महिला टेनिस टीम की बिली जीन किंग कप में विजयी शुरुआत

चांग्शा। भारतीय महिला टेनिस टीम ने मंगलवार को पेसिफिक ओशिनिया को 3-0 से हराकर बिली जीन किंग कप 2024 एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में आज खेले गये मुकाबले में रुतुजा भोसले और अंकिता रैना ने अपने-अपने एकल मैच जीते, वहीं प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति युगल मुकाबले में विजयी रहे। भोसले ने 42 मिनट तक चले मुकाबले में पेसिफिक ओशिनिया की तरानी कमो पर 6-0, 6-0 से हराया। अंकिता रैना ने साओर्से ब्रीन पर 6-1, 6-3 से जीत दर्ज की। रैना ने पहले सेट में लगातार 10 अंक जीतकर अपना दबदबा कायम किया और एक घंटे नौ मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया। महिला युगल मुकाबले में प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति ने 51 मिनट तक चले मुकाबले में पैसिफिक ओशिनिया की मेहेतिया बूसी और रूबी कॉफिन की जोड़ी को 6-1, 6-3 से हराया।

## अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी देने वाली कोच प्रतिमा बरवा को खिलाड़ियों ने दिया सम्मान पूर्वक विदाई

रांची। झारखंड सरकार खेल विभाग द्वारा संचालित आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र सिमडेगा में विगत 15 वर्षो से अधिक समय तक प्रशिक्षक के रूप में सेवा देने वाली हॉकी कोच प्रतिमा बरवा का स्थानांतरण पिछले माह उनके गृह जिला खूंटी स्थित आवासीय सेंटर खूंटी में हो गया और वे वहा योगदान भी दे चुकी है।



खूंटी में योगदान देने के बाद अपना समान वैगरह लेने के लिए सिमडेगा आयु तब उन्हें जिला प्रशासन सिमडेगा की ओर से खेल विभाग, हॉकी सिमडेगा और हॉकी खिलाड़ियों ने एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान पूर्वक विदाई दिया।

इस अवसर पर उन्हें उनके कमरा से लेकर एस्ट्रोटर्ग हॉकी स्टेडियम तक ढोल, नगाड़ा के बाजे गाजे के साथ दोनो ओर से हॉकी खिलाड़ियों ने हॉकी स्टिक उठाकर उन्हें स्वागत करते हुए,मैदान तक लाए । मैदान में उन्हे बैठाकर उन्हे पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया गया। इसके अलावा हॉकी खिलाड़ियों ने उन्हें स्वहस्ताक्षरित हॉकी स्टिक और बुके भेंट की, तथा उन्हें फूलमाला से लाद दिया गया। जिला प्रशासन सह खेल विभाग को और से जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार एवम अन्य कर्मचारियों ने उन्हें बुके और मोमेंटो देकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा कि मुझे पूर्व से भी जानकारी है और मैं यहां देख भी रहा हूं वे बहुत अच्छा कोचिंग देने के साथ खिलाड़ियों के दुखसुख में भी सहयोग करती है।जिस तरह उन्होंने सिमडेगा में कार्य किया है उसे भुलाया नही जा सकता अभी उनका तबादला सिमडेगा से खूंटी हो गया है और संयोग से वहा का भी खेल पदाधिकारी मैं ही हूं। उनको वहां भी पूरा सहयोग मिलेगा , जिस तरह आपने सिमडेगा को सींचा है हमारी शुभकामनाएं है खूंटी में उसी उत्साह और लगन के साथ हॉकी को सींचकर एक नई ऊंचाई तक पहुंचाएगी।

हॉकी सिमडेगा की ओर से अध्यक्ष मनोज कोनबेगी एवम अन्य पदाधिकारियों ने उन्हे हॉकी स्टिक,बुके और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।साथ ही फलदार पौधे भेंट करते हुए कहा कि जिस तरह आपने विगत 15 वर्षो से भी अधिक समय तक हमलांगो के साथ रहकर सिमडेगा जैसे हॉकी के छोटे पौधे को सींचकर एक फलदार पेड़ बनाया है उसी तरह हॉकी सिमडेगा एक और नया पौधा खूंटी हॉकी को सींचने के लिए भेंट कर रहा है।

# मलेशिया के रेस्तरां में रेड डाल रही पुलिस

### रोजा तोड़ने वालों पर 16 हजार जुर्माना, मुस्लिमों को खाना-पानी बेचने वालों को भी सजा

कुआलालंपुर। रमजान के महीने में मलेशिया में मॉरल पुलिस एक्टिव हो गई है। देशभर में रोजे को बीच में तोड़ने वालों पर 16.65 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जा रहा है। इसके अलावा उन्हें 1 साल जेल की सजा भी दी जा रही है। सड़कों पर गश्त की जा रही है। पुलिस कभी वर्दी तो कभी सादे कपड़ों में खाने-पीने की जगहों पर रेड डाल रही है।



इस दौरान अगर कोई गैर-मुस्लिम व्यक्ति भी एक मुस्लिम को खाना, पानी या तंबाकू बेचते मिलता है, तो उसे सजा होती है। मलेशिया के इस्लामिक डिपार्टमेंट ने इस साल ऐसी 10 जगहों को हॉटस्पॉट के तौर पर चुना है, जहां इस तरह की घटनाएं सबसे ज्यादा हो रही हैं।

### 2023 में 100 मुस्लिमों को रोजा तोड़ने पर जेल हुई

पिछले साल देश के मलक्का राज्य में 100 मुस्लिमों को बीच में रमजान तोड़ने पर गिरफ्तार किया गया था। जबकि साल 2022 में यह आंकड़ा 41 तक सीमित था। दरअसल, मलेशिया की आबादी करीब 3.4 करोड़ है। इनमें से करीब 2 करोड़ लोग मुस्लिम हैं।

इनके लिए शादी, तलाक और रमजान जैसे मौकों पर शरिया कानून का पालन करना जरूरी होता है। सीएनएन न्यूज के मुताबिक, पिछले कुछ सालों में मलेशिया में इस्लाम को लेकर कट्टरवाद बढ़ गया है। इसकी एक बड़ी वजह साल 2022 में मलेशिया में हुए आम चुनाव हैं।

### मलेशिया की इस्लामिक पार्टी को मिली सबसे ज्यादा सीटें

दरअसल, इन चुनाव में मलेशियन इस्लामिक पार्टी को पिछली बार की तुलना में 25 सीटें ज्यादा मिलीं। 222 सदस्यों वाली संसद में PAS 43 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। हालांकि, वो इस वक्त गठबंधन सरकार का हिस्सा नहीं है। चुनाव में अच्छे प्रदर्शन के बाद से देश में PAS पार्टी का दबदबा बढ़ा है।

इसके अलावा पार्टी लीडर हादी अवांग भी एक धार्मिक टीचर हैं जो कड़े शरिया कानून को लागू करने का समर्थन करते हैं। एक अधिकारी ने सीएनएन को बताया कि मलक्का राज्य में इस साल 2023 की तुलना में ज्यादा रेड डाली गई हैं।

### मॉरल पुलिस बोली- इस्लाम की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी

मॉरल पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, रमजान के महीने में इस्लाम की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। हालांकि, हम हर मामले में लोगों को गिरफ्तार नहीं करते। बहुत ज्यादा गर्म दिनों में कई लोगों के लिए पानी पिए बिना रहने बेहद मुश्किल हो जाता है।

इस दौरान सड़क किनारे मौजूद खाने-पीने के स्टॉल, रेस्तरां और पार्क को टारगेट किया गया। इसकी वजह से कई रेस्तरां ने रमजान के महीने में गर्भवती महिलाों को भी खाना देने से इनकार कर दिया।

## भरपूर उत्साह के साथ देखा गया पूर्ण सूर्य ग्रहण

लॉस एंजिलिस। उत्तर अमेरिका में सोमवार को पूर्ण सूर्यग्रहण लगा, जिसे देखने और खुशियां मनाने के लिए स्थानीय लोग और आगंतुक विभिन्न स्थानों पर एकत्रित हुए। पूर्ण सूर्य ग्रहण को उत्तर अमेरिका में लंबे पथ के कारण 'ग्रेट अमेरिकन एक्लिप्स' का नाम दिया गया। यह मैक्सिको, 15 अमेरिकी राज्यों और पूर्वी कनाडा के कुछ हिस्सों में दिखाई दिया। मैक्सिकों के मजाटलान शहर में सबसे पहले पूर्ण सूर्य ग्रहण सोमवार को प्रशांत महासागर के ऊपर देखा गया। पूर्ण सूर्य ग्रहण की शुरुआत प्रशांत समय सुबह 11: 07 बजे मजाटलान में हुई और चार मिनट से थोड़ा ज्यादा समय तक चली। नासा के अनुसार, ग्रहण का पथ मेक्सिको से होकर अमेरिका के टेक्सास होते हुए ओक्लाहोमा, अर्कांसस, मिसौरी, इलिनोइस, केंटुकी, इंडियाना, ओहियो, पेंसिल्वेनिया, न्यूयॉर्क, वरमोंट, न्यू हैम्पशायर और मैने पहुंचा। टेनेसी और मिशिगन के छोटे हिस्से में भी पूर्ण सूर्य ग्रहण देखा गया। नासा के लाइव प्रसारण के अनुसार, मैने राज्य के शहर पूर्ण सूर्य ग्रहण दिखने वाले अंतिम स्थान रहे। विभिन्न स्थानों पर भीड़ ने उत्साह और कोलाहल के साथ इस दृश्य को देखा कि कैसे चंद्रमा ने सूर्य को छिपा दिया है। कुछ स्थानों पर बादलों ने इस मनोरम दृश्य को अवरुद्ध किया, फिर भी लोग उत्साहित दिखे और दिन में थोड़ी देर के लिए अंधेरा होने को लेकर बहुत प्रसन्न नजर आये। पूर्ण सूर्य ग्रहण तब होता है जब चंद्रमा सूर्य और पृथ्वी के बीच से गुजरता है, जिससे सूर्य पूरी तरह से छिप जाता है।

## 09 मई दंगों के 20 दोषी सेना की हिरासत से रिहा

रावलपिंडी। पाकिस्तान में चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) जनरल आसिम मुनीर ने नौ मई के दंगों में शामिल 20 दोषियों को यहां की सेना की हिरासत से रिहा कर दिया। जियो न्यूज ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि अटॉर्नी जनरल उस्मान अवान ने एक साल की सजा पा रहे 20 लोगों की रिहाई के संबंध में उच्चतम न्यायालय को एक रिपोर्ट सौंपी है। सेना प्रमुख ने ईद-उल-फितर से पहले छह और सात अप्रैल को दोषियों को रिहा करने की अनुमति दी। रावलपिंडी के आठ, लाहौर के तीन, गुजरांवाला के पांच, दीर से तीन और मर्दान से एक निवासियों को रिहा किया गया। उच्चतम न्यायालय ने 23 दिसंबर 2023, को सेना अदालत को कम सजा वाले मामले की सुनवाई फिर से शुरू करने की अनुमति दी थी, जिसकी अध्यक्षता न्यायमूर्ति आमिन-उद-दीन खान कर रहे हैं। अटॉर्नी जनरल ने पहले उच्चतम न्यायालय को बताया था कि प्रासंगिक कानूनी प्रावधान के तहत कम समय की सजा पाने वाले दोषियों को लाभ मिल सकता है जबकि लंबे समय से सजा काट रहे, लोगों को सक्षम प्राधिकारी से छूट करने की मांग करनी होगी।

## पीटीआई सदस्यों के हंगामे के बीच नवनिर्वाचित सीनेटरों ने शपथ ली

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में नवनिर्वाचित सीनेटरों ने मंगलवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सदस्यों के शोर-शराबे के बीच शपथ ली तथा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को असंवैधानिक करार दिया। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने आज नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण एवं सीनेट अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए सदन के उद्घाटन सत्र को बुलाया था। जब पीठासीन अधिकारी के रूप में सीनेटर इशाक डार के साथ सत्र की शुरुआत हुई , तो पीटीआई सदस्यों ने विरोध शुरू कर दिया और खैबर पख्तूनख्वा से सीनेटरों के चुनाव तक सदन को स्थगित करने की मांग की। पीटीआई नेता सीनेटर अली जफर ने सदन में सीनेट चुनाव को स्थगित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 59 के अनुसार अध्यक्ष के चुनाव के लिए 96 सदस्यों को सदन में उपस्थित होना आवश्यक है और जब तक सदन पूरा नहीं हो जाता, प्रक्रिया असंवैधानिक रहेगी। उन्होंने कहा, हम इस अवैध चुनाव को तब तक स्वीकार नहीं करेंगे जब तक खैबर पख्तूनख्वा के सीनेटर विधिवत निर्वाचित नहीं हो जाते और यहां मौजूद नहीं होते। पीटीआई के नेता ने कहा कि पंजाब में सीनेट चुनाव आरक्षित सीटों को छोड़कर आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि सदन के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव को विवादास्पद बनाया जा रहा है।

# अमेरिका के ओहायो में अगवा हुए भारतीय छात्र की मौत

अमेरिका के ओहायो में एक भारतीय छात्र की मौत हो गई है। हैदराबाद का रहने वाला 25 साल का मोहम्मद अब्दुल अरफात पिछले 3 हफ्तों से गायब था। न्यूयॉर्क में मौजूद भारतीय एंबेसी के मुताबिक, अब्दुल को किसी ने अगवा कर लिया था।

किडनैपर्स ने हैदराबाद में रह रहे उसके पिता से करीब 1 लाख रुपए की फिरौती भी मांगी थी। साथ ही धमकी दी थी कि अगर पैसे नहीं मिले या पुलिस को खबर दी गई तो वे अब्दुल की किडनी बेच देंगे। उस वक्त भारतीय दूतावास ने कहा था कि वो अब्दुल के घर वालों और लोकल पुलिस के साथ मिलकर उसको ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं।

### भारतीय दूतावास बोला- अब्दुल का शव जल्द भारत भेजेंगे

छात्र की मौत के बाद दूतावास ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए बताया- अब्दुल को ढूंढने के लिए जारी सर्च ऑपरेशन के बीच ओहायो के क्लीवलैंड में उसका शव मिला है। हम इस दुख की घड़ी में उसके परिवार के साथ हैं। हम अधिकारियों के साथ मिलकर अब्दुल की मौत के मामले की जांच कर रहे हैं। उसके शव को जल्द ही भारत भेजा जाएगा।

मोहम्मद अब्दुल ने पिछले साल मई में मास्टर्स की पढ़ाई के लिए क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया था। करीब 3 हफ्ते पहले अब्दुल के पिता मोहम्मद सलीम को एक अज्ञात नंबर से फोन आया था। कॉलर ने कहा कि उनके बेटे को अगवा कर लिया गया है। किडनैपिंग क्लीवलैंड के में ड्रग डीलर्स ने की है। उन्होंने छात्र को छोड़ने के लिए करीब एक लाख रुपए की मांग की थी।

### अमेरिका में इस साल 11 भारतीयों की मौत

हालांकि, अब्दुल के पिता के मुताबिक, किडनैपर्स ने यह नहीं बताया था कि पैसे कैसे भेजने हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका में इस साल भारतीयों की मौत का यह 11वां मामला है। इस दौरान ज्यादातर छात्रों को निशाना बनाया जा रहा है।

## इजरायल ने युद्ध में की सी-डोम नौसैनिक मिसाइल रक्षा प्रणाली की शुरुआत

यरूशलेम ।इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने मंगलवार को कहा कि अकाबा की खाड़ी में स्थित एलाट शहर के क्षेत्र में नयी सी-डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली के उपयोग से पहली बार दुश्मन के लक्ष्य को रोका गया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, एक शत्रु विमान की घुसपैठ के संबंध में एलाट के क्षेत्र में बजने वाले सायरन के बाद आईडीएफ नौसेना बलों ने इजरायली क्षेत्र में प्रवेश करने वाले एक संदिग्ध हवाई लक्ष्य की पहचान की। लक्ष्य को 'सी-डोम' नौसैनिक रक्षा प्रणाली द्वारा सफलतापूर्वक रोक दिया गया था। बयान में कहा गया है कि हमले में किसी को कोई क्षति नहीं पहुंची।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
बुधवार 10 अप्रैल 2024
Www.gauravshalibharat.com

# कांग्रेस की कुटिल चालों से हुआ देश का विभाजन: योगी

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु नानक देव का जन्म जिस भूमि पर हुआ था, वह कभी अखंड भारत का हिस्सा था मगर कांग्रेस के कुटिल चालों से देश का विभाजन हुआ।

ड्रमंड इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित जनसभा में पीलीभीत से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद, बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार के लिए वोट की अपील करते हुये श्री योगी ने मंगलवार को कहा कि स्वर्णिम युग के रूप में भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ग्लोबल पावर बनने की ओर अग्रसर है। हम सभी ने बदलते हुए भारत को देखा है। बदलते भारत में सुरक्षा, सम्मान, विकास परियोजनाएं और गरीब कल्याण योजनाओं का कोई सानी ही नहीं है। गुरु नानक देव का जन्म जिस भूमि पर हुआ था, वह कभी अखंड भारत का हिस्सा था। कांग्रेस के कुटिल चालों से देश का विभाजन हुआ, लेकिन सिख भावना और भारत की आस्था का सम्मान करते हुए श्री मोदी के नेतृत्व में करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण संभव हो पाया।

चैत्र नवरात्र व भारतीय नव संवत्सर की शुभकामनाएं देते हुये श्री योगी ने कहा कि भारत के हिंदू धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों ने खुद को बलिदान कर दिया था। बाल दिवस किसी और दिन पर मनाया जाता था, लेकिन भारत के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले साहिबजादों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए प्रधानमंत्री ने 26 दिसंबर की तिथि को



वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का अवसर दिया। यह आयोजन आज हर जगह हो रहा है।

उन्होने कहा कि पीलीभीत एक ओर कृषि के लिए जाना जाता है तो वहीं अपनी अद्भुत कला के लिए भी जाता है। गन्ना किसान यहां की मिठास को देश-प्रदेश व दुनिया में पहुंचाने का कार्य करते हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया कि किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान अब समय पर हो रहा है, अन्यथा पहले कई-कई वर्ष लगते थे और गन्ना किसान देखता रह जाता था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई सोचता था कि अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो पाएगा, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में यह संभव हो पाया है। भाजपा प्रत्याशियों के लिए विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए मोदी आपके बीच में हैं। दस वर्ष में हमने बदलते भारत में हमने देखा है।

यह आपके एक वोट की कीमत ने किया है। आपका वोट गलत हाथों में जाता था तो भ्रष्टाचार में संलिप्त, सुरक्षा- नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली, आतंकियों को बिरयानी खिलाने वाली, देश में उपद्रव करवाने वाली और अन्नदाता किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाली सरकारें आती थीं।

उन्होंने कहा कि 2014 व 2019 में मतदाताओं ने वोट की कीमत को समझा और मोदी जी के नेतृत्व पर विश्वास किया तो आज हम बदलते हुए भारत को देख रहे हैं। भारत आज पिछलग्गू राष्ट्र नहीं, बल्कि ग्लोबल पावर बन रहा है। भारत की आवाज- फिर एक बार-मोदी सरकार, %अबकी बार-400 पार% के संकल्प के साथ हम सब जुड़ें। सीएम ने आह्वान किया कि चुनाव के दिन पहले तीन घंटे के अंदर खुद भी मतदान करें, साथ ही मतदाताओं को ले जाकर अवश्य मतदान कराएं।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, यूपी सरकार के मंत्री राकेश सचान, बलदेव सिंह औलख, संजय सिंह गंगवार, बरेली के सांसद संतोष गंगवार, भाजपा के पीलीभीत से प्रत्याशी जितिन प्रसाद, बरेली से प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार, पूर्व मंत्री सुरेश राणा आदि मौजूद रहे।

# शिक्षाविद कमल रानी टंडन स्टेडियम का लोकार्पण

## मां के नाम से स्टेडियम का नाम रखकर चार दशक मेहनत को डॉ. वेद टंडन ने किया जीवंत : करनैल सिंह







नई दिल्ली। हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 के शुभ अवसर पर मंगलवार को मोहन गार्डन स्थित शिक्षण संस्थान कमल मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रांतों की संस्कृति की छटा बिखेरी। दिल्ली प्रदेश मंदिर प्रकोष्ठ के संयोजक करनैल सिंह, फ्लावर मंडी के अध्यक्ष डॉ. तेग सिंह, अंतरराष्ट्रीय गोल्फ विशेषज्ञ विकास, पूर्व शिक्षा निदेशक भूपेंद्र सिंह और शैलेन्द्र सारस्वत, कमल, वंदना, गुरुग्राम ट्रिनिटी शिक्षण संस्थान समूह के चेयरमैन डॉ. वेद टंडन, प्रधानाचार्या और सीबीएसई गवर्निंग बॉडी की सदस्या डॉ. वंदना टंडन के अलावा अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में विद्यालय के छात्रों ने सर्वप्रथम नव संवत्सर के महत्व को रेखांकित किया। रामराज्य में अयोध्या के उत्सव का दृश्य, पंजाब के लोक नृत्य भांगड़ा और गिद्दा, असम का बिहू नृत्य तथा महाराष्ट्र का महिषासुर मर्दन नृत्य की अनुपम प्रस्तुति से सभागार झूम उठा।

मुख्य अतिथि करनैल सिंह ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनकी प्रतिभा को सराहा। वही नवनिर्मित स्टेडियम पूज्य माता की स्मृति को समर्पित करने के लिए मैनेजमेंट की भावना को नमन किया। इसके साथ ही करनैल सिंह ने कहा कि कमल रानी टंडन स्टेडियम नाम रखकर डॉ. वेद टंडन ने अपनी मां के शिक्षा में दिए चार दशक मेहनत को हमेशा के लिए जीवंत कर दिया है। उन्होंने बेटा होने का फर्ज बखूबी निभाया है। वही प्रसिद्ध साहित्यकार विनोद बब्बर ने कमल रानी टंडन को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें 70 के दशक का महान शिक्षाविद बताया। उन्होंने कहा कि उन दिनों उत्तम नगर व आसपास के इलाके में काफी संख्या में झुग्गी-झोपड़ी व कलस्टर थे। स्कूल बहुत कम हुआ करता था, तब हमने देखा था कमल रानी टंडन उन गरीब बच्चों तक शिक्षा पहुंचाने का काम किया करती थी। इनसे मैं काफी प्रभावित हुआ था। ऐसी महिला का जन्म सदी में एक बार हुआ करता है।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ नवनिर्मित स्टेडियम कमल, वंदना, गुरुग्राम ट्रिनिटी शिक्षण संस्थान समूह की संस्थापिका कमल रानी टंडन की स्मृति को समर्पित करते हुए उसे शिक्षाविद कमल रानी टंडन स्टेडियम के रूप में लोकार्पित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत स्कूल की डायरेक्टर साक्षी टंडन ने किया। वही स्कूल की एकेडमिक डायरेक्टर प्रोमिला मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## गीता भुक्कल का दावा : विपक्षी पार्टियों के कई विधायक उनकी पार्टी के सम्पर्क में

**ललित कुमार गोठवाल**



पूर्व मंत्री गीता भुक्कल ने दावा किया है कि विपक्षी पार्टियों के कई विधायक उनकी पार्टी के सम्पर्क में है और जल्द ही वह कांग्रेस का दामन थाम सकते है। भुक्कल मंगलवार को अपने निवास स्थान पर झज्जर में कांग्रेस की प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली की जानकारी दे रही थी। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को झज्जर जिला मुख्यालय पर कांग्रेस पार्टी की तरफ से संविधान बचाओ जनआक्रोष रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली में पूर्व सीएम चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, कांग्रेसध्यक्ष उदयभान और राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र हुड्डा विशेष रूप से शामिल होंगे और जनता के नाम अपना संदेश देंगे। यहां आयोजित प्रैसवार्ता के दौरान गीता भुक्कल ने प्रदेश सरकार के मुखिया नायब सैनी पर भी अपना निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनकी भाजपा के कई मंत्रियों व विधायकों से बातचीत हुई है जोकि सीएम की कार्यशैली से नाराज है। उन्होंने एक तरह से सीएम को सलाह देते हुए कहा कि आम जनता को बरगलाने की बजाय सीएम साहब को अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनवानी चाहिए। भुक्कल के अनुसार सीएम को अपनी भाषाई शैली में सुधार करने की बहुत ज्यादा जरूरत है। पूर्व मंत्री ने रोहतक लोकसभा को मोदी बनाम राहुल गांधी चुनाव होने की बजाय अरविंद शर्मा बनाम दीपेन्द्र हुड्डा को चुनाव बताया। उन्होंने कहा कि आज मौजूदा सांसद लोगों के बीच फूल का चुनाव चिन्ह बताकर वोट मांगी जा रही है, जबकि सांसद को अपने चुनाव प्रचार के दौरान अपनी उपलब्धियां गिनवानरी चाहिए की उन्होंने रोहतक लोस से जुड़ी समस्याओं को कितनी बार संसद में उठाया। उन्होंने सांसद ने अपने काम का लेखा-जोखा पेश करते हुए श्वेतपत्र जारी करने की भी बात कही। पूर्व मंत्री विरेन्द्र डूमरखां उनकी पत्नी व सांसद बेटे के कांग्रेस में शामिल होने का स्वागत करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि डूमरखां की फिलोस्पी आरएसएस की विचारधारा पर फिट नहीं बैठती थी, यहीं वजह रहीं कि वह परिवार सहित कांग्रेस में शामिल हो गए।

# लोगों को खूब भा रहा बादली में विधायक कुलदीप वत्स का डोर टू डोर कार्यक्रम

**ललित कुमार गोठवाल**



देश में लोकसभा चुनाव का हवा जोरो शोरो से चल रहा है। कांग्रेस पार्टी के सभी उम्मीदवार और कार्यकर्ता डोर टू डोर कार्यक्रम के माध्यम से लोगों से चुनाव प्रचार करते हुए दिखाई दे रहे हैं। रोहतक लोकसभा सीट सबसे चर्चाओं में बना हुआ है। कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ता भाई दीपेन्द्र सिंह हुड्डा के लिए चुनाव प्रचार करते हुए दिखाई दे रहे हैं। रोहतक लोकसभा के बादली विधानसभा से विधायक कुलदीप वत्स को लगातार डोर टू डोर कार्यक्रम करते हुए देखा जा रहा है। इसी कड़ी में आज बादली विधायक कुलदीप वत्स बादली में अपने चौथी डोर टू डोर में कार्यक्रम के दौरान बादली ग्राम में लोगों से कांग्रेस पार्टी और भाई दीपेंद्र सिंह हुड्डा के लिए प्रचार करते हुए दिखाई दिए। जहां प्रचार के दौरान भारी संख्या में जनता कांग्रेस पार्टी और भाई दीपेंद्र सिंह हुड्डा को समर्थन देते हुए दिखाई दे रही थी। इस दौरान बादली विधायक ने बादली के जनता से कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय और 25 गारंटी प्रत्येक भारतीय को बेहतर भविष्य, समान अवसर और भारत के विकास में उचित हिस्सा प्रदान करने का वादा के बारे में भी बताया। जो कांग्रेस पार्टी की एजेंडा में रखा गया है। रोहतक लोकसभा से भाई दीपेन्द्र सिंह हुड्डा को जीत दिलाने के लिए कुलदीप वत्स अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। कुलदीप वत्स का यह अनोखा अंदाज बादली के जनता को खूब पसंद आ रहा है। यही वजह है कि कुलदीप वत्स पूरे रोहतक में कांग्रेस पार्टी का स्टार प्रचारक के रूप में दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान बादली विधायक ने कहा कि हमारी सरकार ने हमेशा गरीबों के लिए काम किया और आगे भी ऐसा ही होगा।

# भारतीय नव वर्ष उत्सव संपन्न

संस्कार भारती, दिल्ली प्रांत के द्वारा नव वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर सूर घाट, दिल्ली पर भारतीय नव वर्ष उत्सव, विक्रमी संवत 2081 बड़े धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक, प्रज्ञा प्रवाह माननीय श्री जे. नंदकुमार जी का सान्निध्य रहा। मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध नृत्यांगना, पद्म पुरस्कार विभूषित नलिनी-कामिनी जी की उपस्थिति रही।

विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद मनोज तिवारी और पूर्व महापौर श्री हर्ष मल्होत्रा की गरिमा में उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रसिद्ध संतूर वादक श्री अभय सोपोरी जी और उनके साथियों द्वारा अत्यंत माधुर ध्वनि से संतूर वादन किया गया। अन्य कार्यक्रमों में भजन गायन हुआ नृत्य प्रस्तुति हुई और काव्य पाठ भी हुआ। सूर्योदय के समय उपस्थित सभी धर्म



अनुरागी बंधुओ ने भगवान सूर्य को अर्घ दिया और दीपदान किया।

विशिष्ट वक्तव्य देते हुए माननीय श्री जे. नंदकुमार जी ने कहा कि यह भारतीय नव वर्ष मनाने की परंपरा कोई नवीन परंपरा नहीं है।

यह परंपरा युगों-युगों से चली जा रही है। हमारी भारतीय संस्कृति अत्यंत प्राचीन है। इसका अनुकरण हर सनातनी को करना चाहिए। संस्कृति कर संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है।

अपने उद्बोधन में सुप्रसिद्ध नृत्यांगना एवं पद्मश्री नलिनी कामिनी जी ने भी अपना संक्षिप्त उद्बोधन देते हुए सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएँ दीं।

विशिष्ट अतिथि सांसद मनोज तिवारी ने एक भजन प्रस्तुत किया और इस कार्यक्रम के संयोजकों को बहुत-बहुत बधाई देते हुए कहा कि वास्तव में नव वर्ष हम सभी भारतीयों का उत्सव है इसे हमें अवश्य मानना चाहिए।

पूर्व महापौर श्री हर्ष मल्होत्रा जी ने नव वर्ष की सभी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के संयोजक तथा संचालक श्री प्रदीप गुप्ता जाली वाले ने कुशल संचालन किया सह संयोजक श्री विकास मुरारका का सहयोग रहा। इस अवसर पर संस्कार भारती दिल्ली प्रांत के विभिन्न पदाधिकारी, सदस्य एवं समाज के उन्हीं का गाना मान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## शार्ट न्यूज

### नियमित टीकाकरण सुदृढ़ीकरण के लिए आयोजित हुई कार्यशाला



सोनभद्र। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के सुदृढ़ीकरण के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना के संवेदीकरण हेतु एक दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को एक होटल परिसर में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अश्वनी कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि नियमित टीकाकरण के सुदृढ़ीकरण एवं गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों के शत प्रतिशत टीकाकरण हेतु प्लानिंग की आवश्यकता होती है। बिना कार्ययोजना के कोई भी कार्यक्रम सफल नहीं हो सकता। कार्यशाला के संबंध में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (प्रतिरक्षण) डा0 गिरधारी लाल ने बताया कि यह प्रशिक्षण लेने के बाद अधीक्षक / प्रभारी चिकित्साधिकारी, बी0पी0एम0, बी0सी0पी0एम0 अपने-अपने ब्लाक में दिये गये प्रपत्र पर हेड काउंट सर्वे कराकर माइक्रोप्लान तैयार करेंगे। एस0एम0ओ0, डब्ल्यू0एच0ओ0 द्वारा पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से हेडकाउंट सर्वे, प्रपत्रो को भरने एवं माइक्रोप्लान तैयार करने के बारे में विस्तार से बताया।

### देश का नंबर एक धार्मिक केंद्र बनेगा धोपाप

सुलतानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका गांधी ने मंगलवार को कहा कि सुलतानपुर में धोपाप को रामायण सर्किट से जोड़कर देश का नंबर एक धार्मिक केंद्र बनाया जाएगा। अपने संसदीय क्षेत्र में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि अगले पांच साल में सुलतानपुर को उत्तर प्रदेश का नम्बर एक जिला बनाएंगे। सुलतानपुर को चमकाने में कोई कसर नही छोड़ी है। यहां युवाओं के लिए छह करोड़ की लागत से पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम का कायाकल्प हो रहा है। बिना सरकारी मदद के तीर्थराज धोपाप का कायापलट कराया है। धोपाप ब्रांड के प्रोडक्ट से समूह की हजारों महिलाओं को जोड़ा हैं। इससे महिलाएं सशक्त व आत्मनिर्भर बन रही है। श्रीमती गांधी ने कहा देश में मोदी व भाजपा की लहर चल रही है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की योजनाओं ने गरीबों की तकदीर बदली है। उन्होंने कहा मैने यहां सांसद नही सेवक के रुप में काम किया है। गरीबों व मजलूमों की आवाज हूं। मेरे क्षेत्र के एक भी व्यक्ति के साथ कोई अन्याय नहीं कर सकता ।मेरा लक्ष्य विकसित व खुशहाल सुलतानपुर बनाने का है। उन्होने कूरेभार, सेमरी, गोसैसिंहपुर, मोतिगरपुर एवं जयसिंहपुर मंडल में बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया और कहा जिले में 1991 बूथ है।

### भाजपा को चुनाव की बजाय नवीनीकरण की जरुरत

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने मंगलवार को कहा कि अबकी बार 400 पार का नारा दे रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लोकसभा चुनाव में भाग लेने की बजाय अपनी सरकार का नवीनीकरण करा लेना चाहिये। टिकैत ने किसानो की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा आंदोलन से किसान संगठित हुआ है। भातपा नारा दे रही है कि इस बार चार सौ पार तो फिर चुनाव कराने की क्या जरूरत है। इसको रिनीवल करा लो और जनता पर छोड़ दो। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिये राम मंदिर मुद्दा पहले था मगर अब नहीं है। किसान आंदोलन से भाजपा को कोई नुकसान नहीं हुआ है मगर इस आंदोलन से देश का किसान मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि हर राज्य में वह अपनी बात कह रहे हैं। किसान, मजदूर और नौजवान अपनी बात पूरे देश में उठा रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जेल में राजनेताओं के धैर्य की परीक्षा होती है, जो आदमी जेल न गया हो वह नेतागीरी कैसे करेगा। उन्होंने कहा जेल तो सबको जाना पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम लिये बगैर उन्होने कटाक्ष किया यह तो ऐसे राजा है या तो भाजपा में शामिल हो जाओ या तो जेल चले जाओ। दो ही रास्ते हैं।

### बंगाल में लोकतंत्र, संविधान खतरे में : भाजपा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में डायमंड हार्बर में विस्फोट और उसकी जांच के लिए गई राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम पर हमले पर गंभीर चिंता जताई है तथा कहा है कि अपराध एवं भ्रष्टाचार को संरक्षण देकर राज्य में लोकतंत्र और संविधान को खतरे में डाला जा रहा है। भाजपा के प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी का डायमंड हार्बर विस्फोट और एनआईए टीम पर हमले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जो पश्चिम बंगाल में घटना हुई है, वो बहुत दुखद और गंभीर है। डायमंड हार्बर क्षेत्र में जिस प्रकार से हिंसा हुई है और वह बहुत गंभीर बात है। उतने बड़े विस्फोट के आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एनआईए की टीम जाती है तो पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दल पर हमला हो चुका होता है, और अब एनआईए पर हमला होता है। उन्होंने कहा, ये संविधान बचाने के लिए है कि संविधान नष्ट करने के लिए है? उसके बाद मुख्यमंत्री (ममता बनर्जी) किस प्रकार का बयान देती है? साहब वो आधी रात में आए थे बगैर पुलिस को बताए हुए। जबकि मेदिनीपुर के पुलिस अधीक्षक ने साफ कहा कि वो सवेरे आए थे, पुलिस को बता कर गए थे। उन्होंने कहा कि दूसरी बात यह है कि महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार हुआ, जबकि वहां पर वीडियो फुटेज अवेलेबल है कि उनके साथ महिला पुलिस थी।

# दिमाग को तेज करने के लिए बार बार करना चाहिए अभ्यास

## अंतराष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**ललित कुमार गोठवाल**





स्वास्थ्य विभाग द्वारा संवाद भवन में अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस सप्ताह के अंतर्गत जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम एवं सेमिनार का आयोजन सिविल सर्जन डॉ ब्रह्मदीप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम एवं सेमिनार में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में नेशनल ब्रेन रिसर्च सेंटर के निदेशक प्रोफेसर करिशानु रॉय ने उपस्थित जिले भर आए रेड रिबन क्लब अधिकारी, विद्यार्थियों, स्वास्थ्य विभाग के स्टॉफ एवं अधिकारियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिमाग सुचारू रूप से चलने के लिए अहम किरदार निभाना चाहिए जब तक हम बार बार अभ्यास नहीं करते तो समझ लेना चाहिए कि हमें लगातार अभ्यास करने की आवश्यकता है गुस्सा आने पर हमें तुरंत कोई कार्य नहीं करना चाहिए और निर्णय भी नहीं देना चाहिए दिमाग में कई तरह के ऐसे केमिकल निकलते हैं जिसे हमें खतरा हो सकता है जिस तरह बच्चा पढ़ाई करता है और कई बार भूल जाने की आदत बन जाती है तो हमें एकाग्र रहने की आवश्यकता है एकाग्रताबढ़ाने के लिए समय समय पर विशेषज्ञ की सलाह लेनी चाहिए बच्चों का पालन पोषण मां के लिए हम रोल अदा करता है और मां अपने बच्चों के दिमाग को बढ़ाने के लिए सकारात्मक ऊर्जा देने का कार्य करती है।

उप सिविल सर्जन डॉ मनोज कुमार सैनी एवं जिला अर्श काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस सप्ताह के अंतर्गत संवाद भवन में सिविल सर्जन डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम एवं सेमिनार का आयोजन किया गया सेमिनार में नेशनल ब्रेन रिसर्च सेंटर डायरेक्टर प्रोफेसर करिशानु रॉय मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की एवं मुख्य वक्ता के रूप में नेशनल ब्रेन रिसर्च सेंटर से साइंटिस्ट प्रोफेसर पंकज सेठ रहे।

सेमिनार में साइंटिस्ट प्रोफेसर पंकज सेठ ने उपस्थित स्वास्थ्य स्टाफ एवं रेड रिबन क्लब अधिकारी व विद्यार्थियों जागरुक करते हुए बताया कि ब्रेन की खोज करना बहुत ही आवश्यक है दिमाग में कई तरीके के सेल होते हैं जो की ऑर्डर देने का कार्य करते हैं और वह सेल आगे कार्य करने के लिए दिए गए ऑर्डर की खोज करना शुरू कर देते हैं इसलिए अपने दिमाग को हमेशा स्वस्थ एवं खुला रखना चाहिए एवं सकारात्मक रवैया अपनाना चाहिए।

कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे सिविल सर्जन डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि व्यक्ति को आगे बढ़ाने के लिए दिमाग की आवश्यकता रहती है परंतु आज के समय में भाग दौड़ की दुनिया में मोबाइल से पीछा छुड़वाना बहुत मुश्किल है किशोर अवस्था में मोबाइल फोन का नशा छाने लगा है मोबाइल गहरा प्रभाव डालने लगा है ऐसे समय में मोबाइल का नशा सबसे बड़ा माना जाने लगा है इसलिए हम अपने बच्चों को फोन से दूर रहने की लगातार कोशिश करनी चाहिए और शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य देखभाल करनी चाहिए।

## मुर्मु आज करेंगी होम्योपैथिक सम्मेलन का उद्घाटन

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बुधवार को होम्योपैथी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी जिसमें देश विदेश के विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि श्रीमती मुर्मु विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर नयी दिल्ली में दो दिवसीय वैज्ञानिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। सम्मेलन का विषय 'अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ाना एक होम्योपैथिक सम्मेलन' होगा। सम्मेलन का उद्देश्य नैदानिक अभ्यास और स्वास्थ्य कार्यक्रमों में साक्ष्य-आधारित वैज्ञानिक उपचार को बढ़ावा देना, अनुसंधान-आधारित चिकित्सा विज्ञान में होम्योपैथिक को सक्षम बनाना, व्यक्तिगत, सुरक्षित तथा विश्वसनीय स्वास्थ्य देखभाल के लिए आबादी की जरूरतों को पूरा करने वाला स्वास्थ्य देखभाल केंद्र बनाना और होम्योपैथिक चिकित्सा को समृद्ध करना है। सम्मेलन में आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अध्यक्ष डॉ. अनिल खुराना और होम्योपैथी में पद्म पुरस्कार विजेता सम्मेलन में मौजूद रहेंगे।

# तपस्थली सिहावल में विराट रुद्रमहायज्ञ प्रारम्भ हुआ प्रतिपदा से

## वृन्दावन से पधारे कथाव्यास व रासलीला मण्डली द्वारा मंच से होंगे आयोजन

सोनभद्र । काशी से दक्षिण दशवीं शताब्दी में द्वितीयकाशी नाम से ख्यात परिक्षेत्र की सिहावल तपस्थली में नवरात्रि चैत्र प्रतिपदा से विराट रुद्रमहायज्ञ का आरम्भ कलश स्थापना से हुआ। 101 कलश आच्छादित मण्डप में स्थापित किया गया। महायज्ञ के संरक्षक डॉ0 परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव पुष्कर ने बताया कि संत रामनिवास शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित महायज्ञ 9 से 17 अप्रैल तक चलेगा। यज्ञ प्रतिदिन प्रथम प्रहर में होगा जबकि द्वितीय प्रहर में 3 से 6 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा तदुपरान्त सन्ध्या 7 से 11 बजे रात्रि तक नवरात्रि भर रासलीला का मंचन होगा।

संरक्षक डॉ0 परमेश्वर पुष्कर ने दीनबंधु जंगली बाबा भिखारी रमाशंकर गिरि के निर्देशन में संचालित कार्यक्रम के संदर्भ में आगे बताते हुए कहा कि अंतिम दिवस कन्या विवाह कार्यक्रम आयोजित है। कहा कि



जड़ीबूटी से हवन एंव प्रतिदिन भंडारा होता रहेगा।

प्रतिपदा को कलश स्थापना के पश्चात भण्डारा शुरू किया गया जिसमें प्रथम दिवस का भण्डारा उपजिलाधिकारी राजेश सिंह की ओर से प्रदेय रहा।

कलश यात्रा , स्थापना व भण्डारा कार्यक्रम तक आद्योपांत उपस्थित रही अध्यक्ष रामनिवास शुक्ला, यज्ञाचार्य रेवती तिवारी, मोहन तिवारी, वेदान्ती चौबे, अमरनाथ पटेल, विकास चौबे, युगलकिशोर झा, उदित लाल अग्रहरि, लवकुश कुमार, पूर्व चेयरमैन राजेश कुमार बब्लू , यादवेंद्र शुक्ला, परशुराम शुक्ला, मुन्नर यादव, राजनारायण पाल, मुन्ना भण्डारी , तौलन पाल, शिवनारायण पाल, कृपा पाल, रामनयन मिश्र की। यात्रा - भण्डारा , पूजन - आरती व अन्यान्य कार्यक्रम में अनेक गणमान्यजन व श्रद्धालुभक्तों की सम्यक समुपस्थिति रही यज्ञ आयोजन में मन्त्र प्रतिध्वनि के बीच।